बंदै नरदेव कुवलय बलदाई है ।
पावन पद उदार लसति हैं हंसमाल,
दीपति जलजहार दिशि दिशि धाई है ।
तिलक चिलक चारु लोचन कमलरुचि,
चतुर चतुरमुख जग जिय भाई है ।
अमल अँबर लील नील पीत पयोधर,
केशवदास शारदा कि शरद सुहाई है ॥

हेमन्तवर्णन

दो०—तेल तूल तामोल त्रिय ताप तपन रतिवन्त ।
दीह रजनि लघु द्यौस पुनि, शीत सहित हेमन्त ॥

कबित्त

अमल कमलदल लोचन ललित गति,
जारत समीर शीत भीर दीह दुख की ।
चन्द्रकन* खायो जाय चन्दन न लायो जाय,
चंद न चितयो जाय प्रकृति वपुष की ।
घट की घटति जाति घटना घरीहू घरी,
छिन छिन छीन छवि रविमुख सुख की ।
सीकर तुषार स्वेद सोहत हेमन्त ऋतु
किधौं केशौदास त्रिय प्रीतमविमुख की ।।

शिशिरवर्णन

दो०—शिशिर सरस सम वरणिये, केशव राजा रंक ।
नाचत गावत रैन दिन, खेलत हँसत निशंक ।।

कबित्त

सरस असमशर सरसिजलोचनि बिलोकि,
लोकलीक लाज लोपिबे को आगरी ।
ललित लता से बाहु जानि जूनि ज्वान बाल,
विटप उरनि लागे उमँगि उजागरी ।
पल्लव अधर मधु मधुपनि पीवत ही,
रचित रुचिर पिकरुत सुखसागरी ।
इति विधि सदागति बसन गलितवास,
शिशिर की शोभा किधौं वारनारि नागरी ।।

रसिकप्रिया

रसलक्षण

मिलि विभाव अनुभाव पुनि संचारी सुअनूप ।
व्यंग करै थिरभाव जो सोई रस सुखरूप ।।

* Camphor.

शृंगाररसलक्षण

रति मति की अति चातुरी रतिपतिमंत्र बिचार ।
ताही सों सब कहत हैं कवि कोविद शृंगार ॥
शुभ संयोग वियोग पुनि दो शृँगार की जाति ।
पुनि प्रच्छन्न प्रकाश करि दोऊ द्वै द्वै भाँति ॥

प्रच्छन्नसंयोगशृंगार

सो प्रछन्न संयोग अरु कहैं वियोग प्रमान ।
जानैं पीउ प्रिया कि सखि होहि जु तिनहिं समान ॥

प्रकाशसंयोगलक्षण

सो प्रकाशसंयोग अरु कहैं प्रकाशवियोग ।
अपने अपने चित्त में जानै सिगरे लोग ॥

प्रकाशसंयोगउदाहरण । यथा सवैया

केशव एक समय हरि राधिका आसन एक लसे रँगभीनें ।
आनँद सों तियआनन की द्युति देखत दर्पण में दृग दीने ।
भाल के लाल में बाल बिलोकत ही भरि लालन लोचन लीने ।
शासन पीय सवासिन सीय हुताशन में जनु आसन कीनें ॥

राधिका को प्रच्छन्न वियोगशृंगार । यथा सवैया

कीट ज्यों काट त्यों कानन कान सों मानहि में कहि आवत ऊनो ।
ताहि चले सुन के चुप ह्वै गये नीकही केशव एकहि दूनो ।
नेक अटे पट फूटत आँखि सुदेखत हैं कब को ब्रज सूनो ।
काहे को काहू को कीजै परेखो सु जीजे रे जीव कि नाक दै चूनो ॥

राधिका को प्रकाश वियोगशृंगार । यथा सवैया

जिन के मुख को द्युति देखत ही निशिबासर केशव दीठ अटी ।
पुनि प्रेम बढ़ावन की बतियाँ तजि आन कछू रसना न रटी ।
जिनके पद पाणि उरोज सरोज हिये धरि कै पल नैन घटी ।
तिनके सँग छूटत ही फटु रे हिय तोहिं कहा न दरार फटी ॥

कबित्त

शीतल समीर टारि चन्द्रचंद्रिका निवारि
केशौदास ऐसही तो हरष हिरातु है ।
फूलन फैलाइ डार झारि डारि घनसार
चन्दन को डारे चित्त चैागुनो पिरातु है ।
नीरहीन मीन मुरझाइ जीवै नीरही ते
छीर के छिरीके कहा धीरज धिरातु है ।
पाई है तैं पीर कैधैां योहीं उपचार करै
आगि को तो डाढ़ो अंग आगिही सिरातु है ॥

हास्यरसलक्षण

नयन बयन कछु करत जहँ जन को मोद उदोत ।
चतुर चित्त पहिचानियं, तहाँ हास्यरस होत ॥

हास्यरस के भेद

मंदहास कलहास पुनि कहि केशव अतिहास ।
कोविद कवि वर्णत सबै अरु चैाथो परिहास ॥

मंदहासलक्षण

विकसहि नयन कपोल कछु दशन दशन के बास ।
मन्दहास ताको कहै कोविद केशवदास ॥
वर्णत बाढ़े ग्रन्थ बहु कहे न केशवदास ।
औरो रस यों जानियो सब प्रच्छन्न प्रकास ॥

राधा को मन्दहास । यथा सवैया

भेद की बात सुने ते कछू वह मासिक ते मुसुकान लगी है ।
बैठति है तिन में हठि कै जिनकी तुमसों मति प्रेमपगी है ।
जानति हैां नलराज दमंती की दूत कथारस रंग रँगी है ।
पूजैगी साध सबै सुख की बड़भाग की केशव ज्योति जगी है ॥

अपरं च सवैया

जानै को पान खवावत क्यों हूँ गई लगि आँगुली ओंठ नवीने ।
तैं चितयो तबही तिहि भाँति जु लाल के लोचन लीलि से लीने ।

बात कही हर ये हँसिकै सुनि मैं समुझी वै महारस भीने।
जानति हौं पिय के जिय के अभिलाष सबै परिपूरण कीने॥

श्रीकृष्ण को मन्दहास। यथा कबित्त

दशनबसन महँ दरशै दशनद्युति
बरषि मदनरस करत अचेत हो।
झांई झलकति लोल लोचन कपोलनि में
मोल लेत मन क्रम बचन समेत हो।
भौंहैं कहे देत भाउ कहो मेरी भावती के
भावते छबीले लाल मौन कौन हेत हो।
केशव प्रकाश हास हँसि कहा लेहुगे जू
ऐसही हँसे ते तो हियं को हरि लेत हो॥

कलहास-लक्षण

जहँ सुनियें कलध्वनि कछू कोमल बिमल बिलास।
केशव तन मन मोहिये वर्णहु कवि कलहास॥

राधा को कलहास। यथा सवैया

काछे सितासित काछनी केशव पातुर ज्यों पुतरीन बिचारो।
कोटि कटाच्छ नचै गति भेद नचावत नायकनेह निहारो।
बाजत है मृदु हास मृदंग सो दीपति दीपनि को उजियारो।
देखत हो हरि देखि तुम्हैं यह होतु है आंखिन बीच अखारो॥

अपर सवैया

प्रेम घने रसबैन सनं गति नैनन की रस में न भई है।
बालबयक्रम दीपति देह त्रिविक्रम की गति लीलि लई है।
भौंह चढाइ सखीन दुराइ इतै मुसुकाइ उतै चितई है।
केशव पाइहौ आजु भले चितचोर जु काल गुवारि गई है॥

कृष्ण को कलहास। सवैया

आजु सखी हरि तोसों कछू बड़ो बार लों बात कही रसभीनी।
मेलि गरे पटुका पुनि केशव हार हियं मनुहार सों कीनी।

मोंहि अचंभो महा सु हहा कहि बाँह कहा बहु बारन लीनी ।
तैं शिर हाथ दियो उनके उनि गाँठि कहा हँसि आचर दीनी ॥

अतिहासलक्षण

जहाँ हँसै निरशंक ह्वै प्रकटै सुखमुखवास ।
आधे आधे बरन पद उपज परत अतिहास ॥

राधिका को अतिहास । यथा कवित्त

तैसियं जगत ज्योति शीश शीशफूलनि की
चिलकत तिलक तरुणि तेरे भाल को ।
तैसिये दशनद्युति दमकति केशोदास
तैसीये लसत लालकंठ कंठमाल को ।
तैसीयं चमक चारु चिबुक कपोलनि की
तैसो चमकत नाक मोती चल चाल को ।
हरैं हरैं हँसि नेक चतुर चपलनैनी
चित्त चकचौंधे मेरे मदनगुपाल को ॥

कृष्ण को अतिहास । यथा कवित्त

गिरि गिरि उठि उठि रीझ रीझ लागे कंठ
बीच बीच न्यारे होत छबि न्यारी न्यारी सों ।
आपुस में अकुलाइ आधे आधे आखरनि
आछी आछी बातें कहै आछी एक ह्यारी सों ।
सुनत सुहाई सब समुझि परै न कछू
केशौराइ की सौं दुरै देखो मैं दुस्यारी सों ।
तरणितनूजातीर तरुवरतर ठाढ़े
तारी दै दै हँसत कुमार कान्ह प्यारी सों ॥

परिहासलक्षण

जहँ परिजन सब हँसि उठैं तजि दम्पति की कान ।
केशव कौनहुँ बुद्धिबल सो परिहास बखान ॥

राधा को परिहास । यथा सवैया

आई है एक महाबन ते तिय गावत मानों गिरा पगु धारी ।
सुंदरता जनु काम की कामिनि बोलि कह्यो वृषभानुदुलारी ।
गोपि कै ल्याई गुपालहि वै अकुलाइ मिलीं उठि सादर भारी ।
केशव भेंटत ही भरि अंक हँसी सब कीकदै गोपकुमारी ॥१६॥

कृष्ण को परिहास । यथा सवैया

सखि बात सुनो इक मोहन की निकसी मटुकी शिर री हलकै ।
पुनि बाँधि लई सुनिये न तनारु कहूँ कहूँ कुंदकरी छलकै ।
निकसी उहि गैलहु ते जहँ मोहन लीनी उतारि जबै चलकै ।
पतुकी धरि श्याम खिसाइ रहे उत ग्वार हँसी मुख आँचल कै ॥

करुणालक्षण

प्रिय के विप्रियकरन ते आन करुन रस होत ।
ऐसे बरन बखानिए जैसे तरुण कपोत ॥

प्रिया जू को करुणारस । यथा कवित्त

तेज सूर से अपार चन्द्रमा से सुकुमार
शंभु से उदार अति उर धरियतु है ।
इन्द्रजू से प्रभु पूरे रामजू से रणशूरे
कामजू से रूपरूरे हिय हरियतु है ।
सागर से धीर गणपति से चतुर अति
ऐसे अविवेकी कैसे दिन भरियतु है ।
नंद मतिमंद महा यशुदा सों कहौं कहा
ऐसो पूत पाय पशुपाल करियतु है ॥

कृष्ण को करुणारस । यथा कवित्त

चम्पे के सी कली अली केशव सुवास भली,
रूप कैसी मंजरी मधुप मन भाइये ।
देव कैसी बानी अति बानी ते सयानी देव—
राज कैसी रानी जानी जग सुखदाइये ।

काम की कलासी चपलासी काम अभिलासी ,
कमलासी धरे देह पूरे पुण्य पाइये ।
कौन कीने निपट कुजाति जाति ग्वार ऐसी ,
राधिका कुँवरि पर गोरस बिचाइये ॥

रौद्ररसलक्षण

दो०—होहि रौद्ररस क्रोध में, विग्रह उग्र शरीर ।
अरुण वर्ण वर्णत सबै, कहि केशव मतिधीर ॥

प्रियाजू को रौद्ररस । यथा कबित्त

केहरी की हरी कटि करी मृग मीन फणि,
शुक पिक कंज खंजरीट बन लीनो है ।
मृदुल मृणाल बिम्ब चंपक मराल बेल,
कुंकुम रु दाड़िम को दूनो दुख दीनो है ।
जारत कनक तन तनक तनक शशि,
घटत बढ़त बंधुजीव गंधहीनो है ।
केशौदास दास भयो कोविद कुंवर कान्ह,
राधिका कुँवरि कोप कौन पर कीनो है ॥

कृष्ण को रौद्ररस । यथा कबित्त

मीड़ि मारयो कलह बियोग मारयो बोरि कै,
मरोरि मारयो अभिमान भरयो भय भान्यो है ।
सबको सुहाग अनुराग लूटि लीनो दीनो,
राधिका कुँवरि कहँ सब सुख सान्यो है ।
कपट कपट डारयो निपट कै औरन सो,
मेटी पहिचानि मन में हूँ पहिचान्यो है ।
जीत्यो रतिरण मथ्यो मनमथहू को मन,
केशोराइ कौन हूँ पै रोष उर आन्यो है ॥

अथ वीररसलक्षण

दोहा—होहि वीर उत्साहमय, गौर वर्ण द्युति अंग ।
अति उदार गम्भीर कहि, केशव पाइ प्रसंग ॥

प्रियाजी को वीररस । यथा कबित्त

गति गजराज साजि देह की दिपति बाजि,
हाव रथ भाव पतिराजि चल चाल सों ।
लाजसाज कुलकानि शोच पोच भव भानि,
भौहैं धनु तानि बान लोचन बिशाल सों ।
केशौदास मंदहास असि कुचभट भिरे,
भेंट भयं प्रति भट भाले नखजाल सों ।
प्रेम को कवच कसि साहस सहायक लै
जीति रतिरण आजु मदनगुपाल सों ।।

कृष्ण को वीररस । यथा कवित्त

अघ ज्यों उदारि हौ कि बक ज्यों बिदारि हौ जू,
केस ज्यों कि केशौराय केशी ज्यों पछारिहौ ।
हरिहौ कि प्राणनाथ पूतना के प्राणनि ज्यों,
बनते कि वनमाली काली ज्यों निकारिहौ ।
करिहौ बिमद घनबाहन ज्यों घनश्याम,
काहू सों न हारे हरि याही सों क्यों हारिहौ ।
वेही काम काम बर ब्रज की कुमारिकानि,
मारतु हौ नन्द के कुमार कब मारि हौ ।।

अथ भयानकरसलक्षण

दो०—होहि भयानक रस सदा, केशव श्याम शरीर ।
जाको देखत सुनत ही, उपजि परै भय भीर ।।

राधिका को भयानकरस । यथा सवैया

भुवमंडल मंडित कै घन घोर उठे दिवमंडल मंडि घटी ।
घहराति घटा घन वात के संघट घोष घटैन घटी हूँ घटी ।
दशहूं दिशि केशव दामिनि देख लगी पिय कामिनि कंठतटी ।
जनु पारथ पाइ पुरंदर के बन पावक की लपटैं झपटी ।।

कृष्ण को भयानकरस । यथा कबित्त

रिस में बिरस बोल बिष ते सरस होत,
जाने सो प्रवल पित्त दाखै जिन चाखी है ।।

केशौराइ दुख दीवे लायक भयेव तुम,
आजु लहु जी में जाकी आँखें अभिलाषी है ।
सूधे हो सुधारिबे को आयें सिखवन मोहि,
सूधे हू में सूधी बातें मोसों उन भाखी है ।
ऐसे में हौं कैसे जाऊँ दुरिहू धौं देखी जाइ
काम की कमान सी चढ़ाइ भौंह राखी हैं ॥

अथ बीभत्सरसलक्षण

दो०—निंदामय बीभत्स रस, नील बरण वपु तासु,
केशव देखत सुनत ही, तन मन होइ उदासु ॥

राधा को बीभत्सरस । यथा कबित्त

माता ही को मास तोंहि लागतु मीठो मुख,
पियत पिता को लेहू नेक न अघाति है ।
भैयन के कंठनि को काटत न कसकति,
तेरो हियो कैसो है जु कहत सिहाति है ।
जब जब होति भेंट मेरी भटू तब तब,
ऐसी सौहैं दिन उठि खाति न अघाति है ।
प्रेतिनी पिशाचिनी निशाचर की जाई है तू,
केशौराइ की सौं कहु तेरी कौन जाति है ॥

कृष्ण को बीभत्सरस । यथा कबित्त

टूटे टाटि घुन घने धूम धूमसेन सने,
झींगुर छगोड़ी साँप बिच्छिन की घात जू ॥
कंटक कलित त्रिनबलित बिगंध जल,
तिन के तलपतल ताको ललचात जू ॥
कुलटा कुचील गात अंधतम अधरात,
कहि न सकत बात अति अकुलात जू ॥
छेड़ीमे घुसे कि घर ईंधन के घनश्याम,
घर घरनीनि यह जात न घिनात जू ॥

अथ अद्भुतरसलक्षण

दो०—होहि अचंभौ देखि सुनि, सो अद्भुत रस जान,
केशवदास विलासनिधि, पीत वर्ण बपु मान ॥

प्रिया को अद्भुत रस । यथा कवित्त

केशौदास बाल बैस दीपत तरुण तेरी
बाणी लघु बरणत बुद्धिपरमान की ।
कोमल अमल उर उरज कठोर जाति,
अबला पै बलबीर बन्धन विधान की ।
चंचल चितौन चित अचल स्वभाव साधु
सकल, असाध भाव काम की कथान की ।
बेंचत फिरत दधि लेत तिन्हें मोल लेत,
अदभुतरस भरी बेटी वृषभान की ॥

पुनः यथा कवित्त

व्रज की कुमारिका वै लोनें सुक सारिका
पढ़ावै कोककारिकानि केशव सबै निबाहि ।
गोरी गोरी भोरी भोरी थोरी थोरी बैस फिरें,
देवता सी दौरी दौरी आई चोरा चोरी चाहि ।
बिनु गुण तेरी आनि भृकुटी कमान तानि,
कुटिल कटाच्छ बाण यहै अचरज आहि ।
एते मान डीठ ईठ तेरे को अदीठ मन,
पीठ दै दै मारती पै चूकती न कोऊ ताहि ॥

कृष्ण को अदभुत रस । यथा कवित्त

माखन के चोर मधुचोर दधिदूधचोर
देखत हौं देखते ही हियो हरि लेत हैं ।
पुरुष पुराण अरु पूरण पुराण इन्हें,
पुरुष पुराण सु कहत किहि हेत हैं ।
केशौदास देखि देखि सुरन की सुँदरि वे,
करतीं विचार सब सुमति समेत हैं ।

देखि गति गोपिका की भूलि जात निज गति,
अगतिन कैसे धौं परम गति देत हैं ।।

पुनः यथा सवैया

बन मोंहि मिले हुते केशवराइ कहाँ बरणो गुण गूढ़ उधारे ।
यशुदा पै गई तब रोहिणि पै चुटिआहि गुहावत जाइ निहारे ।
घर जाउँ तु सोवत हैं फिर जाउँ तौ नंद पै खात बरा दधि पारे ।
सपने अनसत्त किधौं सजनी घर बाहिर होत बड़े घरवारे ।।

अथ शमरसलक्षण

दो०—सब ते होइ उदास मन, बसै एक ही ठौर ।
ताही सो शमरस कहैं, केशव कवि शिरमौर ।।

श्रीप्रिया जू के शमरस यथा सवैया

देखै नहीं अरविंदनि त्यों चित चंद की आनँदकंद निकाई ।
कामिनि काम कथा करै कानन ताके त्रिधाम की सुंदरताई ।
देखि गई जब ते तुमको तब ते कछु वाहि न देख्यो सुहाई ।
छोड़ैगी देह जो देखे बिना अहो देहु न कान्ह कहूँ ह्वै दिखाई ।।

कृष्ण को शमरस यथा सवैया

खारिक खात न दारौउ दाखन माखन हूँ सह मेटि इठाई ।
केशव ऊख मयूषहि दूखत आई हौं तो पँह छाड़ि जिठाई ।
तो रदनच्छद को रस रंचक चाखि गये करि के हूँ ढिठाई ।
ता दिन ते उन राखी उठाय समेत सुधा बसुधा की मिठाई ।।

अपरं च—कबित्त

दनुज मनुज जीव जल थल जननि को,
परयोई रहत जहाँ काल सों समरु है ।
अनंत अनंत अज अमर मरत पर,
केशव निकस जाने सोई तौ अमरु है ।
बाजतु श्रवन सुनि समुझि शबद करि
बेदनि को बाद नाहीं शिव को डमरु है ।
भागहु रे भागौ भैया भागनि ज्यों भाग्यौ परै
भव के भवन माँझ भय का भँवरु है ।।

---

* शान्त ।

Rahim

Abdurrahīm Khān, Khān Khānān, was one of the ministers of Emperor Akbar. He was a son of Bairam Khān, guardian of Akbar. Abdur Rahīm was a great Sanskrit and Persian scholar but his fame as a Hindi poet rests on his *dohās* on morals which will be given in Book VI. He has also written a book on the *Sāhitya Shāstra*, the *Nāyikā Bhed* in *barwai* metre. In this book only illustrations are given of the various Nāyakas and Nāyikās and few definitions. It is one of the earliest books in Hindi on the subject and is therefore given in extract here.

Rahīm lived for a long time in Allahabad and the poem in Eastern Hindi is a remarkable instance of the preponderance of Awadhi element over Braja Bhāshā in that early period of Hindi literature.

नायिकाभेद

दोहा

कवित कह्यो दोहा कह्यो तुलै न छप्पैछन्द ।
विरच्यो यहै विचारिकै यह बरवै रसछन्द ॥

नायिकालक्षण

बरवै छन्द

स्वकीया मुग्धा

लहरत लहर लहरिया, लहर बहार ।
मोतिन जरी किनरिया, बिथुरे बार ॥
लागेउ आनि नवेलियहि, मनसिजबान ।
उकसन लाग उरोजवा, दृग तिरछान ॥

अज्ञातयौवना

कौन रोग दुहुँ छतियाँ, उपजेउ आय ।
दुखि दुखि उठै करेजवा, लगि जनु जाय ॥

ज्ञातयौवना

औचक आय जोबनवां, मोहि दुख दीन ।
छुटि गो संग गोइँयवाँ, नहिँ भल कीन ॥

नवोढ़ा

पहिरति चूनि चुनरियाँ, भूषन भाव ।
नैनन देति कजरवा, फूलनि चाव ॥

मध्या

रहत नयन के कोरवा, चितवनि छाय ।
चलत न पग पैजनियाँ, मग अहटाय ॥

प्रौढ़ा

भोरहि बोलि कोइलिया, बढ़वति ताप ।
घरि घरि एक घरिअवा, रहु चुपचाप ॥

परकीया

सुनि सुनि कान मुरलिया, रागनभेद ।
गैल न छाँड़ति गोरिया, गनति न खेद ॥
निस दिन सासु ननदिया, मुहि घर हेरि ।
सुनइ न देत मुरलिया, मधुरी टेरि ॥

अनूढ़ा

मोहि बर जोग कन्हैया, लागउँ पाय ।
तुहुं कुलपूज देवतवा, होहु सहाय ॥

सामान्या

लखि लखि धनिक नयकवा बनवति भेख ।
रहि गइ हेरि अरसिया, कजरा-रेख ॥

क्रियाविदग्धा

बाहिर लैके दियवा, बारन जाय ।
सासु नन्द ढिग पहुँचत, देत बुझाय ॥

वचनविदग्धा

तनिक सि नाक नथुनिया, मित हित नीक ।
कहति नाक पहिरावहु, चित दै सींक ॥

लक्षिता

आजु नयन के कजरा, औरै भाँति ।
नागर नेह नबेलिया, सुदिने जाति ॥

अनुशयाना

प्रथमा अनुशयाना

धीरज धरु किन गोरिया, करि अनुराग ।
जात जहाँ पिय देसवा, घन बन-बाग ॥
जनि मरु रोय दुलहिया, करि मन ऊन ।
सघन कुञ्ज ससुररिया, वो घर सून ॥

द्वितीया अनुशयाना

यमुनातीर तरुनियाँ, लखि भो सूल ।
झरिगो रूख बेइलिया, फलत न फूल ॥
ग्रीषम दवत दवरिया, कुंजकुटीर ।
तिमि तिमि तकत तरुनियहि, बाढ़ी पीर ॥

तृतीया अनुशयाना

मितवा करत बसुरिया, सुमन सपात ।
फिरि फिरि करति तरुनिया, सुनि पछतात ॥
मित उत तें फिरि आयउ, लखेउँ न राम ।
मैं न गई अमरैया, लहेउ न काम ॥

मुदिता

जैहैं कालि नेवतवा, भव दुख दून ।
गाँव करसि रखवरिया, सब घर सून ॥
नेवतहि गइलि ननदिया, मैके सासु ।
दुलहिन तोरि खबरिया आवै आसु ॥
जस मदमातल हथिया, हुमकत जाति ।
चितवति जाति तरुनियाँ, मन मुसुकाति ॥
चितवत ऊँच अटरिया, दहिने बाम ।
लाखन लखत बिछियवा, लखी सकाम ॥

अन्यसम्भोगदुःखिता

मैं पठयउँ जिहि कमवाँ, आयसि साधि ।
छुटि गो सीस को जुरवा, कसिके बाँधि ॥
मुहि तुहि हरबर आवत, भव पथखेद ।
रहि रहि लेत उससवा, बहुत प्रसेद ॥

प्रेमगर्विता

आपुहि देत जवकवा, गूँधत हार ।
चुनि पहिराय चुनरिया, प्रानअधार ॥

7

अवरन पायँ जवकवा, नाइन दीन ।
मुहिँ पग आगर गोरिया, आन न कीन ॥

रूपगर्विता

खीन मलिन बिष भैया, औगुन तीन ।
मोहि कहत बिधुबदनी, पिय मतिहीन ॥

प्रोषितपतिका

ते अब जासि बेइलिया, बरु जरि मूल ॥
बिनु पिय सूल करेजवा, लखि तुव फूल ।
का तुम जुगुल तिरियवा, झगरति आय ।
पिय बिनु मनहु अटरिया, मोहि न सोहाय ॥
कासों कहौं सँदेसवा, पिय परदेसु ।
लगेउ चइत नहिँ फूले, तेहि बन टेसु ॥

मुग्धा खंडिता

सिख सिख मानि नबेलिया, कीन्हसि मान ।
पिय बिनु कोपभवनवा, ठानसि ठान ॥
सीस नवाय नबेलिया, निचवइ जोय ।
छिति खनि छोर छिगुँरिया, सुसकति रोय ॥

मध्या खंडिता

गिरि गइ पीय पगरिया, आलस पाय ।
पौढ़हु जाय बरोठवां, सेज डसाय ॥
पोछहु अधर कजरवा, जावक भाल ।
उपजेउ पीतम छतियां, बिनुगुन माल ॥

प्रौढ़ा खंडिता

पिय आवत अंगनैया, उठि कै लीन ।
साथे चतुर तिरियवा, बैठक दीन ॥
पौढ़हु पीय पलंगिया, मीजहुँ पाय ।
रैनि जगे की निंदिया, सब मिटि जाय ॥

परकीया खंडिता

जेहि लगि सजन सनेहिया, छुटि घर बार ।
आपन हित परवरवा, सोच परार ॥

गनिका खंडिता

मितवा ओंठ कजरवा, जावक भाल ।
लियसि काढ़ि बरिइनिया, तकि मनिमाल ॥

मुग्धा कलहान्तरिता

आयहु अबहिं गवनवाँ, जुरुते मान ।
अब रस लागिहिं गोरियहि, मन पछतान ॥

मध्या कलहान्तरिता

मैं मतिमन्द तिरियवा, परलेउँ भोर ।
तेहि नहि कन्त मनवलेउँ, ताहि कछु खोर ॥
थकि गइ मन बनहरिया, फिरिगा पीय ।
मैं रुठि तुरित न लायउँ, हिमकरहीय ॥

परकीया कलहान्तरिता

जेहिं लगि कीन्ह बिरोधवा, नन्द जिठानि ।
रखिउ न लाइ करेजवा, तेहि हित जानि ॥

गनिका कलहान्तरिता

जिहि दीन्हेउ बहु बिरियाँ, मुहि मनिमाल ।
तिहि ते रूठेउ सखिया, फिरि गये लाल ॥

मुग्धा विप्रलब्धा

लखे न कन्त सहेटवा, फिरि दुबराय ।
धनिया कमलबदनियाँ, गइ कुँभिलाय ॥

मध्यमा विप्रलब्धा

देखि न केलिभवनवा, नंदकुमार ।
लैलै ऊँच उससवाँ, है बिकरार ॥

प्रौढ़ा विप्रलब्धा

देखि न कन्त सहेटवा, भो दुख पूर ।
भौ तन नयन कजरवा, ह्वै गै भूर ॥

परकीया विप्रलब्धा

बैरिन भो अभिसरवा, अति दुखदानि ।
प्रातउ मिलेउ न मितवा, भइ पछितानि ॥

गनिका विप्रलब्धा

करिके सोरह सिँगरवा, अतर लगाय ।
मिलेउ न लाल सहेटवा, फिरि पछिताय ॥

मुग्धा उत्कंठिता

भो जुग जाम जमिनिया, पिय नहिं आय ।
राखेउ कवन सवतिया, रहि बिलमाय ॥

मध्या उत्कंठिता

जोहति तीय अवनवां, पिय की बाट ।
बेचेउ चतुर तिरियवा, केहि के हाट ॥

प्रौढ़ा उत्कंठिता

पियपथ हेरति गोरिया, भा भिनुसार ।
चलहु न करिहि तिरियवा, तुव इतबार ॥

परक़ीया उत्कंठिता

उठि उठि जाति खिरिकिया, जोहति बाट ।
कतहुँ न आवत मितवा, सुनि सुनि खाट ॥

गनिका उत्कंठिता

कठिन नींद भिनुसरवा, आलस पाय ।
धन दै मूरख मितवा, रहत लोभाय ॥

मुग्धा वासकसज्जा

सुभग बिछाय पलँगिया, अङ्ग सिँगार ।
चितवति चौंकि तरुनियां, दै दृग द्वार ।

प्रवत्स्यत्प्रेयसी

बन घन फूलहि टेसुवा, बगियनि बेलि ।
चले बिदेश पियरवा, फगुआ फेलि ॥

परकीया प्रवत्स्यत्प्रेयसी

मितवा चलेउ बिदेसवा, मन अनुरागि ।
पिय को सुरति गगरिया, रहि मग लागि ॥

गनिका प्रवत्स्यत्प्रेयसी

प्रीतम इक सुमिरिनिया, मुहि देइ जाहु ।
जेहि जपि तोर बिरहवा, करब निबाहु ॥

अथ मुग्धा आगतपतिका

बहुत दिवस पर पियवा, आयउ आज ।
पुलकित नवल दुलहिया, कर गृहकाज ॥

मध्या आगतपतिका

पियवा आय दुअरवा, उठि किन देख ।
दुरलभ पाय बिदेसिया, मुद अवरेख ॥

प्रौढ़ा आगतपतिका

आवत सुनत तिरियवा, उठि हरषाय ।
तलफत मनहु मछरिया, जनु जल पाय ॥

परकीया आगतपतिका

पूछति चली खबरिया, मितवा तीर ।
हरखित अतिहि तिरियवा, पहिरत चीर ॥

गनिका आगतपतिका

तब लगि मिटहि न मितवा, तन की पीर ।
जौ लगि पहिरों न हरवा, जटित सुहीर ॥

उत्तमा खंडिता

लखि अपराध पियरवा, नहि रिस कीन ।
बिहँसत चँदनचउकिया, बैठक दीन ॥

मध्यमा खंडिता

बिनुगुन पियउर हरवा, उपटेउ हेरि ।
चुप ह्वै चित्र पुतरिया, रहि मुख फेरि ॥

अधमा खंडिता

बेरिहि बेरि गुमनवाँ, जनि करु नारि ।
मानिक औ गजमुकुता, जौ लगि बारि ॥

नायकलक्षण

सुन्दर चतुर धनिकवा, जाति के ऊँच ।
केलिकलापरबिनवाँ, सील समूच ॥

अनुकूल

करत न हिय अपरधवा, सपनेहु पीय ।
मान करन की बिरियाँ, रहिगो हीय ॥

दक्षिण

सौतिन करहिँ निहोरवा, हम कहँ देहु ।
चुन चुन चंपक चुरिया, उच से लेहु ।

शठ

छूटेउ लाज डगरिया, औ कुलकानि ।
करत जात अपरधवा, पर गइ बानि ॥

धृष्ट

जहँवाँ जात रइनिया, तहवाँ जाहु ।
जोरि नयन निरलजवा, कत मुसुकाहु ॥

मानी

अब भरि जनम सहेलिया, तकब न ओहि ।
एंठलिगो अभिमनिया, तजिगो मोहि ॥

चतुर

सघन कुंज अमरैया, सीतल छाँह ।
झगरति आय कोइलिया, पुनि उड़ि जाह ॥
खेलत जानिसि टोलवा, नन्दकिशोर ।
छुइ बृषभानकुँअरिया, होइ गइ चोर ॥

अथ नायकभेद

पति उपपति बैसिकवा, त्रिबिध बखानि ।

पतिलक्षण

बिधि सो ब्याहो गुरजन, पति सो जानि ॥

पति

लैकर सुघर खुरुपिया, पिय के साथ ;
छइबे एक छतरिया, बरसत पाथ ॥

उपपति

झाँकि झरोखवन गोरिया, अँखियन जोर ।
फिरि चितवनि चित मितवा, करति निहोर ॥

बैसिक

जनु अति नील अलकिया, बनसी लाय ।
मो मन बारबधुअवा, मीन बझाय ॥
करि लै ऊँच अटरिया, पिय सँग केलि ।
कब धौं पहिरि गजरवा, हार चमेलि ॥

स्वप्नदर्शन

पीतम मिले सपनवाँ, भो सुखखानि ।
आनि जगायेसि चेरिया, भइ दुखदानि ॥

चित्रदर्शन

पिय मूरति चितसरिया, चितवति बाल ।
चितवत अवध बसेरवा, जपि जपि माल ॥

श्रवनदर्शन

आयउ मीत बिदेसिया, सुनि सखि तोर ।
उठि किन करसि सिँगरवा, सुनि सिख मोर ॥

साक्षात् दर्शन

बिरहिनि अैार बिदेसिया, भौ इक ठैार ।
पियमुख तकत तिरियवा, चन्द चकोर ॥

मंडन

सखियन कीन सिँगरवा, रचि बहु भाँति ।
हेरति नैन अरसिया, मुरि मुसुकाति ॥

शिक्षा

छाकहु बइठ दुअरिया, मीजहु पाय ।
पिय तन पेखि गरमियाँ, बिजन डुलाय ॥
चुप होइ रहेउ सँदेसवाँ, सुनु मुसकाय ।
पिय निज कर बिछवनवाँ, दीन्ह उठाय ॥

॥ इति ॥

Sundar.

Sundar was a Brāhmaṇ of Gwālior and the court poet of Shāhjāhān, Emperor of Delhi, who first gave him the title of Kavirāya and afterwards of Mahākavirāya. The poet refers to his patron in the following lines :—

"तीनि पहर लौं रवि चलैं जाके देसन माहँ ।
जीति लई जगती इती साहिजहाँ नरनाहँ ।।
कुल समुद्र खाई किये कोट तीर के ढाँवँ ।
आठों दिसि यों बस करी ज्यों कीजितु इक गाँव ।।
साहिजहाँ तिन गुनिन को दीने अनगन दान ।
तिन में सुन्दर सुकवि को कियो बहुत सनमान ।।
नग भूषनगन सब दिये हय हाथी सिरपाय ।
प्रथम दियो कविराय पद बहुरि महाकविराय ।।
विप्र ग्वालियर नगर को बासी है कविराज ।
जासोँ साहि मया करै सदा गरीबनेवाज ।।

" Who has conquered so much of the earth, that the sun moves for three pahars in his dominions,

" Who has the eight quarters under his control and governs it as a town making the sea as the ditch and the hills of the coasts as the ramparts,

" That Shāhjāhān has given enormous wealth to the learned and has specially honoured the poet Sundar.

" He has given jewels, ornaments, horses, elephants and *Siropa.*

" He first gave him the title of Kavirāya and afterwards of Mahākavirāya.

"The poet is a Brāhmaṇ of Gwālior and the Emperor is specially kind to him."

He is one of the earliest writers on *Sāhitya* and his work, the *Sundar Sṛingār*, is considered an authority on the subject.

This important work was compiled, as the poet himself says, in 1688 V. E.

संवत सोरह सै बरस बीते अट्ठासीति ।
कातिक सुदि षष्ठी गुरुह रच्यो ग्रंथ करि प्रीति ॥

A *dohā* at the end gives a different date—1668 V. E.

सोरह से अडसठ बरस आशिन सुदि बुध तीज ।
यह सुग्रंथ तादिन भयो सुरस रसन को बीज ॥

Shāhjāhān, however, came to the throne in 1683 V. E. and the latter date does not seem to be correct.

He is possibly the same man who was afterwards granted the tittle of Raja Bikramajit for his gallant conduct in the field of battle.* He is also believed to be the author of a Brajabhāshā version of the *Singhāsan Battisi*, the precursor of Lalluji Lal's Hindustani version.

The accompanying extract is taken from an edition of the *Sundar Sṛingār* published by the Light Press, Benares, in 1865, a copy of which I found in the Bharati Bhawan Library, Allahabad.

---

* *Maasir-ul-Umara*, Beveridge's Translation, page 413.

सुन्दरश्रृंगार

अथ विप्रलम्भलक्षण

विप्रलम्भ श्रृंगार को सुन्दर द्विविध बखानि ।
बिछुरि गयो परदेस पिय एक भेद यह जानि ।
दूजो भेद इहै पिया पीउ बसैं इक गाँउँ ।
सुन्दर डर ते लाज ते हो न सकैं इक ठाउँ ॥

यथा—सवैया

सुख सेज सुगंध सुधाकर सीत समीर सुहात नहीं सखियो ।
कविराज कहै इहि भाँतिनि कैसे बिना जगजीवन जाइ जियो ।
कबहूँ विरहागिन में तचबै कबहूँ दृगनीर में बोरि दियो ।
पिय के बिछुरे हियरा इहिँ काम लोहार के हाथ को लोह कियो ॥

अन्यच्च—कबित्त

सोरा* सों सँवारिके गुलाब माहिँ ओरा डारि
सीतल बयारि हू सों बार बार बरिये ।
चैन न परत छिनु चंपक ते, चंदन ते,
चन्द्रमा ते, चाँदनी ते चौगुनो कै जरिये ।
सुन्दर उसीर चीर ऊजरे ते दूनी पीर,
कमल कपूर कोरि एक ठौर करिये ।
एते मान विरहागि उठी तन माँझ लागि
सोइ होत आगि जोइ आगे लाइ धरिये ॥

अन्यच्च—सवैया

सूल से फूल कलिन्दी को कूल दुकूल सु मूल भयो मरिबे को ।
तंत परयो है बसन्त को सुन्दर, कंत सों अंतर के परिबे को ।

---

* Refers to the process of cooling water by immersing and treating it in a solution of saltpetre, very common before the introduction of ice.

ये तो ऽब औटैं अजान अनंग अचंभो कहा इन के करिबे को ।
तू क्यों जरावै जरो हर तें दुख जानत जो जिय मैं जरिबे को ॥

विप्रलंभ में होत हैं दसौ अवस्था आनि ।
अभिलाषा स्मृति गुनकथन चिंता जड़ता जानि ।
पुनि उद्वेग प्रलाप कहि व्याधि बहुरि उन्माद ।
दसयौं निधन सुकवि कहत जामें कछु न सवाद ॥

अथ अभिलाष ।

पिय के जिय तियमिलन की होत जहाँ अति चाह ।
सुन्दर तासों कहत हैं अभिलाषहि कविनाह ॥

यथा—कबित्त

को ही तेरे साथ आली सुन्दर नई सी ग्वालि
वाकी चितवनि चालि जी तें न टरति है ।
क्यों हूँ वह आवै कहो कैसे आवै अजहूँ तो
सूधेहू न छाती पर आँचरु धरति है ।
हा हा हँसी करि देख मानि हैं तो मानि है न
मानि है तो जानि है जो हँसीये करति है ।
अहो रहो दई ऐसी अबहीं कहाँ ते भई
गौने हूँ न गई लई कैसे धौं परति है ॥

अथ स्मृतिलक्षण

हाव भाव लावन्यतनु तिय को रूप सिँगार ।
बिछुरे ते जहँ सुमिरिये स्मृति को यहै प्रकार ॥

यथा—सवैया

अधरारस लेत लजोहैं से नैन निचोही सी भौंहैं भई जब वै ।
रतिरंग अनंगतरंगनि में तुतुरात सुनी बतियाँ तब वै ।
सुधि आवत सुन्दर ऐसे अनेक सुतोऽब सुभाइ रहो सब वै ।
उर सों मसकै रस के चसके जे लई ससकैं कसकैं अब वै ॥

अथ गुणकथन

बिरह बीच तियगुनन के करिये जहाँ बखान ।
ताही सों इह गुनकथन सुन्दर कहत सुजान ॥

यथा—कबित्त

कुंदन से तन की तनक छबि ताकत ही
सबै सुधि अपने हूँ तन की भुलाति है ।
हीरा मोती मानिक अनारदाने दामिनि ये
सबै रद जबै नेक मुरि मुसुकाति है ।
सुन्दर उसास लेत वाके मुखबास के
सु फूल छोड़ि भौंरपाँति पास मँड़राति है ।
रूप की उज्यारी छिन ढिग तें न कीजै न्यारी
ऐसी वह प्यारी सो बिसारी कैसे जाति है ॥

चिन्तालक्षण ।

प्यारी सों दरसन मिलन कौन भाँति ते होइ ।
पिय सोचै जिय में जु यों चिंता कहिये सोइ ॥

यथा—सवैया

केते बिचार बिचारत जी में, हजारन हों उपचार बनाऊँ ।
ऐसे तो भाग हमारे कहाँ हैं, छबीली की छाती सों छाती छुआऊँ ।
जो इन आपनी आँखिन सों, उन आँखिन कैसहुँ देखन पाऊँ ।
सुन्दर तो गहि कै अपनी पुनि, या चित चिन्तहि मारि मिटाऊँ ॥

अथ जड़तालक्षण ।

तन अचेत जड़ता कहत जे पंडित कविधीर ।
या मैं और न मानिये यहै जानिये गीर ॥

यथा—कबित्त

जबहीं ते देखे लाल तब ते बिहाल बाल
न सुहाति माल तनु ज्वाल ज्यों जरतु है ।

अनल है खायो कि धौं अनलहि खाइ आली
काल सों करै जो बातैं काल सों करतु है।
चित में चितेरी है कि सुन्दर उकेरी है
कि जँजिरन जेरी है ज्यों घरी लौं भरतु है।
मोहन तिहारे नांउ नेक चौंकि परति है
याही तें भरोसो मोहि जीवे को परतु है॥

उद्वेगलक्षण।

जाको काम कलेस तें सुन्दर कछु न सुहात।
भली बात लागै बुरी सो उद्वेग कहात॥

यथा—सवैया

इक तो कलकान करै कबि सुन्दर कोकिल को दिन राति रुतै।
पुनि आइ रहै निसि कोटिक चन्द बढ़ावत हैं सु बिथा बहुतै।
अबहीं वह तानि है बान कमान तू जानति है मनसा के सुतै।
न पसारि बिंदारि दै साज सबै घनसार तुसार उसारि उतै॥

प्रलापलक्षण।

बिरह काम की पीर तें कहै आन की आन।
तासों कहत प्रलाप ते जे कवि हैं सुज्ञान॥

यथा—कबित्त

ताराइन तरुनी के माँग में के मोती फैले
चन्द्रमा सो मानौ चन्द्रमुखी को बदनु है।
खेलत ये खंजन तें ललना के लोचन हैं
चंपक सो मानौ तनु सोभा को सदनु है।
बिदर्यो है दार्यों ताको दांत यह देखियत
सुन्दर दिपत मानों हीरा को रदनु है।
मैं तो अंग अंगना के आछे अवलोकत हौं
तऊ काहि मोहि मीड़े मारतु मदनु है॥

अथ व्याधिलक्षण

सुन्दर वेदन मदन की ताते उपजै पीर ।
होइ दूबरी तन तपै व्याधि कहैं सो धीर ॥

यथा —कबित्त

कुन्दन सो तन वृषभानुजू की नन्दनी को
चंपे को सो फूल पंचबान ही के बान सो ।
जिनके समान उपमा न आन जगत में
सोभा सुख संपति को सुन्दर निधान सो ।
राजत हैं उर पर पयोधर युगुल यों
सोने हूँ ते नीको अति सुमेरु को सानु सो ।
सोइ तचै निस दिन कल न परत छिन
सूकि भयो पिया बिनु पोरो पीरो पानु सो ॥

अथ उन्मादलक्षण

मिलबे की इच्छा करै बनै न मिलनसवादु ।
बिकल होइ या ताप तें सो कहियत उन्मादु ॥

यथा—कबित्त

उमड़ि उमड़ि चलै काहू की न रोकी रहै
जोई जानै सोई कहै ऐसी बिफरति है ।
ह्वै गई है पीरी पानी पान के न होत नीरी
छिनक में सीरी छिन आगि सी बरति है ।
थकी सी चकी सी जकी जकरी सी पकरी सी
सुन्दर धरधराति धीर न धरति है ।
जब तें छबोलेजू के ईछन तीछन देखे
ताछिन ते छींद कैसे छूँइ निकरति है ॥

अथ चेष्टारीति—कबित्त

कैसे धरे रहत रुखाई माई निठुराई
जानै कछू जानत न थोरी बैस बितए ।

आवत अचम्भो इह सुन्दर इतीक ऐसी
काम की कहा तैं घातैं बातैं सीखी कित ए।
कैसे हैं सयाने काहूँ कहूँ नेकहूँ न जानै
केती रही बैठी आस पास उत इत ए।
तीखे दृग कोरन की ओरनि सों देखो दोऊ
चोर जैसैं चातुरी कै चोरीचोरा चितए॥

अन्यत्

पहिले हौं गई नीके बातन लगाइ लई
मैं हूँ जान्यो भली आई आजु बतराति है।
सुन्दर मैं हँसि कै चलाई कामकथा कछू
रीझि रीझि हँसि हँसि मुरि मुसुकाति है॥
ऐसे मैं तिहारो नाउँ लियो जब हौं मैं तब
औरै रङ्ग औरै रीति औरै भई भाँति है।
देखत ही सौंहैं भई डीठि तिरछोहैं वे तो
गई फिरि भौंहैं ज्यों कमान फिरि जाति है॥

अन्यत्—सवैया

कामकथा मैं कही कितनी पुनि कान कियो न कहूँ उन सौंहैं।
जाने न जात ए हैं धौं कहा अवमान गुमान कि रोस रुठौंहैं॥
लीजतु नाम तिहारो जबै तब सुन्दर वा मुरि बैठति यों हैं।
मोरति नारि बिदोरति ओंठनि जोरति नैन निमोरति भौंहैं॥

अन्यत्—कबित्त

बानक सो बनि कै अचानकई आइ करि
हाय भाय चाइन सों चित चोरि लै गई।
* अंबर कपूर मृगमद की तरंग आवै
अंग अंग देखे सुधि सुन्दर सबै गई॥

तिरछे चितैकि नैन तीर से चलाइ पुनि,
घूँघुट बनाइ नारि लटकाइ नै गई ।
चली मृदु मुसुकाइ अधरा कछु डुलाइ
छतियाँ देखाइ छेद छतियाँ में कै गई ॥

अन्यत्—सवैया

सोहत सुन्दर रंग भरे हैं किधौ कहूँ सुद्ध सुधा सों सुधारे ।
चंचल हैं सुचलैं न हलैं न हलाहल खाये सो आलस मारे ।
ऊवत ढीले रँगीले छबीले रसीले किधौं मद सों मतवारे ।
सांची कहौ इन नैननि आज किधौं कहूँ कान्हकुमार निहारे ॥

अन्यत्

नँदनंदन ठाढ़े हैं द्वार भये तहँ सुन्दर मन्दिर ते धसि कै ।
निकली वृषभानुलली जु अलीन मिली सु गली में चली हँसि कै ।
तब ते हरि के दृगतारन माहिँ यों राधे को रूप रच्यो बसि कै ।
मनौ राख्यो है सोने को रंग अनंग सुनार कसौटिन में कसि कै ॥

अन्यच्च—कबित्त

निसि दिन रहै ध्यान वाही कथा बरनत
इहै जिय ज्ञान कहूँ वह प्यारी दरसै ।
अकल विकल मन लालन को पलपल,
सुन्दर ज्यों जल बिन मीन छीन तरसै ।
बाल के विलोके बिन बालम विरह तैसे,
जैसे कुरुखेत बीच दियो दान सरसै ।
छिन हो सु दिन भयो, दिन हो सो पाख भयो,
पाख हो सु मास भयो मास हो सु बरसै ॥

अन्यच्च—सवैया

आवत ज्यों मथुरा में सुने हरि गेहन ते तिय दौरि करी सी ।
लाज को छोड़ि ज्यों डोरी ते टूटत हाथ ते छूटि चली चकरी सी ।
देखत वा सुभ मूरति कों कवि सुंदर यों ही रही पकरी सी ।
हाली न चाली ठगी सी सबै ते छकी सी थकी सी जकी जकरी सी ॥

अन्यच्च—कबित्त

भावत न पानी पान, आकुल व्याकुल प्रान,
गरभ के जे निदान ते सबे लुकावने ।
जेठानी सो कह्यो वहै सासुतन गई डीठि,
तहाँ किये नैननि के पलक चुकावने ।
ये ही बीच पहिलोठी बाल कों विलोकि आली
पूछि उठी एहो तुम्हें होत है उकावने ।
उठी सतराय छबि सुंदर कही न जाय,
झुकि झहराय बोल बोले मुसुकावने ॥

अन्यच्च

प्यारी ज्यों ही आई उठि मोहन मनाई, चलौ,
खेल को सुहाई ऐसी सुजनि किये रली ।
मानो मनुहारि देखो जिय मैं बिचारि तुम,
सुन्दर चतुर नारि नागरी महाभली ।
रहौ जू गुसाईं हम गँवारी हैं ऐसे कहि
कान्हजू से हाथ जोरि पालागन कै चली ।
छबीली की रहै छबि निरखि छबीलो छैल,
छकि सो रह्यो ई रही छकि कै सबै अली ।

अन्यच्च—सवैया

भौंहैं कमान सी बान से नैन कटाछ कटारी सो रूप यों पायो ।
राखे उलट्टि न गोर पयोधर सुन्दर तेग सो हाथ उठायो ।
बेसर नेजा है नाक धुजा, मुखचंद के हाथ निसान गहायो ।
कामिनि के तन मध्य मनैा विधि काम की फौज को साज सजायो ॥

अन्यच्च—कबित्त

माइके माइ में बिन बाहेर दियो न पाइ
सासुरे सु सासु ही के साथ बसियतु है ।
देवर के कान धुनि नेवर की परै जिन
चोर की सी नाई तो अटा में धसियतु है ।

देखिबे की हौसिन परोसिन सदाई रहीं
बोलत ही बोल गरे में कसियतु है ।
सुन्दर कहाँ के कान्ह कासों पहिचान जान,
कका सौंह कहा जानै कैसे हँसियतु है ॥

अन्यच्च—कबित्त

गोरस लै चली मिलि आलिन में ग्वाली एक,
आइ घेरि रह्यो बीच बाट में बिहारी है ।
माँगत जु गात कहि सुंदर रिसात अति,
रूखी भई जाति सतराति देत गारी है ।
आगे गई सखी सब रही वा अकेली जब,
प्यारे कह्यो जाहु हँसि बोली तब प्यारी है ।
जरा उह आँखि जिनि देख्यो भावै और पुनि,
कीजै क्यो न जी की जिय जग पैं जिवारी है ॥

अन्यच्च

कंचन कितोकु कैसी कुंदन समान कीजै
चंपे की निकाई नीची अंग पटतर तें ।
कमल से नैन मन मोहत मनोजहू के
उर में उरोज अति राजत उछरतें ।
थलज को फूल कौन दारिन की कली कहाँ,
बोलत ही चुयो परै सुधा सों अधर तें ।
ऐसी सिलसिली ओप सुंदर कपोलन की ।
खिसिलि खिसिलि परै डीठ जिन पर तें ।

अन्यच्च—सवैया

अलीन के संग चली मिलि कुंजगली में कलीन को हाथ चलायो ।
हँसी सखि सों जब आपु उहाँ हरि हे तुम सुंदर सोधु न पायो ।
कहा कहों ह्वै है री कान्ह तो देखी मैं जान्योई नाहिन काहूँ जनायो ।
वहाउ ये साथ जराउ ये वात दई दई देखो इहाँ है सो आयो ॥

———

Tosh.

Tosh is evidently the same as Toshnidhi of the *Modern Vernacular Literature of Hindustān* and the *Misra Bandhu Binod* and the Toshmani of the *Second Triennial Report on the Search for Hindi Manuscripts* by Pandit Shyam Behari Misra. He is considered a minor poet by Sir George Grierson and described as a Brāhmaṇ of Kampilānagar (B. 1741 A. D.) and the author of three works (1) *Sudhānidhi*, (2) *Byangashataka*, (3) *Nakhsikh*. He is however a great poet and is believed by some to be as great as Dās, and is mentioned both by Harishchandra and Sardār, his contemporary in the court of the Mahārājā of Benares. He was a Brāhmaṇ of Sringaverpur, modern Singrour in Allahabad District, not of Kampilan or Bhṛigmerpur, as inaccurately printed in the *Report*. His other work is the *Binaya Shataka* not the *Byangashataka*.

His great work, the *Sudhānidhi*, an extract from which is given here was written in V. E. 1691 (1634). He was thus a contemporary of Sundar though he was not so fortunate in securing an Emperor for his patron.

उद्दीपनविभाव

सखी-दूती

अथ सखीवर्णन

उद्दीपन में प्रथमही सखी दूतिका होइ ।
जाति जाति की चतुरता बरनत है सब कोइ ॥
इक हितकारिनि दूसरी अन्तरबर्तिनी नारि ।
सखी बिदग्धा तीसरी होति सहचरी चारि ॥

हितकारिणी यथा ।

भूषन करि ढारति चमर आरति लेति उतारि ।
देति दिठौना दीठि उर ईठस्वरूप निहारि ॥

अन्तबर्तिनी यथा

उठी गँजीफा खेल तें लखि प्रीतम को रग ।
चली अली कहि नहि हमैं आवति बासा चंग ॥

पुनः—सवैया

बारन को निरुबारन कै सिर फूल दुकूल सँवारन लागी ।
दन्त नखच्छत देखि कै तेखि कै तोष पियै झझकारन लागी ।
घूँघुरिया कसि पोंछि कपोल अँगोछन सीकर ढारन लागी ।
ढारन पौन लगी चहु ओरन राई औ लोन उतारन लागी ॥

बिदग्धा सखी यथा—सवैया

चन्दन अञ्जन खोइ गयो अरु खोइ गई अधरा की ललाई ।
भींजि गई कुचकंचुकी औ तन में मन में कनकी छबि छाई ।
तोष लखी पट में ठठकी रज बेगि चलै छतिया धरकाई ।
लावति और की और तुम्हैं मैं बतावती जौन अन्हाइ कै आई ॥

पुनः

चन्दन लग्यौ कपोल मै पोंछि डारिये बाल ।
लीक लगैगो ठीक यह लगति फीक सों लाल ॥

सहचरी सखी यथा

सरसै सुख सारसनयनि लखि आरसि लों लाल ।
उठत उठे से तरकि तकि तेरे क्यौं दृग बाल ॥

अथ दूतीलक्षण

उत्तम मध्यम अधम ये होति दूति की जाति ।
हिताहिता हित अहित पुनि बरने कवि षट भाँति ॥

उत्तम दूती यथा—सवैया

तुम रीझहुगी रिझवारने है। लखि मेरियै रीझ परेखहुगी ।
उनके तन को तकितै रहिहै। कहि तोष तके बिन तेखहुगी ।
तिनको सँग छोड़हुगी न कबौं जग को तिनुका करि लेखहुगी ।
पग बन्दहुगी मम चन्दमुखी जबहीं नँदनन्दन देखहुगी ॥

पुनः—कबित्त

आन सो कहत आनि तुम सो कहत आनि,
पीरही की आनि अनिवोई घर घालती ।
कहै कबि तोष निरदोष नन्दलालजूकी,
वैसी प्रीति पाल बाल जैसी प्रीति पालती ।
तोसी कहा कहा ओऊ तेरे बस ह्वै रहो है,
मेरी कही रहो रहै। सौतिनी को सालती ।
ये री ठकुरानी तेरी अकिल भुलानी काहे,
अलिन के पीछे कहूँ लागी फिरै मालती ॥

मध्यम दूती यथा—सवैया

बेलियै। तै। लपटाति तरू नभबेली तरून की को कहै चावरी ।
चैत को चन्द औ मन्द बयारि बितावति क्यौं वलि बादि बिभावरी ।
रंच न रोष करो कहि तोष सुकंचन सी दुति ह्वै गई झावरी ।
अन्त करैगो हहा रति कन्त को कन्त सो रूसै बसन्त मैं बावरी ॥

अधम दूती यथा—कबित्त

आओ जिनि आइबे को गहो जिनि गहिबे को
गहर रहिबे को छोड़ि छोड़ि कै सुनावती ।

खीभहूँ को रीभि भिभिकारिबो मया है अरु ,
रोसै रस ताकों ज्यौं ज्यौं भृकुटी चढ़ावती ।
कहै कवि तोष हाँ को नाहिये कहति नारि,
रावरीसौं तुम सों न भेद मैं दुरावती ।
सुख जे चहोगे तौ न भरम गहोगे लाल,
निपट नवोढ़न की पारसी बतावती ॥

पुनः—सवैया

जोरि दुहून सों ईठि दियो दुहुँ ओर बसीठी कियो परि पावन ।
छावन लागी हिये कहि तोष भये जब एकता भावती भावन ।
हार ह्वै लागी सुनै रतिकुंज सों वैसही कूजि उठै रतिचावन ।
ज्यों ज्यों लगे हियरा मैं भरै पिय त्यों त्यों या लंक लगी लचकावन ॥

दोहा

हिताहितै की हित अहित हिताहिता सो जानि ।
अहितै अहिता कहत हैं उदाहरन मैं मानि ॥

हिता यथा सवैया

वह छूटी लटै लखि जी उलटैं अरु मैन मरूसन नैन नटै ।
कहि तोष छुये कर रंग पटै उछटै पलिका पटिया लपटै ।
गहि घूंघुरिया उर बाहु अटै जुग जंघ जटै मुख नाहीं रटै ।
हरि ल्याउँ नवोढ नई निपटै छपटै छतियाँ उचटैं सी छटै ॥

पुनः

निज गेह ते नंदन के हित नेह तो मोसो दुरी तेहि मेरे अरै ।
थहराइ डरै अरु पाइ परै कहती जिनि जाहिर मोहि करै ।
कहि तोष बिनै लखिवे की किती सो तो हैा हूँ कह्यौ तो जो घात परै ।
चलिकै बलि देखिये बैठी तिया वह भैान के कोन दिया सी बरै ॥

पुनः

बेनी नितंबन पै थहरै लहरै लँहगा मुसरू थनवा के ।
कंचुकी लाल उरोजन औ मुकुता नथुनी मैं बड़े दुनवा के ।

नैन की पैनई ताकत तोष तजै मद मैन पँचैा बनवा के ।
जाइ मिली पनवाँ पहिरे अनवा तिय खेत खरी मनवा के ॥

हिताहित यथा सवैया

लागी सुनै रस की बतियाँ छतियाँ उमहे कुच कंजकली है ।
रूपथली सी अली अब मोहि लगी मिलि आवन कुंजगली है ।
है। हूँ सचानसी लागी हैं। धावन तोष कछू रसरीति रली है ।
पाइ परों धरि धीरज लाल दिना दस जो बकसौ तो भली है ॥

पुनः

मालती कुंज लों बाल को लाल बिलोकिये ल्याई लेवाइ दगादगी ।
सो कित कोब चकोर मुदै मुखचन्द की होति है जोति जगाजगी ।
जीवन को फल लेहु तबै कहि तोष जबै करि देउँ पगापगी ।
कालिह तुम्हैं ब्रजराज मिलाइहैं। आजु करो दगही की लगालगी ॥

पुनः सोरठा

सहल न जानो काजु टहल करौंगी रावरी ।
महल जाउँगी आजु चहल पहल मिटि जान दै ॥

अहित यथा सवैया

भूख तृषा रिसि मान तजे पर है तिन को सहजो न मनैबो ।
हाँथ सो गात सवाँरे बनै कहि तोष सुबात सो प्रेम पगैबो ।
तापर तोलर कै भए कै धरकै को कहै तिन को दुख पैबो ।
लाल कहैं। किरिया करिकै है नई तिरिया चिरिया को फँदैबो ॥

धाय दूती

कोउ दिया सी तिया कहि तोष कोऊ ससि सी कोउ कंचनबेली ।
आवती साँझहि खेलिबे को अँखिमूदनी आदि अराधन बेली ।
धाइहैं। लेति बलाइ हैं। आई बिलोकिये बालनि की कलकेली ।
पूजिहै राधिकासाध सबै निसि आधिक लों हरि होति पहेली ॥

चितेरी दूती यथा

सुनियें सुघर लाल, भई मैं निहाल, हमैं
हाल तेरी सुन्दरता चित्त मैं सँवारने ।

एक नवला है कमला सी बिमला सी मोंसों,
करति निहोरो हौं न जानौं कौन कारने ॥
कहै कवि तोष मों सों कहति अधीन ह्वैहौं,
मोहि यह साँवरे की सूरति निहारने ।
जो तूं लिखि ल्यावै पावै भावै जो विषय तोहि,
मैं तौ तन मन ह्वैहौं तेरे पर वारने ॥

पुनः

तेरेई चित्र के काज हमै कहि तोष सबै बृजराज दये हैं ।
पत्र विचित्र विचित्र बनाइ सिखाइ सबै बहु मोदमये हैं ।
रंग बनावत अंग लगे सर ल्यावत लेखनी काज नये हैं ।
एरी भटू बलि तेरे लिये हरि मेरे चितेरे के चेरे भये हैं ॥

रंगरेजिन दूती यथा

ल्याउ बराबरि कै हरि के तन तौ पहिरो पट बाल कही है ।
लाल सुपेत न पीत चहै चित भावत बाम के स्याम सही है ।
हौं समुझावति हौं कहि तोष सुप्रीति की रीति हिये उमही है ।
रंग रँगीले तिहारियै सौं वह रावरे रंग मैं रंगि रही है ॥

पुनः

वा दिन रंगिबे काज गई लै कहूँ ते गई परि दीठि लला के ।
बूझो जबै तब दीन्ही बताइ सो स्वाति के भाय भये तन ता के ।
लाइ हिये दृग देखि रहे कहि तोष तो प्रेम के आसव छाके ।
केतिक बेर लों कान्हर लै करि कोरि विवेक किये अँगिया के ॥

जड़ियारिन दूती यथा

नग री स्याम जड़ैं जबैं अँगुरी कंचन छाप ।
छबि फबि आवैंगी तबै अबै रहो चुपचाप ॥

कमानगिरिन दूती यथा

चूक रहित गुन सहित अरु अति सुरंग सुखदानि ।
सुथरी सरस कमान की कान्ह देहुँगी आनि ॥

चुरिहारिन दूती यथा

कहि राख्यो ऊ दिन बिना लाल चुरी न सुहाइ ।
करु वापर बलि दोसती कहौ तो ल्याऊँ जाइ ॥

पुनः

सरकै अँग अंग अबै गति सी मिसि की रिसि की सिसिकी भरती ।
करि हूँ हूँ हहा हम सो हरि सों कै कका की सौं मो कर को धरती ।
मुख नाक सिकोरि सिकोरति भौंहनि तोष तबै चित को हरती ।
चुरिया पहिरावत पेखिये लाल तौ बाल निहाल हमैं करती ॥

कोइरिन दूती यथा

वह बारी में थी खरी तुम न मिले बृजराय ।
पूरी देती भोग मैं स्वाद तुम्हैं सरसाय ॥

नटिन दूती यथा

बड़े बंस पर चढ़ि कियो कोटि कला मैं आज ।
बिनै मानि सुखदानि जू बसन देहु बृजराज ॥

तमोलिनि दूती यथा

चम्पक चन्द चमीकर चारु निहारत जा पर वारि बहाऊँ ।
चोली चितै चकचौंधहुगे कहि तोष सुशोभ कहा लौं गनाऊँ ।
लावत चून सुपारिन को अरु तैसो कथै सुख तो मुख लाऊँ ।
कान्ह तिहारियै आनि करौं हित मानो तौ प्रानप्रिया को लै आऊँ ॥

धोबिन दूती यथा

लै जब ध्वावट आवति हैा हरि राधिका को तब भौंर भ्रमै मै ।
मै मत मोहि करै मधुसी कहि तोष न जौ लगि आवति लै दै ।
दै पग पानि तिहारे कहैा बृषभान के भौन को ध्वैवो यहै पै ।
पै जु लगै पहिरे कल कानन सो कलधौत कहा करिये लै ॥

हलुआइनि दूती यथा

लड्डू कतन नित मिस्रित को हेत धरि,
कन्द ते जलेबी हाथ सुघर बनाई है ।

सक्कर जमान मानो गुर लोग जानत न,
रे बड़ी है नीकी अतिरस सरसाई है ॥
कहि कबि तोष गुपचुप अब लीजै चलि,
पेरो जिनि मोती दहि बरन बताई है ।
समुझो कन्हाई मेरी बैन की मिठाई,
अति ऐसी हलुवाई की दुकान एक आई है ॥

नाइनि दूती यथा

कोमल पाय लगे परसे कर लागैं करेरे कहा हम कीजै ।
सीबी सोहाति झुकै झझकात झवाँ जो गुलाबहु को कर लीजै ।
ईंगुर ते रँग सौगुनी लाल कहो तेहि की उपमा केहि दीजै ।
मेरो कहो उर मानि चलो हम साथहि हाथ महाउर लीजै ॥

बारिनि दूती यथा

कानन जाइ रमोगे हरे हरे हेरि महा मृदु पाननि लैये ।
ल्याइ धरै पुनि झारि सवारिहौं साफ कै सूधी सुधारि बनैयें ।
तोष तिहारेही हेत हरी हठि खीलहिगी खरचा कछु पैयें ।
आतुरी जोग न चातुरी सों वह पातरी ऊपर भोग लगैयें ॥

गन्धिनि दूती यथा दोहा

वह बेला को नेह करि ल्याऊँ देउ रिझाइ ।
तबै लेउँगी मोल को अबै कही न बनाइ ॥

मालिनि दूती यथा

हौं गुन आछि बनावत ती तहँ तोष मिलो मन भावत तूठो ।
बूझतहीं तुव नाम सुन्यौ भरि सात्विक भाइ तनोरुह ऊठो ।
जैसी करी उन प्रीति की रीति लखे पलुहै बलि काठ अकूठो ।
कम्पित पाननि पोह्यौ जऊ पै तऊ है गयो तुव हार अनूठो ॥

पटइनि दूती यथा

वह हीरा की धुकधुकी लागे सुन्दर स्याम ।
गोरे तन तेरे तबै छबि फबि आवै बाम ॥

अतिथिनि दूती यथा

जटाजूट जुरो सिर बन्दनै त्रिपुण्ड सम,
चन्दनै बिभूति कंगनै केदार लीन्हो है ।
बैठी मृगछाला सी दुलीचियै बिछाइ बाला,
माला मुकुता की धरे ध्यान अब ईनो है ।
कहै कबि तोष मुनिपट सो सुरंग सारी,
सेली सो हमेल गहि रेशम नबीनो है ।
जोगिनी सी भोगिनी सी भई एक भोगी सुनो,
भोग ही के हेत हरि जोग बन कीनो है ॥

पुनः

लाइ कै बिभूति सीस आसिष सुनाइ बीस,
जीजै जगदीस हमैं दीजै एक सेली जू ।
जाके काज केतो उपकार करि आये बाज,
कहै कबि तोष ते तो बावरी हथेली जू ।
गुर की दोहाई तबै तोहि मैं मिलाई होति,
मोहि ना सुनाई जो परी मनोज जेलो जू ।
दीनो मैं तुकुम मंत्र टुकुमनि ठेलति है,
रुकुम की बेली सी न बेली चारु चेली जू ॥

पुनः

जागति कामछुधा न कबों अति लागति प्रेमसमाधि सहाई ।
आसन लेति अनूपम तोष तबै दुख दोष नहीं समुदाई ।
हा हा बलाइ ल्यौं लीजिये बेगि छप्यौ तम तोहि कह्यौ मै छोहाई ।
भोग मैं मोहन जोग सिखे सिखु तोहि सिखैहौं गुरू की दोहाई ॥

भक्तिनि दूती यथा

छाजत तिलक भुजमूलन छपाइ बैठी,
बैस नव वेष रति ऐसी लगतिनि है ।
चम्पा की कलित कण्ठी रोम अवली की सेली,
पीत पटही सों प्रीति जीतै पग तिनि है ।

कहै कबि तोष एक टोपी है अनोखी ओसे,
ताके हित तो सो जरकस भगतिनि है।
वाके संग वाही के धरमसाला लाल।,
आजु कीजिये भजन जू भली ये भगतिनि है॥

पुनः

वेष वई मन भावति है कहि तोष सुनावति गीत की धीरा।
सन्तत साधु रहैं तेहि पै गुदरै लखि देति सबै तिय चीरा।
मुद्रनि कै सब अंग छपावति आसन बैठि करै जप थीरा।
है भजनीक भली यह भामिनि जाके भजे ते भजै सब पीरा॥

कुंदोरिनि दूती यथा

रंग लसै तेहि को जेहि के ढिग पावत स्याम सरोज जिलोना।
सुन्दरता बरने न बनै छबि नैन लखे लगै मैन खिलौना।
ल्याइहि देउँ तुम्हैं कहि तोष सु तो हित ल्याइहौं वै रति लोना।
भूलि न खेलहुगी कछु खेल जो खेलहुगी वह खूब खिलोना॥

बजाजिनि दूती यथा।

मलमल हाथ पछितैहौ कुच गलित है,
तेरो अति लसै सुठि जोबन सोहाये री।
कहै कबि तोप खासो मीत हरै गाढो सब,
देइगी सुखंमर मैं सुमति सुनाये री।
तुम सी सुसील अरु देत मै न ताफता को,
नैन मुँह मूँदि छवि तासु संचि पाये री।
पैहो तनसुख गजगति मीठे बैन सुनि,
मेरो है कलस ल्याइ चातुर मिलाये री॥

जौहरिनि दूती यथा

वाके कर मेरो नहीं सौदा बनतो लाल।
निज रुपियन मोहर करै मो मुकुता न प्रबाल॥

बागमानिनि दूती यथा

करना जो हित होइ तौ खड़ी सेवती पाइ ।
लाल भलोरे बारिये दुपहरिया को आइ ॥

गनिका दूती यथा

सब गुन पूरो साँचो सुरन मैं सुख ढेरु,
उनहूँ मे रूरी छबि छीनति अनंग की ।
बाँकी तान गावै बेस बाँसुरी बजावै तोष,
मनहि रिझावै करैं बातैं रंग रंग की ।
एक अद्भुत बात यामें सो कही न जाति,
गात थहरात होति सुधि जा प्रसंग की ।
मन की हरनि तैसी बरनी न आवै रति,
मन में उठावै जैसी परनि मृदंग की ॥

अहिरिनि दूती यथा

अजब एक हौं बृज रई ल्याई तेरे हेत ।
नैनू सरस करै यही दही देह मथि लेत ॥

Chintāmani Tripāthi

"Chintāmani Tripāthi is counted as one of the great masters of vernacular composition (साहित्य). The legend in the Doab is that his father used continually to visit a shrine of Devī and to worship her. The shrine is still shown at a distance of a mile from Tikmapur. One day the goddess, being pleased at his devotion, appeared to him, and showing him four skulls promised that they should all be born as sons to him. As a matter of fact so it turned out, and he obtained four sons, *viz.*, (1) Chintāmani, (2) Bhūshan, (3) Mati Ram, and (4) Jatā Shankar *alias* Nīl Kanth. Of these, the last obtained the blessings of a saint and became a poet. The other three studied Sanskrit and became so learned that it is said that their fame will remain to the end of the world. From Mati Ram were descended Sital, Behari Lal, who were alive in 1844, and Ram Din. Chintāmani attended for a long time the court of Bhonslā Makarand Shāh of the Solar race at Nagpur. Under his patronage he composed an important treatise on prosody entitled *Chhand Bichār*. He also wrote *Kāvya Vivēk*, *Kavi-kul-Kalpataru*, *Kāvya Prakāsha*, and a *Rāmayāṇa*. The last is an excellent work in *ghanākshari* and other metres. Amongst his patrons were Rudra Sāhi the Sulanki, the Emperor Shāh Jāhān (1628-1658), and Jain Din Ahmad."*

According to Misra Brothers he was the author of *Bhāshā Pingal*, *Kāvya Vivēk*, *Kavi-kul-Kalpataru*, *Kāvya-prakāsha*, *Rāmāyaṇa*, and *Ras Manjari*. He is supposed to have been born in 1666 V. E. The accompanying extract is taken from *Kavi-kul-Kalpataru*.

---

*Modern Vernacular Literature of Hindustan.

कविकुलकल्पतरु

प्रथम प्रकरण ।

काव्य और उसके गुण

दोहा

जे सुरबानी ग्रंथ हैं तिनको समुझ बिचार ।
चिन्तामणि कवि कहत है भाषा कबितबिचार ॥
बतकहाउ समय जु है कबित कहावै सोइ ।
गद्य पद्य द्वै भाँति सो सुरबानी मैं होइ ॥
छंदनिबद्ध सुपद्य कहि गद्य होत बिन छन्द ।
भाषा छन्दनिबद्ध सुनि सुकवि होत आनंद ॥
मेरे पिंगल ग्रंथ ते समुझौ छंदविचार ।
रीति सु भाषा कबित की बरनत बुधि अनुसार ॥
सगुनालंकारन सहित दोष रहित जो होइ ।
शब्दअर्थ ताको कबित कहत विबुध सब कोइ ॥
जे रस आगे के धरम ते गुन बरने जात ।
आतम के ज्यों सूरतादिक निहचल अवदात ॥
सबै अर्थ तबु बरनिये जीवित रस जिय जानि ।
अलंकार हारादि ते उपमादिक मन आनि ॥
श्लेष आदि गुन सूरतादिक के मानों चित्त ।
बरनों रीति सुभाव ज्यों वृत्ति वृत्ति सी मित्त ॥
पद अनगुन विश्राम सो सज्जा सज्जा जानि ।
रसआस्वादन भेद जे पांक पांक से मानि ॥
कबित पुरुष की साज सब समुझ लोक की रीति ।
गुन विचार अब करत हौं सुनौ सुकवि करि प्रीति ॥

गुणभेद

प्रथम कहत माधुर्य पुनि ओज प्रसाद बखानि।
विविधै गुन तिनमें सबै सुकवि लेत मनमानि ॥
जो सँयोग शृँगार में सुखद द्रवावै चित्त।
सो माधुर्य बखानिये यहई तत्व कबित्त ॥
सो सँयोग शृंगार ते करुन मध्य अधिकाइ।
विप्रलंभ अरु शांत रस तामें अधिक बनाइ ॥
दीप्ति चित्त विस्तार को हेतु ओज गुन जानि।
सु तो वीर बीभत्स अरु रौद्र क्रमादिक मानि ॥
सूखे ईंधन आगि ज्यों स्वच्छ नीर की रीति।
झलकै अच्छर अर्थ जो सो प्रसाद गुन नीति ॥
कोऊ अन्तरभूत इत कोऊ दोषअभाउ
कोऊ दोष त्रिविध गुनै ताते दसन गनाउ ॥
और गुनै जो अर्थ गुन ते न कछू करि मानि।
रचना बरन समान गुन के विंजन के जानि ॥
अनुस्वारजुत बरन जिति सबै वर्ग अठ वर्ग।
मृदु समास माधुर्य की घटना में जु निसर्ग॥

माधुर्य को उदाहरण—सवैया

इक आजु मैं कुन्दनि बेलि लखी मनिमंदिर की रुचि वृन्द भरै।
कुरविन्द के पल्लव इन्दु तहाँ अरबिन्दन ते मकरन्द झरै।
उत बुंदन के मुकतागन ह्वै फल सुन्दर ह्वै पर आनि परै।
लखि यौं दुति कंत अनन्द कला नँदनन्द सिला द्रवरूप धरै ॥

दोहा

बरगन में जो आदिरस तीजो आखर कोइ।
तिनसों योग दुतीय अरु चौथे कौ जो होइ ॥
रेफ जोग सब ठौर जो तुल्य बरन जग जोग।
सघट बरग दीरघ करत जे समास कविलोग ॥

ऐसी घटना ओज की व्यंजक मन मैं आनि ।
सकल सुकवि जन को मतो सुजन लेहु मन जानि ॥
संजोगी उद्धत बरन जो पुनि दिग्धसमास ।
ऐसी रचना करत हैं सुनतहि ओज प्रकास ॥

ओज को उदाहरण

इक पक फल खात इक कूदत किलकत अति ।
चिंतामनि बलवंत इक धावत उद्धतगति ॥
मद दिग्गज कद पक समद गरजत गँभीर धुनि ।
चूरन करत पखान रहे पब्बय मानौ धुनि ॥
उत उमड़ि पूरि गिरिवरधरनि प्रबल जलधि जिमि बिन हटक ।
सम करत सैल मग्गन विकट उदभट मरकटभटकटक ॥

कुंडलिया

बहु कपि भागत निरखि कै हँस्यो प्रगट घनसद्द ।
सद्द करत जगअंत जनु सद्द दिसान बिहद्द ॥
सद्द दिसान विहद्द दरप पलअद्द रसिय ।
रुद्धद्धुकि पद कुद्धरानि बीरुद्ध द्धुनि किय ॥
रच्छ च्छितिधर भच्छ छरक आलच्छ च्छपि छपि ।
गब्ब ब्बिजय अमब्ब विकल आरब्ब ब्बहु कपि ॥

प्रसादलच्छण

दोहा

जा महिं सुनतहि पदन के अर्थबोध मन होइ ।
सो प्रसाद बरनादि इति साधारण सब जोइ ॥

प्रसाद को उदाहरण—कबित्त

साँवरो सलोनो नित बड़ी अँखियान कौ जु
होत आभरन आनि जमुना के तीर कौ ।

चिंतामनि कहै गारी दीजै तो हँसत ढीठ
घसि निकसत पुनि नारिन की भीर कौ।
मैं तो आजु जानी अब लौं न हौं न जानत ही
करतु अनीति जैसी छोहरा अहीर कौ।
पनिघट रोकत कन्हैया याको नाम दैया
खोटो है निपट छोटो भैया बलबीर को॥

प्राचीनोदित गुनन को जैसो कछू प्रकार।
सो यामैं सब लिखत हैं निजमति के अनुसार॥
श्लेष प्रसादै बरन बहु समता नाम बखान।
माधुर्यो सुकुमारता अर्थव्यक्त पहिचान॥
पुनि उदारता ओज गनि कांति समाधौ जानि।
ए वैदर्भी रीति के प्रान दसों गुन मानि॥

श्लेषगुण को लक्षण

बहुत पदन को एक पद समझौ है आभास।
ताको कहत सलेष गुन सिथिलनिबंध बिलास।
श्लेष विकटता पदनि की जो उदारता होइ।
ओज सहित जो सिथिल पदबंध प्रसाद जु कोइ॥
पद अरोह अवरोह सो जोग समाधि प्रकार।
ऐसे ओजहि गनत सब मम्मट बुद्धि विचार॥

श्लेष-सवैया

रामभुजदंड कोदंड मंडलित करि, दिग्ध उद्दंड सरदंड छोड़े।
सकल निसिचरन कौ वृन्द ऐसो हन्यो, प्रबल घन अनिल जनु घन विलोड़े।
अंगरथ आवरन संग महि यों गिरे, हने बहु समर राकस निगोड़े।
गिरे घन घरन के वात आघात लहि, छप्परन संग जनु टूट टोड़े॥

उदारता को लक्षण

जहाँ नृत्य सों करत पद सो उदारता जानि।
अर्थचारुता सहित सो अति मंजुल पहिचानि॥

उदारता को उदाहरण

काननकुंज कलिन्दी के कूलनि कान्ह मिले बछरानिं चरावैं।
हेमनि हेमनि मंडित पै फल फूल प्रवालनि की छबि छावैं।
मंजुल मूरति नाचत गावत कूदत बेनु विषान बजावैं।
साँवरे सुन्दर नन्दकुमारहि या बिधि गोपकुमारि रिझावैं॥

आरोहा अवरोहा समाधि को उदाहरण

हाथ करि चाप रघुनाथ करिहाथ वर,
विसिष दुर्धर्ष दुस्सह चलाये।
चले नभ मूँदि जनु पच्छधरि नाग,
निसिचरन के प्रान बहु पवन खाये॥
दुवनभट विकट आकार उद्भट निपट,
समर पद काटि रिपुगन घटाये।
ध्वजन को छेदि धनु कवचगन भेदि,
धन रक्त उच्छेद बहु छबिन छाये॥

दोहा

ओज विमिश्रत सिथिल पद यह प्रसाद है कोय।
अर्थव्यक्त जहँ उल्लसत वहौ प्रसादौ होय॥

ओज विमिश्रत शिथिलात्मक प्रसाद को उदाहरण

त्रिभुवन घट घट प्रकट प्रकाश पायो,
जोगी जाहि जतन अनल ज्यों अरनि मैं।
चिन्तामनि कहत निगमनि बखानि जाकी,
ज्योति उडगन आदि चन्द्रमा तरनि मैं।
बन में सखानि संग गोधन चरावैं ते वै,
सुख पावैं सावन औ भादौं की भरनि मैं।
सलिल समीप निरमल सिला पर हरि,
खात दधि भात गिरिकन्दरा धरनि मैं॥

अर्थव्यक्त प्रसाद तें अर्थ आनि जो कोइ।
तहाँ जो अर्थव्यक्त सो अलंकार कछु होइ ॥

अर्थव्यक्त को उदाहरण।

कहाँ जागे रैन आये निपट उनीदे हौ जू,
सोइ रहौ प्यारे बिछ्यो आछो परजंक है।
खेलत हे चाँदनी में ग्वालन के संग कहूँ,
ग्वालही को नाम लीजे कहा कछु संक है।
यों ही भलेमानसै लगावती कलंक हौ कै,
देख्यो काहू चिंतामनि रतिहूँ को अंक है।
पीतरङ्ग अंबर सो भयो नील रंग, लाल,
झूठो हौ गुपाल तुम्हें काहे को कलंक है ॥

माधुर्य को उदाहरण

व्यास तें आदि कहैं कवि जे जग ऊपर सोभा समूहविसेखौ।
इन्दु कहा अरबिन्द कहाँ हो गुबिन्द के आनन के सम लेखौ।
तैा सिगरे फल भाग गनौ मन आपन भागन को धनि लेखौ।
तौ पुनि मैन के बानन वारिये वारक नन्दकुमारहि देखौ ॥

जामे पदसम तुलित है सो समता पहिचानि।
या में कहौं प्रकार यौं विषम बन्धु जनि आनि ॥
अर्थ प्रौढ़ मैं जहँ कहत दोष बखान्यों जात।
कहूँ प्रवर्धन मैं जु मग एकै कहा सुहात ॥

समता को उदाहरण

चढ़ै जु तुम सन हरधनुष तौ तुम मैं बल कोइ।
हम सों तुम सों भली विधि दुंद जुद्ध पुनि होइ ॥

उदारता को उदाहरण

काननकुंज कलिन्दी के कूलनि कान्ह मिले बछरानिं चरावैं।
हेमनि हेमनि मंडित पै फल फूल प्रवालनि की छबि छावैं।
मंजुल मूरति नाचत गावत कूदत बेनु विषान बजावैं।
साँवरे सुन्दर नन्दकुमारहि या बिधि गोपकुमारि रिझावैं॥

आरोहा अवरोहा समाधि को उदाहरण

हाथ करि चाप रघुनाथ करिहाथ वर,
विसिष दुर्धर्ष दुस्सह चलाये।
चले नभ मूँदि जनु पच्छधरि नाग,
निसिचरन के प्रान बहु पवन खाये॥
दुवनभट विकट आकार उद्भट निपट,
समर पद काटि रिपुगन घटाये।
ध्वजन को छेदि धनु कवचगन भेदि,
धन रक्त उच्छेद बहु छबिन छाये॥

दोहा

ओज विमिश्रत सिथिल पद यह प्रसाद है कोय।
अर्थव्यक्त जहँ उल्लसत वहौ प्रसादौ होय॥

ओज विमिश्रत शिथिलात्मक प्रसाद को उदाहरण

त्रिभुवन घट घट प्रकट प्रकाश पायो,
जोगी जाहि जतन अनल ज्यों अरनि मैं।
चिन्तामनि कहत निगमनि बखानि जाकी,
ज्योति उडगन आदि चन्द्रमा तरनि मैं।
बन में सखानि संग गोधन चरावैं ते वै,
सुख पावैं सावन औ भादौं की भरनि मैं।
सलिल समीप निरमल सिला पर हरि,
खात दधि भात गिरिकन्दरा धरनि मैं॥

उज्ज्वल बेष बिलासिनी उज्ज्वल जाकी छाँह ।
कंत हेत संकेत को चली चाँदनी माँह ॥

वाक्यार्थ में पदरचना

यह स्यामा सावन निसा सखी मिली है जाहि ।
सो स्यामा अभिसारिका सुकृत सुकृत फल चाहि ॥

एक व्याक्यार्थ में अनेक व्याक्यार्थकथनं ।

ब्राह्मन कहाऊँ कैसे जप तप हीने है के
जनम बितायो है असाधुन के साथ में ।
कौन गृहमेधी जो पै अतिथि न पूजै कैसो
पंडित हैां आन बस भटक्यो अकाथ मैं ।
चिंतामनि कहै कैसे कविपद पाऊँ जो न
कबहूँ गुबिन्द जू को गाऊँ गुनगाथ मैं ।
पतित बनाइ भयो बात जो बनाइ की सो
पतितपावन परमेश्वर के हाथ मैं ॥

वहु वाक्यन को अर्थ जो एक वाक्य में होइ ।
या हूँ प्रौढ़ समास यह बरतन हैं कबि कोइ ॥

अनेक वाक्यार्थन को एक वाक्यार्थ करि कथन रूप—समास गुण को उदाहरण

बाल अधर रद उरज छबि बीज फूल फल ऊट ।
वैससंधि में दाडिमी लई बिचारी लूट ॥
या विधि के वैचित्र्य मे अलंकार कछु होइ ।
ए जो बर्नत अर्थ गुन समुझौ सु तौ न कोइ ॥
साभिप्राय पदनि कथनि ओजअर्थ गुन कोइ ।
अपुष्टार्थ पददोष को इहाँ अभावै होइ ॥

साभिप्राय ओज को उदाहरण

हौं तो हौं अनाथ तुम नाथन के नाथ हौं जू
दीन तुम दीनबन्धु नाम निज कीनो है।
हौं तो हौं पतित तुम पतितपावन वेद
पुरान बखान कछू कह्यो ना नवीनो है।
कब करी सेव हौं जो कहौं मेरी सेवा रीझौं
आपही ते आप रांकै चिन्तामनि लीनो है।
अब तुम्हें मेरी रच्छा करवेही परी राम
रावरे ही मोहि नितु नातौ जोरि दीनो है॥

———

जहाँ अधिक पद परत नहिँ विमलात्मक जु प्रसाद।
सुतो अधिकपददोष को यह अभाव अविवाद॥

अथ गुणप्रसाद को उदाहरण॥

कुंदन दरपन तुलित तनु वसन कुसुंभी रंग।
लसत लालमनि बेलिसी लाल बाल सब अंग॥

———

नयो उक्तवैचित्र जो सो माधुर्य निहारि।
यह अलपी गुन दोष की इहाँ अभाव विचारि॥
चोखी चरचा ज्ञान की आछी मन की जीति।
संगति सज्जन की भली नीकी हरि की प्रीति॥
मंगलमय कोमल अरथ सुकुमारता बखानि।
अमंगलय अस्लील को यह अभाव मन आनि॥
करि लीजै उत्तम क्रिया हरिपद प्रीति विसेख।
रहत सदा उत्तम पुरुष या जग कीरति सेष॥
अर्थ बीज अग्रामता उदारता सो जानि।
ग्रामदोष को सुजन इति इहाँ अभावै मानि॥
मोहि मैन चंडाल यह अदय महा दुख देत।
सुन्दर सो तोपर सदय भलो भाग इत हेत॥

जाको ऐसो रूप है तैसो बरनो होइ।
स्वभावोक्तयलंकार यह अर्थ व्यंग जो कोइ॥
लाल सो जटित लसै ललित लटन बीच
लाल मुख लटकन ललित ललाट को।
बड़ी बड़ी आँखैं नीकी नाक मध्य झलकत
बड़ी मुक्ताहल अतुल छबि ठाट को।
चिंतामनि सोहत है अति अभिराम तन
इन्दीवर स्याम मन हरन निराट को।
चेरी हम तेरी बड़ भागिन जसोदा किल-
कनि लखि ढोठा की बटोही मोहै बाट को॥

रसन ध्यान गुनभूत पुनि व्यंग जहाँ रस होइ।
सुतौ दीप्त रस रूप वह कान्त बखानत सोइ॥

रसधुनि गुणीभूत व्यंग को उदाहरण

(आगे कही वाक्यभेदनिर्णय विषे)

क्रम कौटिल्य जु अप्रगट उपमादिक की युक्ति।
जो घटना यह अर्थ की तहाँ श्लेप की उक्ति॥
कबि चातुरी विचित्रता यह गुन क्यों करि होइ।
अक्रमभंग अभाव वह अवैपम्य गुन कोइ॥

अयोन्यर्थ को उदाहरण

चंद दिपत रमनीय रुचि सरद विमल नभ स्याम।
मानौ कौस्तुभ मनि लसत हरि उर मैं अभिराम॥

अन्यच्छायायोन्यर्थ को उदाहरण

चाप मुकुट पट तडित बगपाँति मुकुतमै दाम।
कनकलता लखि ऊनयो आइ इतै घनस्याम॥

चतुर्थ प्रकरण

दोषवर्णन

शब्द अर्थ रस को जु इत देखि परै अपकर्ष ।
दोष कहत हैं ताहि को सुनं घटतु है हर्ष ॥

दोषगणना

श्रुतिकटु, च्युत जो संस्कृत, अप्रयुक्त, असमर्थ ।
निहतारथ, अनुचितअरथ, और जु होइ निरर्थ ॥
और अवाचक, त्रिविधि पुनि इत अश्लील विचारि ।
संदिग्धो, अप्रतीत, पुनि ग्राम्यनयर्थ निहारि ॥
क्लिष्टो, बहुरि बखानियं विरुधमतिक्रम जानि ।
शब्दन के ए दोष हैं सुजन लेहु मन आनि ॥
कानन कौ जौ कटु लगै श्रुतिकटु दोष सुजान ।
संसकारच्युत होइ सो च्युतसंसकृत सु मान ॥
जो न प्रयोगी सत कविन काची भाषा जान ।
मथुरा मंडल ग्वारियर की परिपक बखान ॥

श्रुतिकटु को उदाहरण

धन्य भयो कृतकृत्य हौं सफल भई है दृष्टि ।
दरस तिहारो पाइ कै हियं भई सुखवृष्टि ॥

काची भाषा को उदाहरण

वाकी सूरत साँवरी सो मोहि लागी नीकि ।
वहै बसति है चित्त मैं और नई सुधि ईकि ॥

मथुरा मंडल ग्वारियर की सुरबानी कोइ ।
जो न प्रयोगी सत कविन अप्रयुक्त है सोइ ॥

अप्रयुक्त को उदाहरण

जब तें देखी भावती तब तें सुख चरचान ।
भिन्न भिन्न तनु जारि हैं मो कन्दरप कवान ॥

असमर्थ को उदाहरण

बन में सोहत कमल अरु राजत सारस हंस ।
सर में अति सुन्दर लसत सरद बालअवतंस ॥

———

द्वै वाचक पद में जहाँ अप्रकृतिहि को बोध ।
सो निहितारथ कहत है चिन्तामनि मन सोध ॥

निहितार्थ को उदाहरण

लोइन ललित बिलास है रकत रूप है हाथ ।
बात कहत कछु मन्दगति चली सखिन के साथ ॥

अनुचित को लक्षण

होइ अनुचितोरथ तहाँ उचित न बरनब होइ ।
ताहि अनुचितारथ कहत पंडित मत कबि कोइ ॥

अनुचित को उदाहरण

मानति नाहीं मैं गई हरि जू बारक आठ ।
बोलति नाहीं ऐठिं के बैठि रही ह्वै काठ ॥

———

छंदै पूरन को जु पद होइ निरर्थक सोइ ।
याको वाचक पदन जो वहै अवाचक होइ ॥
बोलति है यह कोकिला सो पुनि तहँ तू पेख ।
रिसहा पच्छी है सखी तुही बोल पुनि लेख ॥

अश्लील को उदाहरण

वै मारग देखति उहां पाद परी हैं। आइ ।
तू तब कैसी करहि जो बिरह पीउ मरि जाइ ॥

———

जहाँ होतु सन्देह है सो संदिग्ध बखानि ।
शास्त्रहीन में जो कह्यो अप्रतीत सो मानि ॥

संदिग्ध को उदाहरण

कूदत जाके हेतु है ये बिरहै मनु लाइ ।
अति सुन्दर सुन्दर बन्यो हरि देख्यौ किन आइ ॥

अप्रतीति को उदाहरण

तो चितु में चितु है महा तू क्यों बैठी रूठि ।
तै निजु मान कियो भटू ज्यौं मरकट की मूठि ॥

———

होत गँवारी पद जहाँ ग्राम्य कहत हैं ताहि ।
चिंतामनि कबि कहत हैं सुकवि तजत हैं वाहि ॥

ग्राम्य को उदाहरण

चुची जभीरी सी बनी गोल लाल है गाल ।
जाके नैन विशाल वह गरे लगै कब बाल ॥

———

जहँ निषिद्धि की लच्छना सो नेयार्थ बखानि ।

नेयार्थ को उदाहरण

चंदहि हनत चपेट सों तेरो मुख मृदु बानि ॥

जाको अर्थ कष्ट बिना जान्योई नहिं जाइ ।
कै कलेस ते जानिये सो है क्लिष्ट बनाइ ॥

क्लिष्ट को उदाहरण

द्रव्य नास दृग हीन पद आसन रिपु परगास ।
फूल खान ताको सुहृद तीन्यो दूखद तासु ॥

———

सो विरुद्धमतकृत जहाँ जान्यो जाइ विरुद्ध ।
ऐसो कबित न कीजियै है यह्व निपट अशुद्ध ॥

विरुद्धमतकृत को उदाहरण

बड़े प्रवीन सुबुद्धि हैं सदा अकारथ मित्र ।
कहा और संसार में ऐसौ विमल चरित्र ॥

अब वाक्यदोष गणना लिखे हैं

प्रतिकूलाक्षर होत है अरु हतवृत्त बखानि ।
ऊनअधिकपद, कथितपद, प्रततप्रकर्षौ मानि ॥
पुनि समाप्त, पुनरुक्ति कहि चरनांतर पद होइ ।
पुनि अभवन्मत जोग कहि अकथित वाच्यो कोइ ॥
पुनि कहि अस्थानस्थपद, संकीरनौ निहारि ।
गर्भित और प्रसिद्ध हतभंगाक्रम निरधारि ॥
अक्रम, अमत, अपारथौ, वाक्यदोप ए मानि ।
कवि चिन्तामनि कहत हैं सज्जन के मत आनि ॥

———

अक्षर रस अनुकूल नहिं प्रतिकूलाक्षर सोइ ।
कहत विबुध हतवृत्त सो छंदोभंगहि जोइ ॥

प्रतिकूलाक्षर को उदाहरण

कट्टत वट्ट विघट्ट कुच घुट्टिय टुट्टिय मार ।
दंपत जुट्टिय लुट्टि सुख छुट्टिय पट्टिय वार ॥

हतवृत्त को उदाहरण

रूप काम अभिराम तन अमल कमलदल नैन ।
चले जात है। वा गली देत हँसत सखि सैन ।

———

जोइ कर सजा छंद में भलो जो उत्तम होइ ।
जो जाके प्रतिकूल है योहु कहत सब कोइ ॥

चौपाई

धरनी धँसि पातालहि पैठी ।
धूरि इन्द्र के महलन बैठी ॥
सेसनाग फन सहस नवायो ।
साजि सैन जब भूपति धायो ॥

———

सर्व लच्छनन कर सहित सुनत न नीको होइ
यही कहत हतवृत्त हैं जे सज्जन कबिलोइ ॥
कमीन लागत चन्द्र है जामैं कान्ति कमी न ।
ऐसो सुन्दर बदन है बचन समान अमीन ॥

———

जहाँ बरन कै करत है न्यूनाधिक पद होइ ।
चिन्तामनि कवि कहत हैं न्यूनाधिकपद सोइ ॥

न्यूनपद को उदाहरण

वाकी अद्भुत रीति है क्यों काहू सो जानि ।
है सब वपलनि लख्यो परत जहीं तहीं है आनि ॥
कनकलता दामिनि किधौं आपुहि चंपादाम ।
एक लखी वह कामिनी दूजी मनमथ वाम ॥

———

जो पद दीन्हो है कछू वहै बहुरि है जाइ ।
होत कथितपद है तहाँ कविजन सुनहुँ बनाइ ॥

कथितपद को उदाहरण

कोमल मुख वह कमल सों तिरल नैन तिल हास ।
गोरी कोमल देह है सोहत ललित विलास ॥

———

जो आखर आरंभिये तैसे जो निबहै न ।
चिंतामनि कवि कहत है प्रजतकर्ष सो ऐन ॥

प्रजतिप्रकर्षण के उदाहरण

चारु चूनरी चपल चष चौका चमकन चार ।
चतुर चन्द्रबदनी चली गरे पहिर के हार ॥

———

जहँ वाक्यार्थ समाप्त कै बहुरि विसेषै देइ ।
सो समाप्तपुनिरुक्ति है जानि सज्जनै लेइ ॥

समाप्तपुनरुक्ति को उदाहरण

बड़े बार लोइन बड़े छीनोदरि बरनारि ।
दच्छिन दिसि में साँवरी वह सोहति सुकुमारि ॥

———

जहँ जो उत्तरअरध पद पूरबअन्वित होइ ।
अर्धान्तरगतपद सुयों दूषित भाषा कोइ ॥
जामै अन्वय बनत नहिं सो अभवन्मत जोग ।
चिन्तामनि कवि कहत यों सुकवि न करैं प्रयोग ॥

अभवन्मत को उदाहरण

वे मन मोहन ए इतै रची सकल सोभाहि ।
जो वह जोरी सखि मिलै बैन नैन सियराहि ॥

———

जो अवस्य कथनीय सो कह्यो जहाँ नहिं होइ ।
इत अनुक्तकथनीय यह दोष कहत है कोइ ॥ ५२ ॥

अनुक्तकथनीय को उदाहरण

जो पाई नहिं मेनका पाई कामवधू न।
सो यह लाल लट्टू निरखि तू कत लखत भटून ॥

जहाँ होइ संकीर्ण पद सो संकीर्ण बखानि।
एक वाक्य मैं और जहँ सो गर्भित पहिचानि ॥

संकीर्णपद को उदाहरण

पीजै पान न खाइये पानी बोलौ पानि।
पिय हिय ठाऊँ रावरे सुखहि मिलाऊँ आनि ॥

गर्भित को उदाहरण

औरन के अपकार ते खल सों कहूँ मिलाप।
तुम्हहिं सिखाऊँ करहु जनि किये परम संताप ॥

जो पद जा थल चाहियै सो नहिं जा थल होइ।
दूषन अस्थानस्थपद कहत सुकवि जन कोइ ॥
ज्यों पद अस्थानस्थ पद योंही अस्थ समास।
जोनक्रुद्ध की उक्ति मैं कवि की उक्ति प्रकास ॥

अस्थानस्थ पद को उदाहरण

मेरे आगम मान यौं कहियत पिक धुनिवंत।
अलि हुंकृति हंक्रिव कलित आयो अली बसंत ॥

धुनि रवआदि प्रसिद्ध जहँ तहँ दीजिय सोइ।
और भाँति यों रीझिये तो प्रसिद्धहत होइ ॥ ६१ ॥

प्रसिद्धहत को उदाहरण

वा मृगनैनी को सुनत नूपुर कौ निध्वान।
पंचबान अभिमान सौं ताने बान कमान ॥

पूर्वमनुवादेन प्रस्तूय मानोदयः पश्चादन्यत्र विधितः प्रजुज्यमानं प्रतिनिर्देशः ॥

छंद

उद्देस्य प्रति निर्देस थल मैं प्रथम ही जो दीजिये ।
पुनि जाव है कहिवे परै तौ वहै ता थल लीजिये ॥
जा कथितपद की भाँति तै पर्जाय पद तित कीजिये ।
तौ होय प्रक्रमभंग दोष सु सत्य जानि पतीजिये ॥

भंगक्रम को उदाहरण

अरुन उदित रवि होत है अरुनै अथवत आइ ।
संपति विपति बड़ेन की एकै क्रम लखि जाइ ॥
अरुन उदै रवि करत है लालै अथवत आइ ।
ऐसो जो कहियै सुतैा प्रक्रमभंग ह्वै जाइ ॥
जिन बिरंचि जगती रची तिन न रची तू बाम ।
श्रैार लटक श्रैारै ठवनि श्रैारै दुति अभिराम ॥

श्रैार लटक श्रैारे ठवनि ऐसो न करिये सोइ ।
नमत दूसरो अर्थ जहँ अमतपरारथ होइ ॥

अमतपरार्थ को उदाहरण

यहै गहै परदार है परपीतमै सुहाइ ।
सब थल देख्यो मै न है ऐसी सती सुभाइ ॥

बाक्यदोष अर्थदोष गणना

अर्थअयुष्ट, जु कष्ट पुनि व्याहत अरु पुनरुक्त ।
अग्रामो, संसयित पुनि जो न होत संयुक्त ॥
श्रैार प्रसिद्धविरुद्ध पुनि अनवीकत मनगन्य ।
नेमअनेमविहीन पुनि बिन विशेष सामान्य ॥
साकी श्रैा पद युक्ति पुनि सहचर भिन्न विचारि ।
कहिय प्रकाश विरुद्ध पुनि चिंतामनि निरधारि ॥
त्यक्त पुनः स्वीकृत कह्यो पुनि अस्लील बखानि ।
अर्थ दोष या भाँति के अपने मन में आनि ॥ ७२ ॥

अर्थअपुष्ट को उदाहरण

अति विस्तीरन समुद को पार उतरि किन जाइ ।
परि नरवर तुव गुन कथन कियो न जाइ बनाइ ॥

कष्टार्थ को उदाहरण

करन दियो है सूर के या दिन जात बिहात ।
तेग त्याग ते मिटत नहिं साँची बोलत बात ॥ .

सुधि न जहाँ निज कथन की सो व्याहत सज्ञान ।
जो निर्जित कहिये प्रथम सोई पुनि उपमान ॥

व्याहत को उदाहरण

तेरे सम होना तक्यो चन्द्रमुखी यह चंद ।
कमलनयन तो नयन लखि कमला गति दुति मंद ॥

काहू को बरनन करत होइ विरुद्ध प्रकास ।
ताको सोई कहत हैं जाको मन परगास ॥ ७७ ॥

पुनरुक्तार्थ को उदाहरण

मोहि कहत दिल्लीस नहिं रत तरवार नरेस ।
कहत न छिति को समुद सो कित मानौ संदेस ॥

जामें विधि अरु वाद को कथन न नीको होइ ।
विध्यनुवादअयुक्त सो कहत विबुध सब कोइ ॥

विध्यनुवाद को उदाहरण

ज्यौं आयो परदेस ते सुख समूह अधिकात ।
अति प्रज्वरवेधित सखी सोवैगी तुम प्रात ॥

उप संहत करि वाक्य को बहुरि करै अभिधान ।
त्यक्त पुनः स्वीकृत तहाँ कविजन करत बखान ॥

त्यक्त पुनः स्वीकृत को उदाहरण

कालि अली नंदलाल को रूप निरखि अभिराम ।
हौं मोही सुधि बुधि गई मारत तीरन काम ॥

रसदोष

संचारी थाई रसौ शब्द कथित जो होइ ।
अरु अनुभाव कि भाव ते व्यक्त कष्ट ते सोइ ॥
प्रतिकूल विभवादि को गहन आन सम उक्ति ।
मुख को अनुसंधान नहिं अंगहि की बहु जुक्ति ॥
प्रकृतिनि को पुनि विपर्जय अनुमित बरनन जानि ।
चिन्तामनि कवि कहत हैं ए रस दोष बखानि ॥

शब्दकथित संचारी स्थायी रस को उदाहरण

संका दुरजन के हिये याके हिये उछाह ।
अरिन सराहत बीररसअनुरागी नरनाह ॥

विभाव की क्लेश ते व्यक्ति को उदाहरण

थाकी सब सुधि बुधि गई वाहि न कछु विश्राम ।
निसि वासर रोवति रहति कछू न भावै काम ॥

प्रतिकूलोक्ति को उदाहरण

प्यारी हँसि के बात कहि डारि गरे में बाँहि ।
रोस छोड़ मति मान करि जोबन घन की छाँह ॥

अतिशयोक्ति को उदाहरण

भली भई बहुतै अली लागी घर में आगि ।
मेरे कर की गागरी लीन्हीं साजन माँगि ॥

मुख्याननुसन्धान को उदाहरण

मैं चौपर खेलन लगी निसा समै मैं आज ।
बैठी सखी समाज मैं भूलि गये वृजराज ॥

अंग को विस्तार को उदाहरण

कालिन्दी सुन्दर नदी सुन्दर पुलिन सरूप ।
वृन्दावन घन छाँह तकि कुंजनि रूप अनूप ॥

प्रकृतिविपर्यय को उदाहरण

निरखत नैन सहस्र सों सुन्दरता सविसेष ।
रंभा की मघवा दुखित लागत होत निमेष ॥

अनुचितवर्णन को उदाहरण

बिरहिननैनन में सु इमि काजर लसै नवीन ।
बिन देखे पिय के रहे मनौ स्याम मुख कीन ॥
कहूँ कर्नअवतंस इत्यादि पदन को दान ।
संनिधान इत्यादि के बोध होत सज्ञान ॥
जहाँ हेत परसिद्धि है तहँ न रहे तन दोष ।
सब अदुष्ट अनुकरन मैं इन ते नहीं अतोष ॥
चिंतामनि गोपाल को वर्नन करै बनाइ ।
वक्तादिक औचित्य ते दोषौ गुन ह्वै जाइ ॥

———

'Mati Ram Tripati.'

"Mati Rām Tripāthi flourished in 1650-82 A. D. He was a Kānyakubja Brāhmaṇ of Tikmāpur, District Cawnpore. He is considered as one of the best authors of Hindi rhetoric. The following works of his have been found:—

(*a*) *Rasarāja*...A famous work on the classification of heroines.

(*b*) *Sahityasāra*....A booklet on the classification of heroines.

(*c*) *Lakshaṇa Sringāra*....A treatise on various emotions and their corporal expressions." *

His other famous works are (1) *Lalitalalām*, a work on rhetoric, which he wrote in the name of Rao Bhaū Singh, of Bundi (1658-1682; *cf.* Tod, ii, 489; Calc. ed. ii, 527); and (2) Chhandsār, a treatise on prosody, in the name of Fateh Sahi, the Bundela Raja of Srinagar.

We take the following extract from his *Rasarāja*

---

* First Triennial Report of Search of Hindi Manuscripts by B Shyam Sundar Das B. A.

दशनायिका-वर्णन*

दोहा

प्रोषितपतिका खंडिता कलहान्तरिता जानि ।
विप्रलब्ध उतकंठिता वासकसज्जा मानि ।।
स्वाधिनपतिका कहत हैं अभिसारिका सुनाम ।
कही प्रवत्स्यत्प्रेयसी आगतपतिका बाम ।।
दसौ अवस्था भेद सों दसौ नायिका जानि ।
तिनके लच्छण लच्छ यह नीके कहौं बखानि ।।

अथ प्रोषितपतिका-लक्षण

दोहा

जाको पीय विदेश में बिरहविकल तिय होइ ।
प्रोषितपतिका नायिका ताहि कहत सब कोइ ।।

अथ मुग्धा प्रोषितपतिका को उदाहरण

सवैया

बार कितेक सहेलिन के कहे कैसहूँ लेत न बीरी सँवारी ।
राखत रोकि कहै मतिराम चलै अँसुवा अँखियान ते भारी ।
प्रानपियारो चल्यो जब ते तब ते कछु औरही रीति तिहारी ।
पीर जनावति अंगनि में कहि पीर जनावति काहू न प्यारी ।।

दोहा

पियवियोग तियदृगजलधि जलतरंग अधिकाय ।
बरुनिमूलबेला परसि, बहुरयो जात बिलाय ।।

---

* अवस्थानुसार भेद ।

अथ मध्याप्रोषितपतिका को उदाहरण

कवित्त

चन्द के उदोत होत नैन चन्द्रकान्त, कन्त
छायो परदेश देह दाहनि दहतु है ।
उसीर गुलाबनीर करपूर परसत,
विरह की पीर हिये ज्वालनि जगतु है
लाजनि ते कछु न जनावे काहू सखिन सों,
उर को उदारि अनुराग उमँगतु है ।
कहा कहौं मेरी बीर उठिहै अधिक पीर,
सुरभि समीर सीरो तीर सो लगतु है ॥

दोहा

बहू दूबरी होत क्यों, यों बूझी जब सासु ।
उत्तर कढ़यो न बालमुख, ऊँची लई उसासु ॥

अथ प्रौढ़ा प्रोषितपतिका को उदाहरण

कबित्त

विरह तिहारे लाल बिकल भई है बाल,
नींद भूख प्यास सिगरी बिसारियतु है ।
बैरि की सी बात, चन्द्रमाहूँ ते छिपाइयतु,
बसननि तानिके बयारि बारियतु है ।
कवि मतिराम कलाधर की सी कलाछीन,
जीवनविहीन मीन सी निहारियतु है ।
बार बार सुकुमार फूलन की माल ऐसी,
मार के मसूसनि मरोर मारियतु है ॥

दोहा

चन्द्रकिरण लगि बाल तनु उठै आगि यों जागि ।
दुपहर दिनकरकर परसि ज्यों दरपन में आगि ॥

अथ परकीप्रोषितपतिका को उदाहरण

सवैया

ह्वां मिलि मोहन सों मतिराम सुकेलि करी अति आनँदवारी ।
तेई लता द्रुम देखत दुःख चले अँसुआ अँखियान ते भारी ।
आवति हो यमुनातट को नहिं जानि परै बिछुरे गिरिधारी ।
जानति हौं सखि आवन चाहत कुंजन ते कढ़ि कुंजबिहारी ॥

दोहा

लाज छुटी, गेहौ छुट्यो, सब सों छुट्यो सनेह ।
सखि कहियो वा निठुर सों रही छूटिबे देह ॥

अथ गणिकाप्रोषितपतिका को उदाहरण

सवैया

आली सिँगारतिहै हठ मोपर लागत अङ्ग सिँगार अङ्गारो ।
पीरी परी तन में मतिराम चलै अँखियान ते नीरपनारो ।
सोहै नहीं मनभावन, नायक आवत जो बहुते धनवारो ।
वारिविलासिनि को बिसरै न बिदेसगयो पिय प्राणपियारो ॥

दोहा

धन के हेतु विलासिनी रहै सँभारे बेस ।
जो तिय के हिय में बसै, सो पिय बसै विदेस ॥

अथ खंडिता-लक्षण

दोहा

पियतन औरहि नारि के, रति के चिह्न निहारि ।
दुखित होइ सो खंडिता, वर्णत सुकवि बिचारि ॥

अथ मुग्धाखण्डिता को उदाहरण

सवैया

लाल तुम्हैं कहुँ और तिया की लख्यो अँगिया में लगावत चोवै ।
ता छिन ते मतिराम न खेलति, बूझे सखीनहूँ सों दुख गोवै ।
पानख को लिखै पानिनखै तिमि शीश नवाय के नीचे ही जोवै ।
बाल नवेलि न रूसिबो जानति भीतर मौन मसूसनि रोवै ॥

दोहा

बाल सखिन की सीखते मान न जानति ठानि ।
पिय विन आगम भौन में बैठी भौंहैं तानि ॥

अथ मध्याखंडिता को उदाहरण

कबित्त

जावक लिलार और अंजन की लीक सोहै,
खैयन अलीक लोक लीकन बिसारिये ।
कवि मतिराम छाती नखछत जगमगे,
डगमगे पग सूधे मग में न धारिये ।
कसकैं उधारत हौ पलक पलक याते,
पलका में पौढ़ि श्रम राति को निवारियें ।
अटपटे बैन मुख बात न कहत बनै,
लटपटे पेच सिरपाग के सुधारियें ॥

दोहा

कोऊ करै कितेकहू, तजौ न टेव गोपाल ।
निशि औरन के पग परौ, दिन औरनि के लाल ॥

अथ प्रौढाखंडिता को उदाहरण

सवैया

प्रीतम आये प्रभात प्रिया मुसक्याय उठी दृग सों दृग जोरे ।
आगे ह्वै आदर कै मतिराम कहै मृदु बैन सुधारसबोरे ।
ऐसे सयान सुभायन हीं सों मिली मनभावन सों मन मोरे ।
मान गो जान सुजान तबै अँगिया की तनी न छुटी जब छोरे ॥

दोहा

आदर दै पिय सों मिली, तिय हिय राखि सयान ।
दृढ़ गहि बाँधी कंचुकी, समुझायो मन मान ॥

अथ परकीया खंडिता को उदाहरण

सवैया

रावरे नेह की लाज तजी अरु गेह के काज सबै बिसरायो।
डारि दयो गुरु लोगन को डर गाँव चवाई में नाम धरायो।
हेतु कियो हम जो तो कहा तुम तो मतिराम सबै बिसरायो।
कोउ कितेक उपाय करो कहुँ होत है आपनो पीउ परायो॥

दोहा

हमसों तुमसों लाल इत नयननहीं को नेह।
उत प्यारी के दृगन के सलिल सींचियत देह॥

अथ गणिकाखंडिता को उदाहरण

सवैया

ह्याँ हमसों मिलिबो ठहराइ कै सैन कहूँ अनतै ही करीजै।
भोरही आय बनाय कै बातन चातुर ह्वै बिनती बहु कीजै।
ऐसिये रीति सदा मतिराम सों कैसे पियारेजू प्रेम पतीजै।
सौंह न खाइये जाइये ह्याँ ते न मानिहौं तौहूँ जो लाखन दीजै॥

दोहा

कन्त कहा सौंहन करो, जानि परयो अब नेह।
देन कह्यो सो बिन दिये जान न पैहौ गेह॥

अथ कलहान्तरिता को लक्षण

दोहा

कह्यो न मानै कन्त को, पुनि पाछे पछिताइ।
कलहन्तरिता नायिका ताहि कहत कविराइ॥

अथ मुग्धा कलहान्तरिता को उदाहरण

सवैया

गौने कि चूनरि वैसिय है दुलही अबहीं ते ढिठाई बगारी।
वेऊ मनावन आये हैं आपने हाथन जात हैं पाग सँवारी।

पांय परे मतिराम लला मनुहारि करी करजोरि हहा री ।
आपुहि मान्यो मनायो न काहू को आपुहि खात न पान पियारी ।

दोहा

आई गौने कालिहही, सीखे कहाँ सयान ।
अबहीं ते रूसन लगी, अबहीं ते पछितान ॥

अथ मध्याकलहान्तरिता को उदाहरण

सवैया

पाँयन आय परै तो परे रहैं केती करैं मनुहारि सहेली ।
मान्यो मनायो न मैं मतिराम गुमान में ऐसी भई अलबेली ।
प्यारो गयो दुख मानि कहौ अब कैसे रहौं यहि राति अकेली ।
आजु तो ल्याउ मनाइ कन्हाइ को मेरो न लीजियो नाँउ सहेली ॥

दोहा

जो तू कहै तो राधिके, पियहि मनावन जाउँ ।
उहाँ कहौंगी जायकै, सखी, तिहारो नाउँ ॥३८॥

अथ प्रौढ़ाकलहान्तरिता को उदाहरण—

सवैया

ठाढ़े भये कर जोरि कै आगे अधीन ह्वै पाँयन शीश नवायो ।
केती करी विनती मतिराम पै मैं न कियो हठ ते मनभायो ।
देखत ही सिगरी सजनी तुम मेरे तो मान महामद छायो ।
रूठि गयो उठि प्राणपियारो कहा कहिये तुमहूँ न मनायो ॥

दोहा

प्रीतम जब पाँयन परयो, तब अति भई सरोष ।
कह्या न मान्यो आपुही, हमैं दीजियतु दोष ॥

अथ परकीया कलहान्तरिता को उदाहरण

सवैया

जाके लिये गृहकाज तज्यो न सिखी सखियान की सीख सिखाई ।
वैर कियो सिगरे ब्रजगाँव मों जाके लिये कुल कानि गँवाई ।
जाके लिये घर बाहरहू मतिराम रह्यो हँसि लोग चवाई ।
ता हरि सों हित एकहि बार गँवारि मैं तोरत बार न लाई ॥

दोहा

जोरत हूँ सजनी विपति, तोरत अपतिसमाज ।
नेह कियो बिन काज ही, तेह कियो बिन काज ॥

अथ गणिका कलहान्तरिता को उदाहरण

सवैया

जा ते लही जग बीच बड़ाइ मैं मेरे वियोग जो होत है छीनो ।
मोहिं गनै मतिराम जो प्राण सों मेरे सदाहि रह्यो जो अधीनो ।
मेरे लिये नित ही उठि कै गहनो जु गढ़ाय कै ल्यावै नवीनो ।
प्राणपियारो सो पायँन लाग्यो रि मैं हँसि कंठ लगाय न लीनो ॥

दोहा

जासों कियो सनेह मन, रही न एकौ साध ।
तासों भई सरोष हौं, सजनी बिन अपराध ॥

अथ विप्रलब्धा को लक्षण

दोहा

आप जाय संकेत में, मिलै न जाको पीय ।
ताहि बिप्रलब्धा कहत, सोच करत अति जीय ॥

अथ मुग्धा विप्रलब्धा को उदाहरण—सवैया

आलिन के सुख मानिबे को पियप्यारे कि प्रीति गई चलि बागै ।
छाय रह्यो हियरो दुख सों जब देख्यो नहीं नँदलाल सभागै ।
काहू सों बोल कछू न कहै मतिराम न चित्त कहूँ अनुरागै ।
खेलत खेल सहेलिन में पर खेल नवेलि को सेल सों लागै ॥

दोहा

लख्यो न कन्त सहेट में, लख्यो नखत को राय ।
नवल बाल को कमल सों, गयो बदन कुम्हिलाय ॥

अथ मध्या विप्रलब्धा को उदाहरण

सवैया

केलि के मन्दिर देख्यो न लाल को बाल के दाहन अंग दहे हैं ।
भौंह चढ़ाय सखीन लख्यो मतिराम कछू न कुबोल कहे हैं ॥
भूलि हुलास विलास गये दुख ते भरि कै अँसुवा उमहे हैं ।
ईछनछोरनि ते न गिरे मनो तीछन कोरनि छेदि रहे हैं ॥

दोहा

तिय को मिल्यो न प्राणपति, सजलजलदतन मैन ।
सजल जलद लखि कै भये, सजल जलद से नैन ॥

अथ प्रौढ़ा विप्रलब्धा को उदाहरण

कवित्त

सांझही सिँगार साजि संग लै सहेलिन को,
सुन्दरि मिलन चली आनँद के कन्द को ।
कवि मतिराम बाल करति मनोरथनि,
पेख्यो परयंक में न प्यारे नँदनन्द को ।
नेह ते लगी है देह दारुण गहनगेह,
बाग के विलोकि द्रुमबेलिन के वृन्द को ।
चन्द को हँसत तब आयो मुखचन्द अब,
चन्द लाग्यो हँसन तिया के मुखचन्द को ॥

दोहा

लख्यो न मन्दिर केलि के पिय रुचिविजितअनंग ।
नयन करन ते जल बलय, गिरे एक ही संग ॥

अथ परकीया विप्रलब्धा को उदाहरण

कवित्त

चली मतिराम प्राणप्यारे को मिलन घात,
नेसुक निहारि के बिगारि काज घर को ।
पियरे बदन दुख हियरे समाइ रह्यो,
कुञ्जन में भयो न मिलाप गिरिधर को ।
बिसरे विलास वै विलास गयो हाँस छायो,
सुन्दरि के तनु में प्रताप पञ्चशर को ।
तीछन जुन्हाई भई ग्रीषम को घाम भयो,
भीषम पियूषभानु भानु दुपहर को ॥

दोहा

तची जोन्हसों भूमि अति, झरैं कुञ्ज के फूल ।
तुम बिन वाको बन भयो, खड्गपत्र के तूल ॥
साहस करि कुञ्जन गई, लख्यो न नन्दकिशोर ।
दीपशिखा सी थरहरी, लगे बयार झकोर ॥

अथ गणिका विप्रलब्धा को उदाहरण

सवैया

वारविलासिनि कोटि हुलास बढ़ाइकै अंग सिँगार बनायो ।
प्रीतमगेह गई चलिकै मतिराम तहाँ न मिल्यो मनभायो ।
संग सहेली सों रोष कियो नहिं आपुन को यह दोष लगायो ।
हाय कियो मैं मतो यह कौन जो आपने भौन न बोलि पठायो ॥

दोहा

मोहिं पठाई कुंज में, उत आयो नहिं आप ।
आली औरहू मीत को मेरो मिल्यो मिलाप ॥

अथ उत्का को लक्षण

दोहा

आपु जाय संकेत में, पीउ न आयो होइ ।
ताकी मन चिन्ता करै, उत्का कहिये सोइ ।।

अथ मुग्धा उत्का को उदाहरण

सवैया

बीति गई युग याम निशा मतिराम मिटी तम की सरसाई ।
जानतिहौ कहुँ और तिया सों रह्यो रस के रस को रसकाई ।
सोचति सेज परी यों नवेली सहेली सों जाति न बात सुनाई ।
चन्द चढ़्यो उदयाचल पै मुखचन्द पै आनि चढ़ी पियराई ।।

दोहा

क्यों न कन्त आयो अली, लाजन बूझि सकै न ।
नवल बाल पलका परी, पलक न लागै नैन ।।

अथ मध्या उत्का को उदाहरण

सवैया

बारहिं बार विलोकति द्वारहिं चौंकि परै तिनके खरके हूँ ।
सेज परी मतिराम बिसूरति आई अली अबहीं लखि मैं हूँ ।
संग सखान के खेलत हौ अजहूँ रजनीपति के अथयं हूँ ।
लालन वेगि न जाहु घरै पुनि बाल न मानिहै पाँय परे.हूँ ।।

दोहा

कहाँ रह्यो आयो सखी, पीउ पहर युग मैन ।
अधनिकरे अधरानि सों बालबदन ते बैन ।।

अथ प्रौढ़ा उत्का को उदाहरण

सवैया

कैधौ घरी निशि बीत गई अरु मेह चहूँ दिशि आयो उनै है ।
अंग सिँगार सिँगार कै साँवरे रावरी बाट विलोकति ह्वै है ।

बैठे कहा मतिराम रसालहै राति मनावति ही पुनि जैहै ।
जाहु न वेगि पियारी तिहारी सुदोष बिहारी हमैं पुनि देहै ॥

दोहा

पीउ न आयो ध्यान को मूँदे लोचन बाल ।
पलक उघारी पलक में, आयो होइ न लाल ॥

अथ परकीया उत्का को उदाहरण

कबित्त

यमुना के तीर बहै सीतल समीर जहाँ,
मधुकर मधुर करत मन्द सोर हैं ।
कवि मतिराम तहाँ छबिसों छबीली बैठी,
अंगन ते फैलत सुगन्ध की झकोर हैं ।
प्रीतम बिहारी के निहारिबे को बाट ऐसी,
चहूँ ओर दीरघ द्दगन करी दौर हैं ।
एक ओर मीन मनो एक ओर कंजपुंज,
एक ओर खंजन चकोर एक ओर हैं ॥

दोहा

कन्तबाट लखि गेह की कुंज देहरी आय ।
ऐहैं पीउ बिचारि योँ नारि फेर फिरि जाय ॥

अथ गणिका उत्का को उदाहरण

सवैया

प्रीतम को धर ध्यान घरीक करै मनहीं मन कामकलोलै ।
पातहु के खरके मतिराम अचानक हीं अँखियाँ पुनि खोलै ।
प्रीतम ऐहैं अजौं सजनी अँगिराइ जम्हाइ घरीकु यों बोलै ।
गावै घरीकु हरे ही हरे हरि गेह के बाग हरे हरे डोलै ॥

दोहा

वारवधू पियपन्थ लखि, अँगिरानी अँग मोरि ।
पौढ़ि रही पर्यंक मनु, डारी मदन मरोरि ॥

अथ वासकसज्जा को लक्षण

दोहा

ऐहैं प्रीतम आजु यों, निश्चय जानै बाम ।
साजै सेज सिँगार सखि वासकसज्जा नाम ॥

अथ मुग्धा वासकसज्जा को उदाहरण

कबित्त

भई हों सयानी तरुनाई सरसानी प्रीति,
रीति में पत्यानी उर लाज डर नाखियो ।
कबि मतिराम कामकेलि की कलानि करि,
मोहनलला को बस कीजो अभिलाषियो ।
मृदु मुसक्याइ परयंक में निशंक जाइ,
अंक भरि आनँद अधररस चाखियो ।
नेवर की तनक झनक राखि प्यारी आजु,
रसना की तनक झनक रस राखियो ॥

दोहा

दीठि बचाइ सखीन की केलिभवन में जाइ ।
पौढ़ि रही छिन सेज तिय, अतिआनँद अधिकाइ ॥

अथ मध्या वासकसज्जा को उदाहरण

कबित्त

केसर कनक कहा चंपकवरन कहा,
दामिनीयो दुरि जात देह की दमक ते ।
कवि मतिराम लोने लोचन लपट लाज ,
अरुन कपोल काम तेज की तमक ते ।
पग के धरत कल किंकिनी नेवर बजैं,
बिछिया झमकि उठैं एकही झमक ते ।
नाहसुख चाहि चित औचक हँसति चौंकि,
परै चन्दमुखी निज चौका की चमक ते ॥

दोहा

निसि नियरानि निहारियत, सौतिवदनअरविन्दु ।
सखी एक यह देखिये, तेरो आननइन्दु ॥

अथ प्रौढ़ा बासकसज्जा को उदाहरण

सवैया

बारन धूपअँगारन धूपि के धूमअँध्यारी पसारी महा है ।
आनन चन्द समान उग्यो मृदुमन्द हँसी जनु जोन्हछटा है ।
फैलि रही मतिराम जहाँ तहँ दीप सु तारन की परभा है ।
लाल विहारे मिलाप को बाल सुआजु करी दिन ही में निसा है ॥

दोहा

सब सिँगार सुन्दरि सजे, बैठी सेज बिछाय ।
भयो द्रौपदी को वसन, वासर नहीं बिताय ॥

अथ परकीया वासकसज्जा को उदाहरण

सवैया

साँझहि ते करि राखे सबै करिबे के जु काज हुते रजनी के ।
पौढ़ि रही उमँगी अतिही मतिराम अनन्द अमात न ही के ।
सोवन जानि कै लोग सबै अधिकाने विलासमनोरथ नीके ।
सेज ते बाल उठी हरवे हरवे पट खोलि दिये खिरकी के ॥

दोहा

मनमोहन के मिलन को, करै मनोरथ नारि ।
धरै पौन के सामुहें, दियो भवन को बारि ॥

अथ गणिका वासकसज्जा को उदाहरण

कबित्त

सेत सारी सोहत उज्यारी मुखचन्द की सी,
महलनि मन्द मुसक्यान की महामही ।
अँगिया के ऊपर है उलही उरोजओप,
उर मतिराम माल मालती डहाडही ।

माँजे मंजु मुकुर से मंजुल कपोल गोल,
गोरी की गोराई गोरे गातन गहागही ।
फूलन की सेज बैठी दीपति फैलाय लाइ,
बेलि की फुलेल फूली फूल सी लहालही ॥

दोहा

सुन्दरि सेज सँवारि कै, साजे सबै सिँगार ।
दृगकमलन के द्वार में, बाँधे बन्दनवार ॥

अथ स्वाधीनपतिका को लक्षण

दोहा

सदा रूप गुण रीझि पिय, जाके रहै अधीन ।
स्वाधिनपतिका नायिका, बरणैं कवि परवीन ॥

अथ मुग्धा स्वाधीनपतिका को उदाहरण

सवैया

आपनं हाथ सों देत महावर आपुहि बार सिँगारत नीके ।
आपनहीं पहिरावत आनिकै हार सँवारि कै मौलसरी के ।
हौं सखि लाजन जात गड़ी मतिराम सुभाव कहा कहौं पी के ।
लोग मिले घर घेर कहैं अबहीं ते ये चेरे भये दुलही के ॥

दोहा

अंग अंग अवलोकि कै, तियजोबन की जोति ।
सुधासिन्धु अवगाहयुत, दीठि नाहकी होति ॥

अथ मध्या स्वाधीनपतिका को उदाहरण

कबित्त

जगमग जोबन अनूप तेरो रूप चाहि,
रति ऐसी रम्भासी रमासी बिसराइयं ।
देखिबे को प्राणप्यारी पास खरो प्राणप्यारो,
घूँघुट उघारि नेकु वदन दिखाइये ।

तेरे अंग अंग में मिठाई औ लुनाई भरी,
मतिराम कहत प्रकट यह पाइये।
नायक के नैनन में नाइये सुधासी सब,
सौतिन के लोचनन लोन सों लगाइये ॥

दोहा

बड़े आपने दृगन को, तुम कहि सकौ सु मैं न।
पियनयनन भीतर सदा, बसत तिहारे नैन ॥

अथ प्रौढ़ा स्वाधीनपतिका को उदाहरण

सवैया

लालन में रतिनायक ते सुख सुन्दरता रुचिपुंजनि पेखी।
बाल में त्यों मतिराम कहै रति ते अतिरूपकला अवरेखी।
सामुहै बैठे लखैं इक सेज में बोली अली मुखप्रीति विशेखी।
भाल में तेरे लिखी विधि सो यह लाल की मूरति लाल में देखी ॥

दोहा

सुधामधुर तेरो अधर, सुन्दर सुमन सुगंध।
पीवजीव को बंधु है, बंधुजीव को बंध ॥

अथ परकीया स्वाधीनपतिका को उदाहरण

सवैया

मो युग नैनचकोरन को यह रावरो रूपसुधाही को नैबो।
कीजै कहा कुलकानि ते आनि परयो अब आपनो प्रेम छिपैबो।
कुंजन में मतिराम कहूँ निशि द्योसहूँ घात परे मिलिजैबो।
लाल सयानी अलीन के बीच निवारिये ह्यां की गलीन को ऐबो ॥

दोहा

विषम लोग ब्रजगाँव के, लाल विलोको बास।
बढ़ि जैहै इन दृगन के हाँसिन ते उपहास ॥

अथ गणिका स्वाधीनपतिका को उदाहरण

सवैया

भूषन अम्बर ल्यावत आपु रहैं पहिरावन को मुख हेरे ।
आपही पान खवावत आनि सहेली न आवन पावत नेरे ।
ता पिय सों रिस कैसे करौं मतिराम कहै सिखये सखि तेरे ।
पूरि रहे मनभावन के गुन मान को ठौर नहीं मन मेरे ॥

दोहा

मोहिं लखे सजनी सदा, जाको धन मन प्रान ।
सपनेहूँ ता पीव सों, मान न भलो सयान ॥

अथ अभिसारिका को लक्षण

दोहा

पियहि बुलावै आपकै, पिय पै आपुहि जाय ।
ताहि कहत अभिसारिका, जे प्रवीन कविराय ॥

अथ मुग्धा अभिसारिका को उदाहरण

सवैया

बातन जाय लगाय लई रसही रस मैं मन हाथकै लीनो ।
लाल तिहारे बुलावन को मतिराम मैं बोल कह्यो परबीनो ।
बेगि चलो न बिलम्ब करो लखो बाल नवेली को नेह नवीनो ।
लाजभरी अँखियाँ बिहँसीं बलि बोल कह्यो बिन उत्तर दीनो ॥

दोहा

अली चली नवलाहि लै, पिय पै साज सिँगार ।
ज्यों मतङ्ग अड़दार को लिये जात गड़दार ॥

अथ मध्या अभिसारिका को उदाहरण

सवैया

बैठि रहे मतिराम लला घर भीतर साँझहि ते अनुरागी ।
बानक सों बनि चारु सिँगारनि आई सुहागिनि प्रेमसों पागी ।

प्यारे कह्यो हँसि आइये सेजहि प्यारी की ज्योतिविलासिनि जागी।
नैन नवाइ रही मुसक्याय के हार हिये को सँवारन लागी ॥

दोहा

जोबनमद गजमन्दगति, चली बाल पतिगेह।
पगनि लाजसांकर परी, चढ़ो महावत नेह ॥

अथ प्रौढ़ा अभिसारिका को उदाहरण

कबित्त

सहज सुबासयुत देह की दुगुन द्युति,
दामिनिदमक दीप केसरी कनक ते।
मतिराम सुकवि सिरीषसुकुमार अंग,
सोहत सिँगार चारु जोबन बनक ते।
सोइबे को सेज चली प्राणपति प्यारे पास,
जगति जुन्हाई ज्योति हँसनि तनक ते।
चढ़त अटारी गुरुलोगनि की लाज प्यारी,
रसना दशन दाबै रसनाझनक ते ॥

दोहा

सजि सिँगार सेजहि चली, बाल जहाँ पतिप्रान।
चढ़त अटारी की सिढ़ी, भई कोस परिमान ॥

अथ परकीया श्यामाभिसारिका लक्षण

कबित्त

उमड़ि घुमड़ि दिगमण्डलनि मण्ड रहे,
झूमि भूमि बादर कुहू की निशि कारी में।
अंगनि में कीनो अंगराग मृगमद तैसो,
आनन ओढ़ाइ लीनो श्यामरंग सारी में।
मतिराम सुकवि मेचकरुचि राजि रही
आभरनराजी मरकतमनिवारी में।

मोहन छबीले को मिलन चली ऐसी छबि,
छाँह लौं छबीली छबि छाजत अँध्यारी में ॥

दोहा

श्याम बसन में श्याम निशि, दुरी न तिय की देह ।
पहुँचाई चहुँ ओर मिलि, भौंरभीर पियगेह ॥

अथ चन्द्रिका-अभिसारिका लक्षण

कवित्त

अंगनि चँदन घनसार अंगराग, श्वेत,
सारीछीर फेन कैसी आभा उफनात है ।
राजत रुचिर शीत मोतिन के आभरन,
कुसुमकलित केश शोभा सरसात है ।
कवि मतिराम प्राणप्यारे को मिलन चली,
करिकै मनोरथनि मृदु मुसुकात है ।
होती न लखाई निशि चन्द की उज्यारी मुख—
चन्द की उज्यारी तन छाँहौ छपि जात है ॥

दोहा

मलिन करी छबि जोन्ह की, तनुछबि सो चलि जाउँ ।
को जैहै पिय पै सखी, लखि जैहै सब गाउँ ॥

अथ दिवाअभिसारिका-लक्षण

कवित्त

सारी जरतारी की झलक झलकति जैसी,
केसरि को अंगरंग कीनो सब तन में ।
तीखनि तरनि के करनि ते दुगुन ज्योति
जगत जवाहिरजटित आभरन में ।
कवि मतिराम आभा अँगनि अंगारनि की,
धूम कैसी धार छबि छाजत कचन में ।

ग्रीषम दुपहरी में हरि को मिलन जात,
जानी जात नारि न दवारी जात बन में ॥

दोहा

ग्रीषमऋतु की दुपहरी, चली बाल वनकुंज ।
आगि लपट तीखन लुवैं, मलयपवन के पुंज ॥

अथ गणिका अभिसारिका के उदाहरण

कबित्त

साँझही सिँगार साजि प्राणप्यारे पास जाति,
बनिता बनक बनी बेलिसी अनंद की ।
कवि मतिराम कल किंकनी की ध्वनि बजै,
मन्द मन्द चलनि बिराजत गयन्द की ।
केसरि रँग्यो दुकूल हाँसी में झरत फूल,
केशनि में छाई छवि फूलनि के वृन्द की ।
पीछे पीछे आवत अँध्यारी सी भँवरभीर,
आगे आगे फैलत उज्यारी मुखचन्द की ॥

दोहा

नागरि सकल सिँगार करि, चली प्राणपति पास ।
बाढ़ि चली विहँसनि मनो, वारिधिवीचिविलास ॥

अथ प्रवत्स्यत्प्रेयसी-लक्षण ।

दोहा

होनहार प्रिय के विरह, विकल होय जो बाल ।
ताहि प्रवत्स्यत्प्रेयसी, वर्णत बुद्धिविशाल ॥

मुग्धा प्रवत्स्यत्प्रेयसी के उदाहरण

कबित्त

जा दिन ते चलिबे की चरचा चलाई तुम,
ता दिन ते वाके पियराई तनु छाई है ।

कहै मतिराम छोरे भूषण बसन पान,
सखिन सों खेलनि हँसनि बिसराई है।
आई ऋतु सुरभि सुहाई प्रीति वाके चित,
ऐसे में चलौ तौ लाल रावरी बड़ाई है।
सोवत न रैन दिन रोवत रहत बाल,
बूझे ते कहत माइके की सुधि आई है॥

दोहा

क्यों सहिहै सुकुमार वह, पहिलो विरह गोपाल।
जब वाके चित हित भयो, चलन लगे तब लाल॥

अथ मध्या प्रवत्स्यत्प्रेयसी-लक्षण

सवैया

गौने के द्यौस छसातक बीते न चौथि कहा अबहीं चलिआई।
लालन बाल के ता छिन तें मतिराम परी मुख में पियराई।
तू न बधू को पठाइ अरी यह देखि दुहूनि की प्रीति सुहाई।
रोये से लोचन मोए से रोचन मोये न सोचन राति बिताई॥

दोहा

अबहीं ले मिलि मोहि सखि, चलत आज ब्रजराज।
अँसुवनि राखत रोकि है, जियहि निकासति लाज॥

अथ प्रौढ़ा प्रवत्स्यत्प्रेयसी को उदाहरण

कवित्त

मलयसमीर लाग्यो चलन सुगंध सीरो,
पथिकन कीने परदेशन ते आवने।
मतिराम सुकवि समूहनि सुमन फूले,
कोकिल मधुप लागे बोलन सुहावने।
आयो है वसंत भये पल्लवित जलजात,
तुम लागे चलिबे की चरचा चलावने।

रावरी तिया के तरवर सरवरन के,
किसलै कमल ह्वैहैं बारक बिछावने ॥

दोहा

कोंपर ते किशलै जबै, होहिं कलिन ते कौल ।
तब चलाइयो चलन की, चरचा नागर नौल ॥

अथ परकीया प्रवत्स्यत्प्रेयसी को उदाहरण

कवित्त

मोहन लला को सुन्यो चलन विदेश भयो,
मोहनी को चारु चित निपट उचाट में ।
परी तलबेली तन मन में छबीली राखै,
छिति पर छनक, छनक पाँव खाट में ।
प्रीतम नयनकुवलयनि को चन्द घरी
एक में चलैगो मतिराम जिहि बाट में ।
नागरी नवेली रूप आगरी अकेली, रीती
गागरी लै ठाढ़ी भई बाट ही के घाट में ॥

दोहा

चलत सुन्यो परदेश को, हियरो रह्यो न ठौर ।
लै मालिन मीतहि दयो, नव रसाल को मौर ॥

अथ गणिका प्रवत्स्यत्प्रेयसी-लक्षण

कबित्त

मंजन कियो न तन अंजन दियो न नैन,
आवक दियो न पाँइ रही मन मारिकै ।
मतिराम सुकवि तमोल तेल छाँड़ि बैठी,
पहिरे वसन डारे भूषन उतारि कै ।
ऐहैं आज पिय बिदा माँगन विदेश को यों
नेह के जनाइबे की चातुरी विचारि कै ।
गारि राख्यो चन्दन बगारि घनसार राख्यो,
आँगन में सेज सरसिजनि सँवारि कै ॥

दोहा

चलत पीय परदेश को, बरजि सकौं नहिं तोहिं ।
ले ऐहो आभरन जो, जियत पाइहौ मोहिं ॥१५॥

अथ आगमपतिका लक्षण

दोहा

जा तिय को परदेश ते आयो प्यौ मतिराम ।
ताहि कहत कवि लोग हैं आगतपतिका बाम ॥

अथ मुग्धा आगतपतिका को उदाहरण

सवैया

आयो विदेश ते प्राणपिया मतिराम अनंद बढाइ अलेखै ।
लोगनि को मिलि आँगन बैठे घरीहि घरी सगरो घर पेखै ।
भीतर भौन के द्वार खरी सुकुमार तिया तनु कम्प विशेखै ।
घूँघट में पट ओट किये पट ओट किये पति को मुख देखै ॥

दोहा

पिय आयो नव बालतन, बाढ़े हरषविलास ।
प्रथम बारि बूँदनि उठै, ज्यों वसुमती सुवास ॥

अथ मध्या आगतपतिका को उदाहरण

सवैया

चन्द्रमुखी सजनीनिके संग हुती पियअंगनि में मन फेरत :
ताहि समै पियप्यारे को आवन प्यारी सखी कह्यो द्वार ते टेरत ।
आइ गये मतिराम जबै तबै देखत नैन अनन्द भये रत ।
भौन के भीतर भाजि गई हँसि कै हरवे हरि को फिरि हेरत ॥

दोहा

पियागमन शरदागमन, विमल बालमुखइन्द ।
अंग अमल पानिप भयो, फूले दृगअरबिन्द ॥

अथ प्रौढ़ा आगतपतिका को उदाहरण

सवैया

प्राणपियारो मिलो सपने में परी जब नंसुक नींद निहोरे।
नाह को आइबो त्योंही जगाइ सखी कह्यो बैन पियूष निचोरे।
यों मतिराम बढ़यो हिय में सुख बालके बालम सों दृग जोरे।
ज्यों पट में अतिही चटकीलो चढ़ै रंग तीसरी बार के बोरे॥

दोहा।

आयो पिय परदेश ते, हिय हुलसी अति बाम।
टूक टूक कंचुकि करी, करि कमनेती काम॥

अथ परकीया आगतपतिका को उदाहरण

सवैया

आयो बिलंबि विदेश से बालम बाल वियोगव्यथा बिसराई।
आई तहाँ तिनके सँग ह्वै सब गाँउ की जे युवती जुरि आई।
देखत ही मतिराम कहै अँखियानि में आनँद की छबि छाई।
लाजनि क्यों करि बैन कहै सुकह्यौ दुख देहई की दुबराई॥

अन्यत् यथा

भावते को सुनि आगम आनँद अंग अनंगनि ते उमह्यो है।
सो हमहूँ से हितू से दुराइयें आली कहो यह कौने कह्या है।
खैंचि लिये सुख के अँसुवा यह क्यों दुरि है जो हियेउ लह्यो है।
गाढ़ी भई मोहरी दरकी अँगिया की तनी न तनाउ गह्यो है॥

दोहा

सुन्यो मायके ते कहै बाह्मन आयो कन्त।
कुशल बूझिबे के मिसे, लीनो बोलि इकन्त॥

अथ गणिका आगतपतिका को उदाहरण

कवित्त।

नागर विदेश में बिताइ बहु द्यौस आयो,
नागरि के हियें में हुलासनि की खानि की।

कवि मतिराम अंक भरत मयंकमुखी,
नेहै सरसाइ भौंहैं कीनी सुखदानि की ।
सुबरन बोलिके बतावतु है सुबरन,
हीरन बतावति है छबि मुसुकानि की ।
आँखिन ते आनँद के आँसू उँमगाय प्यारी,
प्यारे को दिवावत सुरति मुकुतानि की ॥

दोहा

फूली नागरि कमलनी, उड़िगे मित्रमलिंद ।
आयो मित्र विदेश ते, भयो सुदिन आनन्द ॥

अथ उत्तमा नायिका-लक्षण

दोहा

पिय हित कै अनहित करै, आपु करै हित नारि ।
ताहि उत्तमा नायका, कविजन कहत विचारि ॥

अथ उत्तमा नायिका को उदाहरण

सवैया

स०—राति कहूँ रमिकै मनमोहन आगम प्रात पिया घर कीनो ।
देखत ही मुसुकाइ उठी चलि लागे ह्वै आदरकै पुनि लीनो ।
मोहन के तनु में मतिराम दुकूल सु नीलो निहारि नबीनो ।
केसरि के रँग सो रँगिकै पट पीत कै प्रीतम के कर दीनो ॥

दोहा

पिय अपराध अनेक निज, नैननहूँ लखि पाइ ।
तिय इकन्त पिय कन्त सों, मानै करत लजाइ ॥

अथ मध्यमा नायिका ।

दोहा

पिय सों हित में हित करै अनहित कीनें मान ।
ताहि मध्यमा कहत हैं, कवि मतिराम सुजान ॥

अथ मध्यमा नायिका को उदाहरण

कवित्त

आयो प्राणपति राति अनत बिताय, बैठी
भौंहनि चढ़ाइ रँगी सुन्दरि सुहाग की।
बातनि बनाइ परयो प्यारी के पगन आइ,
छल सों छपाइ छैल छवि रतिदाग की।
छूटि गयो मान लागी आपुही सँवारन को,
खिरकी सुकवि मतिराम प्रियपाग की।
रिसही के आँसू रसआँसू भये आँखिन में,
रिस की ललाई सो ललाई अनुराग की॥

दोहा

मेरे तनु के रोम ये मेरे नाहिं निदान।
उठि आदर अगमन करैं, करौं कौन विधि मान॥

अथ अधमा नायिका-लक्षण

दोहा

पिय सों हितहूँ के किये, करै मान जो बाल।
तासों अधमा कहत हैं, कवि मतिराम रसाल॥

अथ अधमा नायिका को उदाहरण

कबित्त

आयो है सयान मन गरयो है अयान तौहू,
नित उठि मान करिबे की टेव पकरी।
घर घर मानिनी हैं मानती मनायें ते वै,
पर ऐसी रीति और काहू में न जकरी।
कवि मतिराम कामरूप घनश्यामलाल,
तेरी नैन कोरैं ओर चाहै एकटक री।

हाहा कै निहोरेहु न हेरत हरिननैनी,
काहे को करत हठ हारिल की लकरी ॥

दोहा

कहा लियो गुरुमान को, अति ताती है नेम ।
पारद सो उड़िजाइगो, अलि चंचल है प्रेम ॥

—

Sukhdeva Misra.

"He is counted as one of the masters of the vernacular composition." He has given an account of his family and his native place Kampila in his work on prosody entitled *Britta Bichār* compiled in 1728 V. E. He was a great pandit and first attached himself to the court of Bhagwant Rāi Khīchī of Asothar in Fatehpur district. He next went over to Buxar, a village near Daunriākherā, where he was received with great honour by Rao Madan Singh. In his *Rasārnava* he says that Mardan Singh was a descendent of Kanak Singh Bais who had fought successfully many battles for the Emperor of Delhi. From Daunriākherā he went over to Nawab Fazil Ali Khan, a minister of Aurangzeb, and it was here that he wrote his famous works on rhetoric the *Fāzil Alī Prakās.* He also attended the courts of Raja Himmat Singh of Amethi and Raja Debi Singh of Murarmao. His principal works are *Britta Bichār*, *Rasārnava*, *Sringār Latā*, *Fāzil Alī Prakās*, *Chhand Bichār* *Dasarath Rai*, and *Adhyātma Prakās*.

The *Rasārnava* is considered his best work and the following extracts are taken from an edition published by the Light Press, Benares, in 1865.

Another work the *Rasaratnākara* of the same author compiled at the request of Raja Mardan Singh was also published by the same press in 1866.

रसार्णव

नायक-वर्णन

नायकलक्षण

सुन्दर सुघर सुहावनो गुनी कुलीन नवीन।
गीत-कवित-ज्ञाता सरस कामकलानिप्रवीन॥

यथा—सवैया

सिर मोरपखानि छये छबिपुंज बिराजत गुंज की माल गरैं।
मुख पूनो सुधानिधिहू न गनै, दृग नील सरोजनि हूँ निदरैं।
घन से तनु, बीजुरी पीरो झगा, बगपाँतिन ज्यों मुकुता की लरैं।
निकरैं हिय ते न जु या छबि सों हरि आनि जबै इत ह्व निकरैं॥

नायक-भेद

पति उपपति बैसिक त्रिविध नायक जिय में जानि।

पति-लक्षण

बिधि सों ब्याह्यो होय जो पति करि ताहि बखानि।

पति—यथा—सवैया

ब्याह के द्योसहि ते दिन हूँ दिन प्रेम दुहूँ के हिये सरसात हैं।
गौनो भयो भये दोहू निहाल दुहूँ को दुहूँन के बैन सुहात हैं।
बैठक एक ही ठौर किये जु दुहूँ को दुहूँ छिन छोड़े न जात हैं।
रातों दिना दोउ देखैं दुहूँ पै, तऊँ न दुहून के नैन अघात हैं॥

पतिभेद

सो पुनि चारि प्रकार के सुकविन कह्यो बनाइ।
पहले ही अनुकूल पुनि दच्छिन धृष्ट गनाइ॥

चौथे इनमें सठ कह्यो सठताई को मूल ।

अनुकूललक्षण

परतरुनी ते विमुख जो वाहि कहत अनुकूल ॥

अनुकूल यथा सवैया

नारि पराई ते बोलन की कहा क्यों हुँ न काहू को भूलेहु हेरे ।
मेरो लखैं मन वेई औ मैं हूँ लियो उनको लिखि चित्र हिये रे ।
बाँधि सकै उनको मनु को बंध्यो रैन दिना रहै मेरेहि नेरे ।
लेस नहीं उनमें अपराध को मान की हौसें रहीं उर मेरे ॥

दक्षिणलक्षण

जो राखै सब तियन सों सदा बराबर प्रीति ।
दच्छिन नायक आहि वह याको है यह रीति ॥

यथा कवित्त

एकै कहैं कान्ह हमहीं हैं एकै कहती कि
उनकी हमारी मिलि गई परतीति है ।
एकै कहैं हम बिन कैसे धौं रहै हैं, एकै
कहतीं कि हम बिन कैसे छिन बीतिहै ।
सबै एक बेर ही चितौत होती बस यह
कछु चतुरन की चितौनही की रीति है ।
सोरहों हजार गोपी आपने आपने मन
कहतीं कि कान्हर सौं हमही सों प्रीति है ॥

धृष्टलक्षण

निधरक करि अपराध जो तियरिसि तें न डेराय ।
लाज न जाको ताहि सब धृष्ट कहत कविराय ॥

यथा सवैया

काढ़ि दियो घर ते घर ही में तो पाइन देखो परे हहा खातु है ।
फूल का माल सो बाँधे तऊँ मुसकाइ तकैं मन को न सकातु है

बातन तें डरपैये कहा झकझोर तऊँ न अरी अरसातु है ।
लाज को लेसु नहीं मन मैं नित मारेउ जात तऊ न लजातु है ॥

शठलक्षण

जो हित की बातें कहै अनहित करै निदान ।
निपट कपट को रूप सठ ताहि कहत हैं जान ॥

यथा सवैया

औरन के ढिग ते न टरौ नित बातन ही हमैं राखत टारें ।
औरन के सँग राति बिताइ हमैं सुख देत है। आनि सकारें ।
औरन सों तुम साँचेइ है। हम सों रहो झूठेइ ज्योंत बिचारे ।
लागत औरन की छतियाँ तुम पायनि लागत आनि हमारें ॥

अथ उपपतिलक्षण

परतरुनी को रसिक जो उपपति कहिये ताहि ।
वैसिक वेस्या को रसिक सुकविन कह्यो सराहि ॥
चारि भाँति पुनि उपपत्यो कविजन कह्यो बिचारि ।
सठताई तहँ नियत है यह मन मैं निरधारि ॥

उपपति यथा—सवैया

लखि पावैं कहूँ तो कह्योई चहैं सब वैसेहिं मोहि न कोउ गनै ।
घर की घरहाई चवाइनै यं कछु आनिहैं और की औरै मनै ।
यह जैसोइ तैसो सँवारि हैं। लेहैं। हरैं हरैं हाथहि सों अपनै ।
तुम टीको बनावनु आवतु है। कहूँ देखै जो कोऊ तो कैसी बनै ॥

अथ वैसिकोदाहरण—सवैया

भौंरु भयो भरमै मदुअंध सुगंध झकोरन की झकझोर में ।
मानौं सुधा के समुद्र पर्यो अँकवारि समै सिसिकीन के सोर में ।
भूलि रह्यो लखि भौंह के भाइ रह्यो ठहराइ उरोज के ठोर में ।
बारबधू के बिलास बँध्यो सु कहै। मन कैसे लगै तिय और में ॥

वैसिक भेद

उत्तम मध्यम अधम पुनि वैसिक तीन प्रकार।
ग्रंथन के मत तें कहैं सबै सुकवि सिरदार ॥

अथ उत्तम बैसिक

तियहि रुषोहैं। देखि जो करै बहुत उपचार।
उत्तम बैसिकु आहि वह सुकविन कियो विचार ॥

यथा सवैया

कबहूँ सिर आड़ दैके सरकी अँगिया मृग के मद सों चुपरै।
कबहूँ करै हीरन ही के हरा कबहूँ मुकुतान सों माँग भरै।
कबहूँ पुनि सोने सी आँगुरी के ढिग सोने के भूषन आनि धरै।
तिय देखि रुषौंहीं सनेह सों प्यो इहि भाँति मनैबे को ब्योंत करै ॥

अथ मध्यम बैसिक

तिय के रोसे रोस रस जो न प्रगट करि देय।
मध्यम बैसिक सो जु वह चुप ह्वै समै बितेय ॥

यथा सवैया

आपुहि बार हरा उरझाइ के आपुनहीं सिसकै सुरझावै।
आपुहि बेसर फेरति आपुही जाति नई अरु हाथ नचावै।
प्यारौ निहारो करै ढिगईं कछु आपनो रोसु रसौ न जनावै।
पायें बिना मनिमाल रिसानी यों बाल तमासे अनेक दिखावै ॥

अथ अधम बैसिक

जाके जिय रतिकेलि में डरु अरु दया न लाज।
ताको बैसिक अधम यों कहत सबै कविराज ॥

यथा सवैया

जिय जाके न लाज दया न कहूँ डरु काहू को छ्वै न गयो अँग में।
कछु आपहू बूझत है न कोऊ औ सिखावनहारन ही सँग में ॥
ढिग ऐसे के मोहि पठावती है। तू जियायो न चाहति है। जग में।
तौ कहा फलु फूली चमेली जो बाँधिय माते मतंगज के पग में ॥

अन्य भेद

मानी और क्रियाचतुर बचनचतुर पुनि जानि ।
येऊ तीन प्रकार के नायकु कहे बखानि ॥
मानी को औ चतुर को सठ में अंतर भाय ।
रसग्रंथन को मत कहत सुकविन को समुदाय ॥

तेषां स्वरूपज्ञानार्थलक्षणं तत्र मानी

करि अपराध जु तरुनि सों आपुहि ठानै मानु ।
मतो कविन को जानिये मानी ताहि बखान ॥

यथा सवैया

सांझ गये उठि आवत भोर हो जानति हैं। तुमहूँ भये भानु हौ ।
जाहि बिथा सु कह्योई चहै तुम देत नहीं इन बातन कानु हौ ।
रूठि कै पीठि दै बैठि रहे हिय मेरे जगावतु कोपकृसानु हौ ।
चाहिये वाहि कि मानु करै उलटे तुमहीं अब ठानत मानु हौ ॥

वाक्यचतुरक्रियाचतुरलक्षण

बचनन करै जु चातुरी बचनचतुर वह आहि ।
करै क्रिया की चतुरई क्रियाचतुर कहि ताहि ॥

बचनचतुर यथा सवैया

उठि भोरही आवती हौ तित है जित ग्रीसहु में तमु छाइ रह्यो ।
सँग काहू तो लेहु लगाइ अहो कहियें कहा मानती हो न कह्यौ ।
कहो को सुनि लेहै पुकारिबो काहू अचानक जो ठगु आइ गह्यो ।
तुम सूने तमाल की कुंज की गैल अकेलिहि बेंचन जात दह्यो ॥

क्रियाचतुर यथा सवैया

होरी के औसरु गोरी सबै मिलि दौरीं लख्यो जब कान्हरु आयो ।
ह्याँ इनमें निज भावती देखि भयो मनभावन को मन भायो ।
हाथ पसार्‌यो न सूझि परै तहँ यों कुछ लाल गुलाल उड़ायो ।
बाहन बाँधि हिय लगि कै हरि राधिका के मुँह सो मुँह छायो ॥

पति उपपति अरु वैसिको येऊ प्रोषित होत ।
रसग्रन्थन की रीति लखि कहत कविन के गोत ॥

प्रोषितलक्षण

जो बिदेस में बिरह तें अति ही व्याकुल होइ ।
प्रोषित ताको कहत हैं कवि पंडित सब कोइ ॥

प्रोषितपति यथा कबित्त

पुहुप की पाँखुरी उपटि उठैं जाके तन
सो धौं कैसे कामसरसार सहि रहैगी ।
नेकु ऊँचे बोलत अचानक ही चौंकति ही
मोरसोर सुनि कै धौं कैसे निरबहैगी ।
लाग्यो ई रहत नित चित यहै सोच मेरे
मेघन की धुनि सुनि साहस क्यों गहैगी ।
आँचरु सों दियो अचराइ सकै जो न सो धौं
कैसे बिरहानल की आँच उर सहैगी ॥

प्रोषितोपपति यथा सवैया

जैहैं घरे हम हूँ कब धौं सुपरोसिन वैसहि आनि जियै है ।
नाँहहि और बधू बस देखि हमैं लखि ग्रोसहि ते ललचै है ।
लोग जहीं सब सोइ हैं नेक सो छोटो कहूँ छन एक जु पैहै ।
तो तब चोर लौं चाँपति पाँय हरैं हरैं आय गरे लगि जैहै ॥

प्रोषित बैसिक यथा सवैया

माँगिहै मोती दिये पर हाथ की लाली तें विद्रुम जानि रिसैहै ।
हीरा के हार गरे पहिरैहौं तो सोने के जानि के नैन नचै है ।
आपुहि गाढ़े गरो गहिहै सिसिकीन के आपुहि सोर मचै है ।
प्रानप्रिया अँखियान के आगे जियायबे कों अब धौं कब ऐहै ॥

अबूझनायकलक्षण

नायक है जु अबूझ वह आहि नायकाभास ।
तासों चतुर तियान सों कैसे आवै रास ॥

यथा सवैया

सूनी अटा चढ़ि देह दिखाइकै सेज में पौढ़ि रहे पटु तानै ।
झाँकि झरोखे उठै अँगिराइ जम्हाइ किते को बतावति सानै ।
कोऊ सखी ढिग जाइ तो ताहि पठावति फेरि न भेद बखानै ।
चंदमुखी करै चातुरी केतियौ पै वह मूरुख नेकु न जानै ॥

यहि बिधि ए नायक सबै सुकविन कहे बखानि ।
नरमसचिव तिनके कहत अब ये चारो जानि ॥
पीठमर्द, बिट, चेट पुनि और बिदूषक आहि ।

पीठमर्द लक्षण

हरै जु तिय को रूठिबो पीठमर्द कहि ताहि ॥

पीठमर्द यथा सवैया

मेघ कहा बिन बीजुरी को बिन दीपति दीपउ लागत फीको ।
फीकोई फूल सुबास बिना बिन चाँदनी कौन सरूप ससी को ।
हैं तो सखा उनके हम पै भलो चाहत एक तिहारेई जी को ।
रूठिबो छोड़ि हिये लगिये न लगै नँदनंद तुम्हैं बिन नीको ॥

विटचेटलक्षण

कामकला अति चतुर जो विट कहियतहैं ताहि ।
है जु मनैबे में चतुर प्रगट चेट सो आहि ॥

विट को उदाहरण

तिय केलि के मंदिर लालन देखि हिये बढ़ि चौगुन मान पगी ।
जबहीं लियो चाहै भुजा भरि कै तबहीं फिरि भौन को जात भगी ।
विट ऐसे में कोकिलाकूक कही सुनि कामकला जिय आनि जगी ।
जहँ मानतिही न मनाइबे ते तहाँ आपुहि तें फिर कंठ लगी ॥

चेटक को उदाहरण यथा सवैया

क्यों हू न हेरति ही हरि ओर सखीन मैं को न हहा करि हार्‌यो ।
रूसी रहै निसि वासर हूँ सब कामकला को बिलास बिसार्‌यो ।

आजु धौं कैसी भई यह आपुनै बूझि कछू सब रोस निवाऱ्यो ।
केलि के कुंज मिलाय दई कछु चेट कुचेटक सों पढ़ि डाऱ्यो ॥

विदूषकलक्षण

कछुक स्वाँग करिकै जु कछु हाँसी ठानै आनि ।
ताहि बिदूषक कहत हैं सगरे कविन बखानि ॥

यथा सवैया

राधिकै देखि अकेली बिदूषक ल्यायो कछू कहि कान्हरै टेरत ।
केलि के कुंज में जाइ दोऊ कों मिलाय दई इतहूँ उत हेरत ।
फूलनहीं के बिछावने कै रति में जब जान्यो कि दोऊ भये रत ।
नंद को स्वाँग किये तबहीं ढिग आइ कढ़्यो उहैं गैयन घेरत ॥

———

Rasalīn.

Rasalīn is the *nom de plume* of Saiyid Ghulam Nabi of Bilgram, a town in Hardoi district, famous for its Arabic and Persian scholars. Rasalīn is however one of the very few Musalmans who being great Persian scholars wrote pure *Braj-bhāshā* like any Hindu writer. He is the author of two works the ***Angadarpan***, completed in 1794 V. E. (1737 and not 1637) and the ***Rasaprabodh***, a treatise on rhetoric written in 1799 V. E. The *Angadarpan* from which one of the accompanying extracts is taken describes with a true poetic pencil the ***nakhsikh*** or *catalogue raisonne* of the various parts of the heroine's body, full of *upamāsa*, *utprekshas* and *rūpaks*. It is a work of 177 dohas. The *Rasaprabodh* is also a complete book on the nine *rasas*. The *Shadritu Varṇan* and *Barāmsā* portions of this work are also exceptionally good.

अनुभाव मध्य व्यभिचारी वर्णन

कहि अनुभावन हावहूँ बरने तिहि सँग आनि ।
अब व्यभिचारिन को कहौं सो द्वय विधि पहिचानि ॥
तिन द्वै भेदन माहिं जे तनव्यभिचारी आहिं ।
लहि अनुभाव प्रसंग को पहिले बरनौं ताहि ॥
तिनही व्यभिचारीन को सात्विक कहियें नाम ।
कहि लच्छन तिनकें करौं उदाहरण अभिराम ॥

अथ तनव्यभिचारी सात्विकलक्षणम्

सुख दुख आदि जु भावना हृदय माहिं कछु होइ ।
जो बिन बस्तु न परगटै सात्विक कहियें सोइ ॥
संत सबद प्रानी कह्यो जीवत देह निहारि ।
ताको जो कछु धरम है सो सात्विक निरधारि ॥
ये प्रगटत थिर भाव को अरु यें हैं तनभाय ।
या तें कवि इनको गनैं अनुभावन में ल्याय ॥
दबे सिँगारन भाव अरु सात्विक में यह जानि ।
वै प्रगटत रतिभाव यें सब थाइन को आनि ॥
दूजो यह अनुभाव अरु सात्विक भेद उदोत ।
वे बिन बस तें होत हैं यें निज बसतें होत ॥
सोई सात्विक आठ हैं यह जानत सब कोइ ।
तिनको बरनन करत हौं सब ग्रंथन मत जोइ ॥
सातों सात्विक नाम ते लच्छन प्रगट लखाइ ।
आठों लच्छन प्रलय को अब देहौं समुझाय ॥

स्वेद यथा

धन आवत जे आदि ही चलत स्वेद तन आइ ।
यों आवत यह कान्ह के श्रमजल रही अन्हाइ ॥

बाम लखत तन स्याम को कढ्यौ स्वेद यौं आइ ।
ज्यों तरपति ही बीजुरी बरषत मेघ बनाइ ॥

स्तम्भ यथा

हरि के देखतही कहा थकित भयो तुव गात ।
रही रई लै हाथ में दही मथ्यो नहिं जात ॥
पाग सजत हरिहग परी जूरे बाँधत बाम ।
रहे पेच कर मैं परे और पेच मैं स्याम ॥

रोमांच यथा

हौं तोही पर आनि यह लखी अपूरब बात ।
जित मारत पिय फूल तित होत कटीलो गात ॥
को न भयो री मान यह जिन अपने मन चेत ।
रोम रोम ते तन उठ्यो तव आदर के हेत ।

स्वरभंग को उदाहरण

छकित कर्यो मो प्रान तुव नहिं नहिं हिय ठहिराइ ।
मानो निकसत है सुरा सीसी मुख तें आइ ॥
अबहीं तुम गावत हुते भई कौन पर बात ।
सुरतरंग के लेत कत सुरतरंग ह्वै जात ॥

कम्प यथा

लख्यो न कहुँ घनस्याम अरु बोल सुन्यो नहिँ कान ।
कहाँ लगी तूँ बेल सी बात चलत थहिरान ॥
तनधन चंदन बदन ससि द्युति सीतलता पाइ ।
आजु अंग बृजराज के कम्प भयो है आइ ॥

विवरन यथा

कारो पीरो पट धरे बिहरत धनमन माहिँ ।
यातें निरमल गात मैं कारी पीरी छाँहिँ ॥

पद्मनि लखि रस लैन हित अति अनंग सरसाइ।
मधुपुरीति हरिबदन पै भई पीतता आइ॥

आँसू यथा

पिय लखि नहि तियचषन मै सुखअँसुवा ठहिराइ।
आपन ये सीतल हियो सीतल करत बनाइ॥
परत बाल मुखछाहिँ के दृगन रूप मैं आइ।
हरि के सुखअँसुवा चले पारद लौं उफनाइ॥

प्रलाप का लक्षण

होत हरष दुख आदि तें नष्ट चेसटा ज्ञान।
सुध न हिताहित की रहै सोइ प्रलाप पहिचान॥

यथा

तब तें सुध न सरीर की परी बाल बेहाल।
जब तें आये हैं लपटि कार लौं डसि लाल॥
डरत नहीं कछु अगिन तें जल ते नहिँ सियराति।
राधे देखतही भई यह मति हरि के साति॥

निर्वेदलक्षण

ध्यान सोच आधीनता आँसू स्वास उसास।
उठि चलिबो सरबस तजो ये अनुभाव प्रकास॥

निरवेद यथा

यह जिय आवत है अली तजि सब जग तें आस।
बनमाली के लखन को बन में लीजे बास॥
कत रोकत मोहि आइकै कछु बिवेक है तोहि।
स्यामरूप आगे कहो कौन देय है मोहि॥

ग्लानिलक्षण

रति गतादि ते निबलता नहि सँभार सो ग्लानि।
छीन बचन कम्पादि ते जान लेत है जान॥

यथा

नये संक ये गनत हैं रतिही माहि बिलास ।
कहूँ सुन्यो काहू लई माली पुहुप सुबास ॥

दीनतालक्षण

दुख दारिद बिरहादि ते होत दीनता आनि ।
मन बच सो हाहा करत तनमलीनता जानि ॥

यथा

हरि भोजन जब ते दये तेरे हित बिसराइ ।
दीन भयो दिन भरत है तब ते हाहा खाइ ॥

आठों सात्विक के दोहा में उदाहरण

पिय तकि छकि अधबरन कहि पुलक स्वेद ते छाइ ।
ह्वै बिबरन कम्पति गिरै तिय अँसुवा ठहराइ ॥

इति तनव्यभिचारिसमाप्त

अथ तेंतीस मनव्यभिचारिकथनम्

बरने तनचर भाइ अब बरनौं मनचर भाइ ।
जे थाइन के होत हैं नित सहचारी आइ ॥
रहत सदा थिरभाव में प्रगट होत यह रूप ।
जैसे आनि समुद्र ते निकसत लहर अनूप ॥
फिरत रहत सब रसन में इनको यहै सुभाव ।
जा रस मैं नीको जु है तैसो तहाँ बनाव ॥
पहिले दै निर्वेद को थाई माहिँ गनाइ ।
पुनि अब राख्यौ आनि यह व्यभिचारिन मैं ल्याइ ॥

तत्त्वज्ञान बिरहादि तें जहँ जग को अपमान ।
और निदरिबो आपनो सो निर्वेद प्रमान ॥
निज रस पूरन होनलौं थाई जानि उदोत ।
गये रौद्ररस मैं वहै व्यभिचारी पुनि होत ॥
त्यौं ही चिन्ता आदि जे धरे दसा दस माहिँ ।
गये और ठौरन वहै व्यभिचारी है जाहिँ ॥
तुव डर भजि बन बन फिरत अरिनारी बिलखाइ ।
जब पर पति लागत हुते अब ये कंटक आइ ॥

शंकालक्षण

निज ते कछु औगुन भये कै चवाव कछु देखि ।
उपजै संका जानिये इत उत लखन बिसेखि ॥

यथा

संकाहू है जब लख्यौ तुम्हैं वाहि मुसकात ।
तब ते जानी जगत मैं होत मेरियै बात ॥

त्रासलक्षण

त्रासभाव प्रगटै सदा घोर दरस सुधि पाइ ।
स्तंभ कंप धकधक हु ते तन मैं होत जनाइ ॥

यथा

हँसति हँसति तिय कोप कै पिय सों चली रिसाइ ।
निरखि किनारी तरप की डरपि गई लपटाइ ॥
देस देस के पुरुष सब चलत रावरी बात ।
यौं काँपत ज्यौं बात ते रूख रूख के पात ॥

आवेगलक्षण

अरिदरसन उतपात लहि मित्र सत्रु जहँ होइ ।
सो अवेग खेलन तपन बिभ्रम भ्रम ते होइ ॥

यथा

परी हुती पिय पास तहिँ गई सासु कहुँ आइ ।
सटपटाइ सकुचाइ तिय भाजी भवन डराइ ।।
सुनि तुव दल अरितियन की ऐसी गति दरसात ।
भजति गिरति गिरि फिरि भजति भजिभजि गिरिगिरि जात ।।

गर्वलक्षण

जौं काहू अधिकार तें अहंकार मन होइ ।
परनिदरे ते लखि परे गरब कहावै सोइ ।।

यथा

प्रीतम पठई बिन्दुली सो लिलार चमकाइ ।
सौतिन मैं बैठी तिया कछु ऐंठी सी जाइ ।।

असूयालक्षण

परगुनदरब बिलोकि कै होत सु असुया आनि ।
जोग कथन उपबचन तें प्रगट लीजियै जानि ।।

यथा

कमला हरि के उर बसे लह्यौ उरबसी नाउँ ।
यह गुन राधे उरबसी बैठी बाँधे पाउँ ।।

अमर्ष लक्षण

उपमानादिक तं कछू कोप आव सु अमर्ष ।
कहि तब बचन कठोर तहँ बढ़ै ताप घट हर्ष ।।

यथा

जो दासी के बस भये जग कहाइ बृजराज ।
तिनकी ये बतियाँ करत तुम्हैं न आवत लाज ।।
कहा कहों मो प्रभु नहीं दीनो सासन मोहि ।
नातर रे राक्षस कछू हौं दिखावतो तोहि ।।

उग्रतालक्षण

अपराधिक ते जो हियो जो निरदयता होइ ।
सोई उग्रता जानिये तरजन ताड़न होइ ॥

यथा

सीसफूल जेहि लाल को सौतिन करे बनाइ ।
तेहि राखौंगी आजु हौं पायल माहिँ लगाइ ॥

उत्सुकतालक्षण

सहि न सकै जो कालगति उत्सुकता तिहि जान ।
उपजे औाधि बिभाव सो बिकलाई ते मान ॥

यथा ।

पतिया पठवन कहि गये सो नहि पठई लाल ।
ताही की अवसेर में बिकल भई है बाल ॥
दिन अवसेरतही गयो नहिँ आये बृजराज ।
सजनी अब जिय जात है या रजनी के साज ॥

स्मृतिलक्षण

लखे बसन मनिगन चितै फिरि वाको सुधि होइ ।
कै सुधि पूरब अर्थ कै संस्मृति कहिये सोइ ॥
हरष सहत अविलोकिबो भौंहन को संचार ।
सिर कंपन अंगुरीन ते तरजन अरु भौचार ॥

यथा

निकसत ही पटनील ते तेरे तन की जोति ।
चपला अरु घनश्याम की हिये आनि सुधि होति ॥
जमुना तट मोसों कही तू जु बात मुसुकात ।
सदा रहत चित पर चढ़ी भूलिहु बिसरि न जात ॥

चिन्तालक्षण

अन पाये प्रियबचन को ध्यान माहिँ चित जाइ।
सो चिन्ता जेहि ताप अरु आँसू स्वास लखाइ ॥
दृगन मूँदि भौंहन जुरै कर पै राखि कपोल ।
कौन सोच मैं बैठ तिय इहि बिधि भई अडोल ॥

तर्क लक्षण

कहिये तरक बिचारि कै संसै तासु बिभाउ ।
सिर चालन भृकुटी चपल ताको है अनुभाउ ॥
संसै नहीं बिचार मैं इति त्रय अध्यवसाइ ।
चैाथो बिप्रतिपत्ति मैं चारि तरक समुदाइ ॥

संशयात्मकतर्क उदाहरण

मनमोहन छबि लखत ही भूलि गई सब ऐंठि ।
अब जग गति लाख्यौ कहै हैंा भूली की पैंठि ॥

विचारात्मकतर्क उदाहरण

बोलत हैं इत काग अरु फरकत नैन बनाइ ।
यातें यह जान्यौ परत प्रोतम मिलिहैं आइ ॥

अध्यवसायात्मक लक्षण

करि बिचार मेटे सकल सोई अध्यवसाइ ।

विप्रतिपत्यात्मक लक्षण

परै न जहँ परतीति सो विप्रतिपत्ति बनाइ ॥

अध्यबसायात्मक तर्क उदाहरण

रच्यौ काम यह मुकर कै कमल भयो अवदात ।
किधौं चन्द्र भुव अवतरयो कछु जान्यौ नहि जात ॥

विप्रतिपत्यात्मक तर्क उदाहरण

अनलज्वाल नहिँ कहि सकत करत सीत यह अंग ।
कला सरदससि कहो तो दिन ते कौन प्रसंग ॥

मतिलक्षण

ज्ञान जथारथ को जहाँ तहँ कहिये मति भाव ।
आगम सोच बिभाव अरु सिष्यादिक अनुभाव ॥

यथा

कोऊ बरनै पुरुषजसु कोऊ बरनै बाम ।
सुकबि सकल तजि कै सदा बरनत हैं हरिनाम ॥
धरमनीति प्रभुप्रीति जुत साधुप्रीति जहँ होइ ।
चित हित परउपकार मैं ज्ञान जानियें सोइ ॥

धृतिलक्षण

धृति कहियें संतोष को भत्या तासु बिभाव ।
दुख को सुख करि मानई धीरजादि अनुभाव ॥

यथा

हार्‌यो मदन चलाइ सर ससिकर सेल लगाइ ।
यह पिक करि रीती कहू कहा डरावत आइ ॥
कौन नवावत जगत को फिरै आपनो माथ ।
बाँधि दई है जीविका दई जीव के हाथ ॥

हर्षलक्षण

हरष भाव पिय बसत लखि मन प्रसादहू जोइ ।
मन प्रसन्न पुलकादि लहि जानत हैं सब लोइ ॥

यथा

तिय घट भरि उमड्यो हरष यौं भेटत नँदलाल ।
ज्यों बरसतही श्यामघन जल झिहरत भरि ताल ॥
होत एकही भवन मैं आनँद जनमें नन्द ।
रामजनम ते चौदहो भुवन भयो आनंद ॥

ब्रीडालक्षण

जो काहू की आनि ते होत ढिढाईहानि ।
मुख नावन आदिक जहाँ ब्रीडा लीजे आनि ॥

यथा

पिय कछु बाचन ते दिया तिय तें लयो मँगाइ ।
मुखछबि लखि इति ए छके उत वह मुरी लजाइ ॥
सखिन संग खेलत हुती ठाढ़ी सहज सुभाइ ।
पिय आवत औचकि चितै बैठि गई सिरु नाइ ॥

अवहित्थलक्षण

समगोपन व्यवहार के सो अवहित्था भाव ।
है विभाव हिय कुटिलई बहिलावन अनुभाव ॥

यथा

सौतिसिँगार निहारि तिय घूँघटपट मुख ल्याइ ।
खाँसी को मिस ठानि कै हाँसी रही दुराइ ॥

चपलतालक्षण

राग द्वेष आदिकन के होति चपलता आइ ।
किये शीघ्रता आदि तें तन मैं होति लखाइ ॥

यथा

इत ते उत उत ते इतहि चमकि जात बेहाल ।
लखिबे को घनश्याम के भई दामिनी बाल ॥

श्रमलक्षण

रवि-गति कै अति बल किये खेद होत जो आइ ।
सोई श्रम स्वेदादि जो मन मैं होत लखाइ ॥

यथा

निज काँधे तियबाँह धरि तियकटि धरि निज बाँह ।
मन्द मन्द सखि सेज तें ल्यावत मन्दिर माँह ॥
तन तोरति नासा चढ़ै सीसी भरि अँगिरानि ।
अंग दबावत बाल को दाबि लेत मन आनि ॥

निद्रालक्षण

सो निद्रा जो इंद्रियन तजि मन तुचा समाइ ।
श्रम आदिक ते होत लखि स्वपनादिक ते जाइ ॥

यथा

खिनिक होत तन मैं पुलकि खिनि अधरन मुसकान ।
याते श्रम तिय को परति पियसंग सोवन जान ॥
सुपने में मिलि लाल सों रही बाल लपटाय ।
बाहैं चलावति भुज गहति बिहँसनि देति जनाय ॥

स्वप्नलक्षण

तुचहँ त्यागि मन जमपुरी बसै सो स्वप्न बखान ।
होत नींद ते परत है स्वासादिक ते जान ॥

यथा

नैन मूँदि बेसुध परी सोवति बाल बनाइ ।
साँसछरी के बल रही बेसरिमुकुति नचाइ ॥

वैपथलक्षण

वैपथ जागब जानिये नींद छुटे तें होइ ।
दृगमूँदन अँगिरान अरु जिभ्यादिक ते जोइ ॥

यथा

पिय आहट लहि बालदृग यौं जुग उघरे प्रात ।
ज्यौं रविदुति सनमुख लखे मुँद्यौ कमल खुलि जात ॥

आलसलक्षण

व्याधि खेद गर्वादि तें आलस उपजै आनि ।
उठिबे की असमरथता ते मन लीजै जानि ॥

यथा

तिय लावत ही तेल पिय प्यालो लियो उठाइ ।
गरभभारते उठति नहिँ माँगति हाहा खाइ ॥
को न छको छबि सो भरी यह ऐड़ानि बिसेखि ।
अरु मग ढीली डगभरन अरसीली को देखि ॥

मदलक्षण

मदिरा विद्या दरब ते जोबन आये गात ।
उपजत है मदहाव तिँह कढ़त अलसगत बात ॥

यथा

छिनक रहति कर लै चषक छिन मुख रहति लगाइ ।
आप करति मदपान पै छकवति पी को जाइ ॥
जब तें कामिनि कान्ह के तके मदभरे नैन ।
तब तें वै बिनुमद छके छके रहत रसऐन ॥

मोहलक्षण

मद भय आदि बिभाव तें चित जो बेचित होइ ।
वहै मोह अज्ञानता ते लहियत है सोइ ॥

यथा

लकुटि गिरी छुटि हाथ तें मुकुट परयो झुकि पाइ ।
मोहन की यह गति करी राधे बदन दिखाइ ॥

उनमादलक्षण

दरबहानि बिरहादि ये है उनमादविभाव ।
बिनु बिचार आचार अरु बौराई अनुभाव ॥

यथा

खिनि रोवति खिनि बकि उठति खिनि गहि तोरति माल
जमुना के तट जाति यह भयो बाल को हाल ॥

अपस्मारलक्षण

जच्छ रच्छ ग्रह भूत अरु भय दुख आदि बिभाव ।
अनुभव वैपथ फेन मुख अपसमार को भाव ॥

यथा

कहा बजायो बेनु यह नारिन को जिय लेन ।
फरफरात छिति पर परी मुख मैं आयो फेन ॥
कत दिखाइ कामिननि को दामिनि को यह बाँह ।
थरथराति सी तन फिरै फरफराति घन माँह ॥

जडतालक्षण

ज्ञान घटै अरु गति थकै निरनिमेष रहि जाइ ।
प्रिय अप्रिय देखै सुनै सोई जड़ता भाइ ॥

यथा

पिय लखि यौं लागत अचल तिय दृग तारे स्याम ।
मनु थिर ह्वै बैठे भँवर कमलनि को करि धाम ॥
बाट चलति ननदी कह्यौ कहाँ गिरी तुव माल ।
हिये ओर तकि चकित ह्वै थकित ह्वै रही बाल ॥

विषादलक्षन

चाह्यौ हो इन अनचह्यौ भये देखि दुख होइ ।
सो बिषाद अनुभाव तिह तीन भाँति जिय जोइ ॥
उत्तम दृढ़ ह्वैकै हिये सोचै कछुक उपाय ।
मध्यम जो अनमन किये ढूँढ़ै कोउ सहाइ ॥
अधम बदन अति सूख कै पीरो होइ निदान ।
भरि भरि लेत उसास अरु करै भागअपमान ॥

यथा

चली स्याम पै बाम तहँ मिली ननदि पथि आइ ।
यह सोचति किहि छन्द छलि हरि सों मिलिये जाइ ॥

व्याधिलक्षन

काम कलेस भयादि ते व्याधि जुरादिक होइ ।
कर चरनन को फेरिबो धीरद हादिक होइ ॥

यथा

निरषि निरषि तिय की बिथा थकित भये सब लोग ।
समुझ न परति बियोग है कै कछु डारयो जोग ॥
अरी बाम छबि स्याम की यों परियंक लखाइ ।
मानो कागद पै लिखी मसि की लीक बनाइ ॥

मरनलक्षन

कछुक व्याधि वा घात तें मरन होत है आनि ।
दृगमूंदन स्वासा जलन हिका ते रहि जानि ॥

उदाहरन

तरफि तरफि तुव खेत मैं तुव बैरिन के लोग ।
कोऊ मरै कोऊ मरत को कोऊ मरिबे जोग ॥

इति बिभिचारीभावसमाप्तम् ।

अङ्गदर्पण

बारवर्णन

दोहा

बेनी बधि इक ठौर है, अहि सम राखत ठौर ।
बिथुरि चवँर से कच करत, मन बिथोरि घर चौर ॥

बेनीवर्णन

जे हरि रहे त्रिलोक में, कालीनाथ कहाय ।
ते तुव बेनी के डसे, सब जग हँसे बनाय ॥

मैमदवर्णन

मैमद झबियन मुकुत लखि, यह आयो जिय जागि ।
मसि हित पीछे राहु के, नखत रहे हैं लागि ॥

जूरावर्णन

चन्दमुखी जूरा चितै, चित लीनो पहिचानि ।
सीस उठायो है तिमिर, ससि को पीछे जानि ॥

पाटीयुत अरुण माँग बर्णन

लाल माँग पटिया नही, मदन जगत को मार ।
असित फरी पै लै धरी, रकत भरी तरवार ॥

भालबर्णन

पाटीदुति जुति भाल पर, राजि रही यहि साज ।
असित छत्र तमराज मनु, धरयो सीस द्विजराज ॥
जोरि सकत रसलीन तिंहिँ, भाल माथ के हाथ ।
चन्द कलङ्की करि दियो, बिधि सोहाग जिहि माथ ॥

टीकावर्णन

बारन निकट ललाट यों, सोहत टीका माथ ।
राहु गहत मनु चन्द पै, राख्यो सुरपति साथ ॥

पीतबिन्दीवर्णन

सोहत बेंदी पीत यों, तियलिलार अभिराम ।
मनु सुरगुरु को जानि के ससि दीनो सिर ठाम ॥

मुकुतायुतश्रवणवर्णन

मुकुत भए घर खोइ के, बैठे काम न आय ।
अब घर खोवत और के कीजे कोन पयाय ॥

तरौनावर्णन

जटित तरौना श्रवन में, यह बिधि करत बिलास ।
पिता तरणि कीनो मनो, पुत्र करन वरबास ॥

कर्णफूलवर्णन

करनफूल दुति धरन बिबि, करन लसत इहि भाय ।
मनो बदन ससि के उदै, नखत दुहूँ दिसि आय ॥

भौंहवर्णन

नाप नाप चुप चाप ह्वै, अतन छाँप धनु आप ।
आप गहे भवचाप अब, पर्ज्यो जगत के पाप ॥

भौंहमरोरवर्णन

ऐंठे ही उतरत धनुष, यह अचरज की बान ।
ज्यों ज्यों ऐंठति भौंधनुष, त्यों त्यों चढ़त निदान ॥

पलकवर्णन

यों तारे तियदृगन के, सोहत पलकन साथ ।
मनो मदनहिय सीस बिधु, धरे लाज के हाथ ॥

बरुनीवर्णन

कारे अनियारे खरे, कटकारे के भाव ।
झपकारे बरुनी करत झप झपकारे घाव ॥

नेत्रवर्णन

अमी हलाहल मद भरे, स्वेत स्याम रतनार ।
जियत मरत झुकि झुकि परत, जिहि चितवत इक बार ॥

पुतरीवर्णन

जो रसलीन तियान में, रहे बिचित्र कहाय ।
ते पाहनपुतरी भये, लखि तुव पुतरी भाय ॥

कोयनवर्णन

कोयन सर जिनके करे, सीय न राखे ठौर ।
को इन लोयन ना हनो, कोयनलोयन जोर ॥

काजरकोरवर्णन

तिय काजर कोरें बढ़ी, पूरन किय कवि पच्छ ।
लखियत खंजन पच्छ की, पुच्छ अलच्छ प्रतच्छ ॥

नेत्रडोरेवर्णन

रति डोरन ते लसत, चख चंचल इहि भाय ।
मनु बिधि पूनो अरुन में, खंजन बाँध्यो आय ॥

चितवनवर्णन

औचक ही मो तन चितै, दीठि खींच जब लीन ।
बिधन निसारन बान लौं, दोऊ बिध दुख दीन ॥

कटाक्षवर्णन

बान बेधि सब बधे को, खोज करत हैं जाय ।
अद्भुत बानकटाक्ष जिहि बध्यो लग्यो सँग जाय ॥

कपोलवर्णन

मुकुरविमलता चन्ददुति, बनजमृदुलता पाय ।
जनम लेइ जो कंबु ते, लहे कपोल सुभाय ॥

शीतलादागवर्णन

दाग शीतला को नहीं, मृदुल कपोलन चारु ।
चिह्न देखियत ईठ को, पड़ी दीठ के भारु ॥

तिलबर्णन

जाल घुँघट अमदंडभ्रू, नैनन मुलह बनाय ।
खैंचति खग जगदृग तिया, तिलदानो दिखराय ॥

अलकवर्णन

बाँध्यों अलकन प्रान तुव, बाँधन कचन बनाय ।
छोटन के अपराध यह परो बड़न पहँ जाय ॥

नासावर्णन

नासा कंचनतरु भयं, मरकत पत्र पुनीत ।
पलक फूल दृग फल भयं, सुरतरु कामद गीत ॥

नत्थवर्णन

नत्थ मुकुत अरु लालरी, सतगुन रजगुन रंग ।
प्रगट कहाँ ते करत यह, सकल तमोगुन ढंग ॥

लटकनवर्णन

ठग लटकन नथ फाँसले, पाय नासिका साथ ।
मारि मरोरयो जगत इन, नट नट डोलै हाथ ॥

अधरवर्णन

लिखन चहत रसलीन जब, तब अधरन की बात ।
लेखनि की बिधि जीभ बँधि, मधुराई ते जात ॥
तेरस दुतिया दुहुन मिल, एक रूप निज ठानि ।
भोर साँझ गहि अरुनई, भये अधर तुव आनि ॥

तमोलवर्णन

चीन्हें रंग तमोल को, दीन्हें अधरन बाल ।
कीन्हें बिद्रुम सुरँग पै, मानो मीना लाल ॥

दशनवर्णन

मोल लेन को जगत जिय, विधि जौहरी प्रवीन ।
राखे बिद्रुम के डबा, लै द्विज मुकुत नवीन ॥

अरुणदशनवर्णन

दसन झलक में अरुनता, लखि आवत मन माँह ।
परी रदन पर आयके, अधर रंग की छाँह ॥
अरुन दसन तुव बदन लहि, को नहिँ करै प्रकास ।
मंगलसुत आये पढ़न, बिद्या बानी पास ॥

मुसुकानवर्णन

बिजुरिबीज रदनन जमे, अमी बदन में आनि ।
याही ते दामिनि भई, कामिनि की मुसुकानि ॥

हासवर्णन

ललनकपट सौतिनगरब, हास कियो सब नास ।
चन्द्रहास सम भासई, चन्द्रमुखी को हास ॥

रसनावर्णन

नाम सप्त सुरसिंधु को वचन मुक्ति की सीप ।
कै रसना सब रसन की, पोथी गिरा समीप ॥

बाणीवर्णन

अद्भुत रानी परत तुव, मधु बानी श्रुति माहिँ ।
सब ज्ञानी ठहरे रहैं, पानी मांगत नाहिँ ॥

मुखबासवर्णन

अगर अतर के नगर में, कहूँ रही नहिँ चाह ।
बगर बगर सब डगर में, तुव मुखबास प्रवाह ॥
नथमुकुतन के झलक में, मो मन लह्यो प्रकास ।
करत नाकबासी मुकुत, आसु तियामुखबास ॥

चिबुकवर्णन

आए ठोढ़ी सर करन, बवर अम्ब निदान ।
कोई जर कोइर भये, कोइ सुखि पकि पियरान ॥

चिबुकगाड़वर्णन

मन पारा दृग कूप तें, उफन बाल मुखछाँह ।
पर्यो चिबुक के गाड़ में, कबहूँ निकसत नाँह ॥
अन्धभवन जल में धसे, जे हरि केलिनिधान ।
तीयचिबुकतिल के परे, लागे चुबकी खान ॥

मुखमण्डलवर्णन

नहिँ मृगंक भूअङ्क यह, नहिँ कलंक रजनीस ।
तुव मुख लखि हारो कियो, घसि घसि कारो सीस ॥
चन्द नहीं यह बालमुख, सोभा देखन काज ।
बारी कारी रैन में महताबो द्विजराज ॥

बसनयुत मुखवर्णन

इहिं बिधि गोरे बदन पर, लसत डोरिया सेत ।
मनो लहरि लों सरदघन, ससि पर सोभा देत ॥

किनारीवर्णन

सकिनारी सारी चितै, सबन बिचारी बात ।
गातरूप पर बाल के, जातरूप बलि जात ॥

ग्रीवावर्णन

जब धरतीक कपोत सब, नटे देखि ग्रिवभेख ।
तब उन पापिन कण्ठविधि, दियो पाप की रेख ॥

रेखावर्णन

जब मोहे तिहु लोक सब, तिहू ग्राम लै ठीक ।
तब दीने तुव कठ बिधि, यह त्रय मोहन लीक ॥

चंपाकलीवर्णन

मोतीजड़ित चँपाकली, तरे ढरे बहु गूँद ।
सहस किरन रवि ते मनो, चुवत सुधा की बूँद ॥

चौकीवर्णन

लाल चुनी में हरित नग, यों उरबसी सोहाय ।
मानो इन्द्रबधून में, इन्द्रपुत्र दरसाय ॥

हमेलवर्णन

निज गुन जंत्र दिखाय के, तिय हमेल हिय पाय ।
कलियुग साधनरीति गल डारत जेल बनाय ॥

बाँहवर्णन

चलत हलत नित बाँह तुव, देत कोटि जिय जान ।
या ही ते सब कहत हैं, सुधालहर परिमान ॥
सुधालहर तुव बाँह के, कैसे होत समान ।
वा चखि पैयत प्रान को, या लखि पैयत पा न ॥
कित दिखाइ कामिनि दई दामिनि को यह बाँह ।
तरफरात सी तन फिरै, फरफरात घन माँह ॥

पहुँची बर्णन

करअँगुरीवर्णन

मोहन सीखन बसिकरन, उनमादन उचटाय ।
मदनसरन गुन तरुनि के, अँगुरिन लयो छिनाय ॥

अँगुरीपोरवर्णन

तिय प्रति अँगुरिन फलन में, त्रय त्रय पोर सुहाय ।
तीन लोक बस करन को, बीज भये हैं आय ॥

नखयुतअँगुरीवर्णन

यों अँगुरी तियकरन की लागत नखन समेत ।
औषधीश गुन अमिय मनु जीवनमूरनि देत ॥

मेहदीवर्णन

बारह मगंल राशि गुन, सोई मिलि सब आय ।
उभय हथेरिन दस नखन, मेहँदी भई बनाय ॥
यों मेहँदीरँग में लसत नखन झलक रसलीन ।
मानो लाल चुनीन तर दीनो डाक नवीन ॥

बाजूवर्णन

सुबरन बाजूबन्दजुत, बाँह लसत इहिं भाय ।
मनु दामिन पँचाइ के नखत बसे हैं आय ॥
यों भुजबँदन की लसी छबि छबियन फन घोर ।
मानो झूमत हैं छके अमी कमल तर भोंर ॥

टारवर्णन

वसुधा में भुज टार की, उपमा बुधा न चेत ।
बाल सुधाकर छुधाधर, सुधा लहर सी लेत ॥

आरसी मुखछाहँवर्णन

मुकुत जड़ी बर आरसी तामें मुख की छाहँ ।
यों लागत मानहुँ ससी, उड़गनमंडल माहँ ॥

गातवर्णन

तरुनिबरन सर करन को, जग में कवन उदोत ।
सुबरन जाके अंग ढिग, राखत कुबरन होत ॥

सुकुमारतावर्णन

लगत बात ता को कहा, जा को सूछम गात ।
नेक स्वास के लगत ही, पास नहीं ठहरात ॥

अंगबासवर्णन

नैन रंग ते सुख लहत, नासाबास तुरंग ।
सोने। औार सुगन्ध है, बाल सलोना अंग ॥

पीतकंचुकीवर्णन

पीतांगी पर यों रही, बिन्दी कनक सुहाय ।
माने। कंचन कलस पै, लै ससि कीन्हों लाय ॥

रोमावलीवर्णन

रोमावलि रसलीन वा, उदर लसति इहिं भाँति ।
सुधाकुंभ के हित चली, मनो पिपिलिकापाँति ॥

नाभीयुतउरत्रिवलीवर्णन

एक बली के जोर ते जग में बास न होइ ।
तुव त्रिबली के जोर ते कैसे बचि हैं कोइ ॥
उदर बीच मन जाय के, बूड्यो नाभी माँहि ।
कूप सरोवर के परे, कोई निकसत नाँहि ॥

नीवीवर्णन

सोहत नीवी नाभि पर, उपमा कहै न कौन ।
मनो अतन सिर पुहुप धरि, बैठे अपने भौन ॥

पीठवर्णन

इक तरु दुइ दल होत हैं, यह अचरज की बात ।
दुइ तरु कदली जंघ में पीठ एक ही पात ॥
जोरि रूप सुवरन रची, बिधि रचि पचि तुव पीठ ।
कीन्हीं रखवारी तहाँ ब्याली बेनी दीठ ॥

पीठपनारीवर्णन

नहीं पनारी पीठ तुव कीन्ही दीठ विचार ।
धसकि गई यह भार तें बेनी के सुकुमार ॥

कटिवर्णन

सूछम कटि वा बाल की, कहौं कौन परकार ।
जाके ओर चितौतहीं, परत दृगन में बार ॥

उरूवर्णन

प्यारे उरु तकि तकि दिपति अंबर में न समाय ।
दीपसिखा फानूस लों न्यारे झलकत आय ॥

पदवर्णन

तुव पद सम तन पदुम को, कह्यो कवन विधि जाय ।
जिन राख्यो निज सीस पर, तुव पद को पद लाय ॥

पदलालीवर्णन

लिखन चहैं मसि बोरि जब अरुनाई तुव पाय ।
तब लेखनि के सीस के ईंगुररँग ह्वै जाय ॥

एड़ीवर्णन

जो हरि जग मोहित करी सो हरि परे बेहाल ।
कोहर सी एड़ोन सों, को हरि लियो न बाल ॥

पदतलवर्णन

तुव पगतलमृदुता चितै, कबि बरनत सकुचाहिं ।
मन में आवत जीभ लौं मत छाले परि जाहिं ।

जावकवर्णन

मनभावक जावक सखिन, सौतिन पावक ज्वाल ।
सीस नवावक लाल को, तुव पद जावक बाल ॥

चूरावर्णन

गुंजरी चूरा कनक तुव ऐसो बनो सुहाय ।
मनु ससि रबि निज रंग कर, ल्याये पूजन पाय ॥

अनवटवर्णन

ओट करे नहिं जात हैं, केहूँ इनके चोट ।
बिधि याही ते धरयो, इनके नाम अनोट ॥

सम्पूर्णवर्णन

नवला अमला कमल सी, चपला सी चल चारु ।
चन्द्रकला सी सीतकर, कमला सी सुकुमारु ॥
मुखछबि निरखि चकोर अरु तन पानिय लखि मीन ।
पदपंकज देखत भँवर, होत नयन रसलीन ॥

हावभाववर्णन

हाव भाव प्रति अंग लखि, छबि की छलकन संग ।
भूलत ज्ञान तरंग सब, ज्यों कुरछाल कुरंग ॥

9.—Deva.

"According to native opinion he was the greatest poet of his time and indeed one of the greatest poets of India." He was a Sanādh Brahman of Etāwah and was born in 1730 V. E. He commenced his poetic career at the age of sixteen and seems to have travelled far and wide. He is believed to be author of 72 different books. He wrote in pure Brijbhāshā and his verses are some of the finest productions of the poetic art. Misra Brothers consider him equal in rank to Sūr Dās and Tulsi Dās and have taken great pains in editing some of his works in the Kashi Nagarī Pracharinī Grantha Mālā from which one of the extracts is taken. He is believed to have died in 1802 V. E. Some of his works are noted below :—

(1) *Bhāva-vilās*, (2) *Ashtayām*, (3) *Bhavānī-vilās*, (4) *Sundarī-sindūr*, (5) *Sujān-vinod*, (6) *Prematarang*, (7) *Rāgratnākar*, (8) *Kushal-vilās*, (9) *Devacharitra*, (10) *Premchandrikā*, (11) *Jativilās*, (12) *Rasvilās*, (13) *Kāvya-rasāyan* or *Shabdarasāyan*, (14) *Sukhsāgartarang*, (15) *Deva-māyā-prapancha Nātak*, (16) *Brakchhvilās*, (17) *Pāvasvilās*, (18) *Brahma-darshan Pachchīsī*, (19) *Tatva-darshan Pachchīsī*, (20) *Atma-darshan Pachchīsī*, (21) *Jagadarshan Pachchīsī*, (22) *Rasānandalahari*, (23) *Premadīpikā*, (24) *Sumilvinod*, (25), *Rādhikavilās*, (26) *Nītīshatak*, *and* (27) *Nākhshikhpremadarshan*.

—

देव

प्रेमचन्द्रिका

द्वितीय प्रकाश ।

पूर्वानुराग दश दशा मुख्य प्रेमवर्णन

अथ प्रेमभेदवर्णन

दोहा

सानुराग, सौहार्द्र अरु भक्ति, और बात्सल्य ।
प्रेम पाँच बिधि कहत अरु कारपण्य बैकल्य[1] ॥१॥
सानुराग सिंगारगति सुकिया परकीयानि ।
प्रीतिपात्र, परिजन, सुजन, सौहारद पहिचानि ॥२॥
भक्ति भाव भक्तनि बिखे लघुनि प्रीति बात्सल्य ।
कारपण्य निज जन कृपण सातिसोक सासल्य[2] ॥३॥

अथ सानुराग शृंगारात्मक प्रेमवर्णन

दोहा

सरस भाव उर अंकुरित फूलि फलै सुखकंद ।
स्रवन, दरस, सुमिरन, परस, बरसत रस आनंद ॥४॥
दंपति सुख संपति प्रथम सुरति सुरति सिंगार ।
सो सुभाव भावनि बढ़त चढ़त चित्तसुखसार ॥५॥
द्वै बिधि सो सिंगार रस है संयोग बियोग ।
ते दोउ गूढ़ अगूढ़ गति द्वै द्वै बरनत लोग ॥६॥
सुख संयोग सु एक है है बियोग बिधि चारि ।
पूर्वनुराग, सकरुन, अरु मान, प्रवास, बिचारि ॥७॥

---

१ विकलता ।
२ पीड़ा के सहित, शल्ययुक्त ।

सुकिया, परकिय, बेसया, त्रिविधि नायिका जानि।
इनहीँ मैँ सिंगार रस प्रगटपरत पहिचानि ॥८॥
मुग्ध, मध्य, प्रौढ़ा, त्रिबिधि कही सुकीया बाम।
अरु अनूढ़, ऊढ़ा, द्रिबिधि परकीया के नाम ॥९॥
प्रेमहीन त्रिय बेसया है सिंगाराभास[1]।
कंचनकलई हेम पर त्यौँ गुन रूपप्रकास ॥१०॥
पति[2], उपपति, ब्यसनी, त्रिबिधि नायक तिहू सकेत।
प्रेम सु सुख दुख दुरव्यसन होत तिहू ते हेत ॥११॥
मुख्य प्रेम सिंगाररस मुग्धनि पूर्बनुराग।
सो अनूढ़ ऊढ़ानि हू गूढ़ागूढ़[3] बिभाग ॥१२॥

अथ शृंगार मैं मुग्धान बिषे पूर्वानुराग वियोग आदि मुख्य प्रेमवर्णन

दोहा

स्रवन, दरस, सुमिरन सरस होत परसपर नाहिँ।
सो पूरबअनुराग जहँ दुहू दसा दस आहिँ ॥१३॥
अभिलाषादिक दस दसा दुहु पूरबअनुराग।
मुग्धा, सुकियन, परकियन, मुख्य प्रेम बड़ भाग ॥१४॥
मान, कलह, मध्या, सुकिय, प्रौढ़ा, सरस न गर्ब।
प्रेमकलुषता सी दुहू सामान्या अति खर्ब ॥१५॥
बिबरन सुबरन होत व्है उन्मद पद निर्बान।
संग प्रेम पाखान उत माखन होत पखान ॥१६॥

सवैया

एरी अबै इत ह्वै निकस्यौ बिकस्यौ मुख आज सरोज हँसो है।
माधुरी बानि सुधा मुसकानि मैं रूप कलानि कलानिधि मोहै।

१—शृंगार की चमक मात्र।

२—पति का प्रेम से, उपपति का अपने सुख के वास्ते दुख देनेवाला, औ ब्यसनी का दुर्व्यसन के वास्ते स्नेह होता है।

३—छिपा हुआ और प्रकट।

तोरत सो अँग मोरत भौंहन जोहनि[1] मैं हित जोरत जो है ।
तावरी[2] आवै चितौनि चितै चित देव सो सुंदर साँवरो को है ? ॥१७॥

कबित्त

प्रेमगुन बाँधि चित चंग[3] सो चढ़ायो उन
सुनि सुनि बंसी धुनि चंग[4] मुहचंग[5] की ।
मधुर मृदंग सुर उरझि उतंग भई
रंग परबीन ऐसी बाजनि अभंग की ।
बधिक बिहंगबधू ब्याधि ज्यों कुरंगनारि
हनी है कुरंगनैनी पारधी[6] न अंग की ।
संग संग डोलत सखीन के उमंग भरी
अंग अंग उठत तरंग स्यामरंग की ॥१८॥

दोहा

स्रवन दरस सुमिरन बिरह सो पूरबअनुराग ।
अभिलाषादिक दस दसा तब संयोग सुहाग ॥१९॥

अथ श्रवणदर्शन—सवैया

मोहनी मंत्र कि योगिनी यंत्र बसीकर तंत्र बस्यौ ब्रज गाँवरो ।
मैं न सुनो तबते कछु और सुन्यौ जबतें गुन दीरघ दावरो[7] ।
देवजू जाल को मीन भयो मन त्यों तन भीन भयो भुरि भाँवरो ।
पेखनो सो अपनो कछु पेख्यौ जितै जित देख्यौ तितै तित साँवरो ॥२०॥

१—देखने में ।
२—मूर्छा, ग़श ।
३—पतंग ।
४—तेज़, घुमानेवाला ।
५—मुरचंग बाजा ।
६—बहेलिया, शिकारी ।
७—दवरा = डावड़ा = लड़का ।

सुनि देव अनूप कथा ब्रजभूप की रूपकला अकुलान लगी ।
पहिचानन प्रीति अचान[1] लगी लखिबे को कछू ललचान लगी ।
भरि भावन भौंहकमान चढ़ाय कै तानन लोचनबान लगी ।
कहूँ कान्ह कहाय सकान लगी तब ते तन प्रान बिकान लगी ॥२१॥

कबित्त

भावत न खेलु खेलि आवत खिलाए हू न,
खेल मैं हँसावत न आवत तहाँ हँसी ।
लोगन के सोच को सकोच सों चलत चढ़ि,
चातुरी चितौनि मैं चढ़ी है चित चाह सी ।
आँखिन मैं देखत न देखो देव काहू है,
कहत कछु कान मैं गहत आवै बाँह सी ।
काल्हि ही ते बोलत तिरीछे हँसि को है वह,
आगे पीछे डोलत लगे है परछाँह सी ॥२२॥

इति श्रवणसुमिरन भाव

अथ चित्रदर्शन—सवैया

बातन ही मैं बिहारत चित्तु निहारत नाँहिँ बिहार कि भूमै ।
सोचित[2] की गति सोचि सखी सँग सुन्दर को लै घरै घर घूमै ।
भीतर भीति लिखी ललिता चलि तागृह आँखिन आनँद भूमै ।
मित्र चरित्र बिचित्र चितै चरि चित्र की मूरति चाहत चूमै ॥२३॥

सखी को बचन सखी सों—सवैया

हैं। ही भुलानी कि भूलो सबै कोई भूल को मंत्र समूल सिख्यो सो ।
भोजन पान भुलानो सबै सुख स्वैबो सवाद बिषाद बिख्यो सो ॥
चित्र भई हैं। बिचित्र चरित्र न चित्त चुभ्यो अवरेख[3] रिख्यो[4] सो ।
चित्र लिख्यो हरि मित्र लिख्यौ तब ते सिगरो ब्रज चित्र लिख्यो सो ॥२४॥

१—यक बारगी ।
२—सोच में पड़ी हुई ।
३—देख कर ।
४—रेखा खींचा ।

अथ स्वप्नदर्शन—सवैया

हि बनै न कहेहू बिना कहि पूछै जो कोऊ कहा कहौं जैसो ।
खि मिहीचि दुरो यहि बीच हि साँवरो सुन्दर और न ऐसो ।
य परौ तू पलोटै न पाँय बताइ दे को है कहा अब है सो ?
अपनो ढिग ढूँढ़ि थकी बिसवासपनो सपनो यह कैसो ॥२५॥

सपने तिय को पिय आय दई उर लाय बनाय बिरी त्यों ।
त ही चख चौंकि परी सु चितै चकि सेज ते भूमि गिरी त्यों ।
जू द्वार किवारन हू झँझरीन झरोखन झाँकि फिरी त्यों ।
ा ज्यों मीन जराकी भई सु फिरै फरकै पिँजरा की चिरो[१] त्यौँ ॥२६॥

अथ साक्षात्दर्शन सवैया

कहानिन सों पहिले हरि कानन आनि समीप किए तैं ।
ा चरित्र न मित्र भए सपनं महँ मोहि मिलाइ लिए तैं ।
जू दूरि ते दौरि दुराय कै प्रेम सिखाय दिखाइ दिये तैं ।
ज[२] से बिकसे मुख वै निकसे इत ह्वै निकसे न हिये तैं ॥२७॥

ही भोरही श्रीवृषभान के आयो अकेलोई केलि भुलान्यो ।
तू सोवत ही उत भावती झीनो महा झलकै पट तान्यो ।
स ते उघरी इक बाँह भरी छवि हेरि हरी अकुलान्यो ।
त हाथ फिरै उमड़ो सो मड़ो व्रज बीच फिरै मड़रान्यो ॥२८॥

लतान मैं बाल को बोल सुन्यो कहूँ संग सखीन को टेरत ।
कह्यो हरि राधा येही दुरि देवजु देखि इतै मुख फेरत ।
ब ते पल एक नहीं कल लाखन लौं अभिलाखन घेरत ।
निकुंजहि नन्दकुमार घरीक मैं बार हजारक हेरत ॥२९॥

अथ नायका सखी प्रति बचन—सवैया

न देखत हौं दुति दूसरी देखे हैं जा दिन ते व्रज भूप मैं ।
रही री वही धुनि कानन आनन आनन ओप अनूप मैं ।

ड़ेया ।
ल ।

ए अँखिया सखियाँ न हमारी ए जाय मिलीं जलबुंद ज्यौं कूप मैं।
कोटि उपाय न पाइए फेरि समाय गई रँग राय के रूप मैं ॥३०॥

इति पूर्वानुराग ।

अथ अभिलाष वर्णन—सवैया

पहिले सतराइ रिसाइ सखी जदुराइ पै पाय गहाइए तौ ।
फिरि भेंटि भटू भरि अंक निसंक बड़े खन[1] लौं उर लाइए तौ ।
अपनो दुख औरनि को उपहासु सबै कवि देव जताइए तौ ।
घनस्यामहिं नेकहूँ एक घरी को यहाँ लगि जो करि पाइए तौ ॥३१॥

प्रति उत्तर—सवैया

लाल बुलाई है को हैं वे लाल न जानती हौ तौ सुखी रहिबो करि।
री सुख काहे को देखे बिना दिख साधन ही जियरा न परयो जरि ।
देव तौ जानि अजान क्यों होत इती सुनि आँसुन नैन लए भरि ।
साँची बुलाई बुलावन आई हहा कहु मोंहि कहा करिहै हरि ॥३२॥

बाम हथेरी दै बाम के सीस सखी कर दाहिने ठोढ़ी लई धरि ।
देव कछू मुसकाय उसास लै लाज भरी अँखियाँ समुही करि ।
भाख्यो भले जू भले मृगलोचनि याही सकोचनि जैहौ नहीं अरि ।
जैहौ तौ जैहौ तिहारी भई सिर जो न हियें की बिथा हरिहौ हरि ॥३३॥

अथ चिंता—सवैया

वा बिसवासिनि[2] बाँसुरी के रस मैं न कहूँ बस मैं परिजैये ।
चैन परै चित मैं न कहूँ इत मैन की ज्वालन सों जरि जैये ।
काननि को सुख ताननि को पै नये दुख प्राननि को धरि जैये ।
देवजू वे कहूँ काहू मिलैं जो मिलैं न मिलैं तो भले मरि जैये ॥३४॥

ऊजर ही करिबे को हँसै सु बसैं ब्रज गूजर[3] लोग घनेरेइ ।
क्यों हू मुरै न भुरै मनु लेत दुरे रहैं प्रेम घुरे घरु घेरेइ ॥

---

१ क्षण ।
२ विष में बसी हुई ।
३ अहीर ।

आपु पियो बिष जो अँखियान इतै सखियानन तै हरि हेरेइ ।
मेरे तौ जान अरे मन मूढ़ निदान परयो मरिबो सिर तेरेइ ॥३५॥

अथ ध्यान—सवैया

लेत उसासैं कँपै पुलकै न बतावति ध्यावति चित्त कहूँ दै ।
प्यास मरयो गुन पाले परयो पिय पाल्यो सुवा अँसुवान की बूँदै ।
विद्रुम[1] से अधरान धरे मुख दाड़िम बीज से दंतनि गूँदै ।
देवजू मोह मड़ी उमड़ी बड़ी आँखिन क्यों बड़ी बार की मूँदै ॥३६॥
जागत जागत खीन[2] भई अब लागत संग सखीन को भारो ।
खेलिबोऊ हँसिबोऊ कहा सुख सों बसिबो बिसे बीस बिसारो ।
त्यौ सुधि द्यौस गँवावति देवजू जामिनि[3] जाम[4] मनौ जुग चारो ।
नीरजनैनी निहारिए नैनन धीरज राखत ध्यान तिहारो ॥३७॥

अथ गुणकथन—सवैया

जे बिन देखे गए दिन बीति नयो पछिताउ अरो हिय हैए ।
देवजु देखि उन्हैं हौं दुखी भई या जिय को दुख काहि दिखैए ।
देखे बिना दिख साधनही मरि देखुरी देखत ही न अघैए ।
देखत देखत देखतही रही आपनी देहौ न देखन पैए ॥३८॥

कबित्त

सुन्दर सरूप ब्रजभूप को कुमार उर,
आनन्द अनूप अँखियानि खुभि[5] रह्यो है ।
लागत न एकौ पल[6] जागत बिबेको नहिं,
को पल[7] लगावै मनु छोभ छुभि[8] रह्यो है ॥
देव चितवनि लोल बोलनि हँसनि फँस्यो,
कुंडल अमोल बिन मोल लुभि रह्यो है ।
देखत न भूलै बिन देखे उर सूलै हित,
लालच लगाइ चित लाल चुभि रह्यो है ॥३९॥

१—मूँगा । २—क्षीण । ३—रात । ४—पहर । ५—गड़ रहा है ।
६—क्षण । ७—पलक । ८—मुग्ध ।

अथ उद्वेग

कबित्त

देखे दुख देत चेत[1] चन्द्रिका[2] अचेत करि
चैन न परत चन्द चन्दन को टारि दै ।
छीजन लगी है छबि बीजन[3] न करै बीर
नीरज[4] सुहात ना सखीजन निवारि दै ।
सोये सजि सेजन करेजन मै सूल उठै
जारि दे उसीर[5] कुटी रावटी उजारि दै ।
फूँकै ज्यों फनी[6] री फूलमाल को न नीरी करि
ए बीरी बरी ऐ जाति या बीरी बगारि दै ॥४०॥

सवैया

जीभ कुजाति न नेकु लजाति गनै कुलजाति न बात बह्यो करै ।
देव नयो हिय नेह लगाय बिदेह[7] कि आँचन देह दह्यो करै ।
जीव अजान न जानत जान जो मैन[8] अयान के ध्यान रह्यो करै ।
काहे को मेरो कहावत मेरो जु पै मन मेरो न मेरो कह्यो करै ॥४१॥

कबित्त

ना खिन[9] टरत टारे आँखिन न लगत पल
आँखिन लगे री स्याम सुंदर सलोने से ।
देखि देखि गातन अघात न अनूप रस
भरि भरि रूप लेत आनँद अचोने से ।
एरी कहि कोहै हौं कहाँ हौं कहाँ कहति हौं
कैसे बन कुंजदेव देखियत भौने से ।
राधे हौ सदन बैठी कहती हौ कान्ह कान्ह
हाहा कहु कान्ह वे कहाँ हैं को हैं कौने से ॥४२॥

---

१ चैत । २ किरण । ३ पङ्खा ।
४ कमल । ५ खस । ६ सर्प ।
७ जिस के देह नहीं है (काम) । ८ काम । ९ क्षण ।

सखी बचन—सवैया

मैं न सुनी री कहा भयो तोंहि कहूँ मति मानिक सो मनु खोलै ।
आई गँवाय कहाँ ते कहाँ कहैं बातन ही उतपातन तोलै ।
बाहेर पौरि न दीजिए पाँउ री बावरी होय सो डावरो[1] डोलै ।
तेरी बलाय बकै री बलाइ ल्यौं चूमति तो मुख तू मति बोलै ॥४३॥

अथ उद्वेग निवेदन

कबित्त

अपनेई जी के सुख नीके आपु आन कहूँ,
जानत न तापन ते जी की जरि जायगी ।
नीर बिन मीन ज्यों समीर बिन छिन छिन,
आधि मैं विपम विष व्याधि भरि जायगी ।
अंग अंग व्याकुल उसास लेत पल पल,
दुख के सदन बीच देत्र परि जायगी ।
खंजरीट-[2] नैनी मृदु मंजरी सहज माझ,
झार मैं उरझि कै मुरझि मरि जायगी ॥४४॥

अथ उन्माद—सवैया

कान्हमई वृषभान सुता भई प्रोति नई उनई जिय जैसी ।
जानै को देव बिकानी सी डोलै लगै गुरु लोगनि देखि अनैसी ।
आवत है मुख जो सो बकै अरु खान औ पान नहीं सुधि कैसी ।
ज्यों ज्यों सखी बहरावति बातनि त्यों त्यों बकै वह बावरी ऐसी ॥४५॥

कबित्त

बंसीधर धरी बंसी बंस तेरे बंस ही की,
बंसी-बट तैंही छबि छाँह छहराई है ।
मेरे बीर मौर मोरचन्द्रिका दई है तैं तो,
चकोर ब्रजचंद ओर डीठि ठहराई है ।

---

१ सखी, लड़की ।
२ खंजन ।

देव सुख मानि मानि पल्लव लतानि पूँछै
बावरी न बानि तजै केती बहराई है।
बिमल बिसाल गुन गूँदि कै गोपाल गरे
मालती पुहप माल तैंही पहिराई है ॥४६॥

अथ उन्मादनिवेदन—सवैया

ए अपनी करनी किन देखत देव कहीं न बनाइ कछू मैं।
घायल ह्वै करसायल[1] ज्यौं मृग त्यौं उतही उतरायल[2] घूमै।
मेटिबे को तन ताप दुहू भुज भेटिबे को झपटै झुकि झूमै।
चित्र के मंदिर मित्र तुम्हैं लखि चित्र की मूरति को मुख चूमै ॥४७॥

अथ व्याधि

कबित्त

सुघर[3] सुनार रूप सुबरनचोर दृग,
कोरे हरि लेत रवा राखत न राई सी।
एहो बलबीर बलबीर की सौं कैसे काम,
आखिर अहीर पीर जानौ ना पराई सी ॥
घर घरिया मैं घुरी घरी मैं उघरि आई,
फैली जाति फूल नहीं फिरत गराई सी।
देव जू सुहाग रंग आँचन तचाई सोई,
रंच ना सिराति तची कंचन सिराई सी ॥४८॥

सवैया

नेह लगाय निहोरे करावत नाहक नाह कहावत जैसे।
साथ ते सेकत हाथ जरे घर कौन बुझावै मिले सब तैसे।
वाहि न घूँघट की घट की सुधि अंग अनंग जरे पर जैसे।
कौन गहै कर तू तिनके जिनकी करतूतिन के फल ऐसे ॥४९॥

---

१ काला मृग।
२ आतुरता से।
३ सुनार की दुकान के सामान इस छंद में कहे गये हैं।

अथ जड़ता—सवैया

साँसन[1] ही सों समीर गयो अरु आँसुन ही सब नीर गयो ढरि ।
तेज गयो गुन लै अपनो अरु भूमि गई तन की तनुता[2] करि ।
देव जियै मिलिबेई की आस कै आस हू पास अकास रह्यो भरि ।
जा दिन ते मुख फेरि हरे हँसि हेरि हियो जु लियो हरि जू हरि ।।५०।।

कवित्त

जागु री जगावै जगु जागुरी जगै न ऊ,
जगै न[3] जोति[4] जागे होति ही सुजग री[5] ।
द्वार की डगर डगरी परत कापै डग,
डगरी परत डील डोलै डगडगरी ।
देव गुनअगरी उसासै भरै अगरी[6],
दबाए दंत अँगुरी अचल अँग अँग री ।
लंक लग बगरी[7] कलंक लग[8] बगरी,
सखीन संग बगरी[9] सखीन संग बगरी ।।५१।।

निवेदन—सवैया

देखिबे को दिख साधन ही पल आधन ही हँसि नींद लही है ।
देवजू देखत देखत ही मग चैन चले पग सेज गही है ।
देखिबे को इतो देखिए दौरि कि देह दसा बिन देखे दही है ।
साथ रही हग पाथ[10] रही घुरि पाथ[11] रही तन[12] हाथ रही है ।।५२।।

---

१ पञ्चभूत-वर्णन—हवा, पानी, तेज, भूमि, आकाश ।
२ दुबलापन ।
३ सजग नहीं होती ।
४ प्रेम की ज्योति ।
५ जगर मगर, प्रकाशित ।
६ विशेष ।
७ लचलची ।
८ कलंक तक फैली है अर्थात् उसका पता नहीं लगता ।
९ फैली ।
१० रास्ता ।
११ ओला ।
१२ सूक्ष्म, लघु, त्याग ।

कबित्त

निर्मल ह्वै मलिन ससंक बंक सलज,
सिथिल दीन सालस सचिंत सँभरति है।
मद उनमाद धीर चपल अमर्ख हर्ख,
नींद जाग्र स्वपन बितर्क बिसुरति है।
ब्याधि गर्ब उग्र उतकंठा दुख आवेग,
अचल बचखोट सबै जानति डरति है।
मोहति मुरति आँसू स्वेद तंभ पुलक,
बिबर्न स्वरभंग कंपि मूरछि परति है ॥५३॥

मरण—सवैया

राधे के बाढ़ो बियोग की बाधा सु देव अबोल अडोल डरी रही।
लोगन की बृषभान के भौन मैं भोर ते भारियै भीर भरी रही।
वाके निदान ह्वै प्रान रहे कढ़ि औषधि मूरि करोरि करी रही।
चेति मरू[1] करि कै चितई जब चारि घरी लौं मरीयै धरी रही ॥५४॥

निवेदन। सवैया

पूछत हौ पछिताने कहा फिरि पीछे ते पावक हो को पिलैागे।
काल की हाल मैं बूड़ति बाल बिलोकि हलाहल ही को हिलैागे।
लीजिए ज्याय सुधामधु प्याय कि न्यायन ही बिष गोली गिलैागे।
पंचनि[2] पंच मिले परपंच मैं वाहि मिले तुम काहि मिलैागे ॥५५॥

यहि बिधि मुग्ध बधूनि के पूर्वनुराग विशेखि।
अभिलाषादिक दसदशा प्रेममुख्यता देखि ॥
कुच कठोर कोमल हृदय रूखी निचुरै नेह।
भय लज्जा की ओट कै पतिहि अर्पती देह ॥

इति

---

१ मुश्किल।

२ पंच भूत पंच भूत में मिलने बाद अर्थात् मरने के बाद।

रसविलास

तृतीय विलास

अष्टांग नायिकावर्णन

दोहा

काम अंधकारी जगत लखै न रूप कुरूप ।
हाथ लियें डोलत फिरै कामिनिछरी अनूप ।।१।।
ताते कामिनि एक ही कहन सुनन को भेद ।
राचै पागै प्रेमरस मेटै मन को खेद ।।२।।
रची राम सँग भीलनी जदुपति संग अहीरि ।
प्रबल सदा बनबासिनी नवल नागरिन पीर ।।३।।
कौन गनै पूरब नगर कामिनि एकै रीति ।
देखत हरै बिबेक कौं चित्त हरै करि प्रीति ।।४।।

सवैया

ठाढ़ी ही बाग मैं भागभरी मनौं कामभुजङ्गम के विष चोई ।
आनि परी चित बीच अचानक जोबनरूप महारस मोई ।
नागरि धौं पुरबासिनि ही के गँवारि किधौं बनबासिनि कोई ।
को गनै भोजन की जन की पन की तन की मन की मति खोई ।।५।।

अथ अष्टाङ्गवती नायिका के अष्टाङ्ग

दोहा

जा कामिनि मैं देखियें पूरन आठहु अङ्ग ।
ताही बरनैं नायिका त्रिभुवनमोहन रङ्ग ।।६।।
पहिलें जोबन रूप गुन सील प्रेम पहिचानि ।
कुल वैभव भूषन बहुरि आठौं अङ्ग बखानि ।।७।।

अथ यौवनवर्णन

दोहा

बालापन कौं भेदि कै छबि कौं अङ्कुर होइ ।
जग मोहै दिन दिन बढ़ै जोबन कहियें सोइ ।।८।।

सवैया

खेलतही मैं भयौ कछु खेल खिलावनवारी भई सब सौतैं ।
देवजू चौंकि चिते चकिवै सुचवाव करैं उठि आपनी गौं तैं ।
औरइ साँझ तैं सूर उदै लगि औरई साँझ लौं सूर उदौतैं ।
रूप की ओप अनूप धरी पल बालि सी बाढ़त कालिह परौं तैं ॥९॥

कबित्त

लहलही बैस उलही है दुलही की देव,
उर मैं उरोज जैसे उभरत पाग है ।
अनगिने दिननि अनूप दुति आनन की,
देखतही उपज अनूठो अनुराग है ।
तैसीये तरल तीखे अनसीखे नैननि तैं
निचुरैं निपुन सूधो भावते कौ भाग है ।
सोने से सुरंगनि तैं चम्पा चारु अंगनि तैं
रंगनि सौं ऊँचत तरंगनि सुहाग है ॥१०॥

इति यौबनलक्षणवर्णनम् सम्पूर्णम्

अथ ज्ञातयौवना वर्णन—सवैया

पीछे तिरीछे कटाछिन सौं इत वै चितवैं री लला ललचोहैं ।
चौगुनौ चैन चवाइनि के चित चाइ चढ़े हैं चवाइ मचो हैं ।
जोबन आयौ न पाप लग्यौ कवि देव रहैं गुरुलोग रिसोहैं ।
जी मैं लजैये औ जैये जितै तितै पैये कलङ्क चितैये जौ सोहैं ॥११॥

अथ रूपवर्णन

दोहा

देखतही जो मन हरै सुख अँखियन कौ देइ ।
रूप बखानैं ताहि जौ जग चेरौ करि लेइ ॥१२॥

उदाहरण--कबित्त

कुन्दन से अंग नवजोवन सुरंग उठे
उरज उतंग धन्य प्यौ जु परसतु है।
सोहति किनारी वारी तनसुख सारी
देव सीस सीसफूल अधखुल्यौ दरसतु है॥
बेंदिया जराव बड़े मोतिनि सौं नीकी नथ
हलत तरौंननि तैं रूप सरसतु है।
गोरी गजगौनी लौनी नवल दुलहैया तेरे
भाग-भरे मुख पै सुहाग बरसत है॥१३॥

पुनः यथा

घूँघट खुलत अब उलट ह्वै जैहै देव
उद्धत मनोज जग जुद्ध जूटि परैगौ।
को कहै अलीक बात सो कहैं सु रोक सिय—
लोक तिहुँ लोक की लुनाई लूटि परैगौ।
दैवनि दुराव मुखनान्तर तरैयनि को
मण्डल मटिक औ चटकि टूटि परैगौ।
तो चितै सकोचि सोचि मोचि मद मूरछि ह्वै
छोरतैं छपाकर छता तें छूटि परैगौ॥१४॥

अथ गुनवर्णन—दोहा

कायिक बाचिक करम करि बाँधै सब को चित्त।
राव रङ्क रीझैं गुनहि होइ जगत को मित्त॥१५॥

सवैया

गाइ बजाइ नचाइ कै नारि रिझाइ कै नाथ बताइबौ सोह्यौ।
चित्र विचित्र कला कविता रस देवजू चातुरी सौं चित पोह्यौ।
भोजन भूषन भाषनि भेष विसेष रचै रचना रुचिरोह्यौ।
रूप-उजागर राधे अहे गुनआगरि तैं जग मोहन मोह्यौ॥१६॥

कबित्त

वेदनिहूँ गने गुन जाके अनगने भेद
भेद बिन जाकौ गुन निरगुन हूप है ।
कितक बिरंच्यौ ऐसी रचै रुचि रच्यो महा
सुखनि कौ सच्यौ जहाँ बंच्यौ ब्रजभूप है ।
तोही सुनि सुनि अवराधा अब राधा जस
जानत न देव कोई कहा धौं अनूप है ।
तेज है कि तप है कि सील है कि सम्पति है,
राग है कि रंग है कि रस है कि रूप है ॥१७॥

अथ शीलवर्णन—दोहा

कोमल बचन प्रसन्नमन सज्जनरञ्जन भाइ ।
दीन दया थिरता छिमा ये कहु सील सुभाइ ॥१८॥

सवैया

भौन भरे सगरे ब्रज सौंह सराहत तेरेई सील सुभाइन ।
छाती सिरात सुने सबकी चहुँ ओर तें चोप चढ़ी चित चाइन ।
एरी बलाइ ल्यौं मेरी भटू सुनि तेरी हौं चेरी परौं इन पाइन ।
सौतिहू की अखियाँ सुख पावतीं तो मुख देखि सखी सुखदाइन ॥१९॥

नेहभरी तैं सनेह खरी रस-मेह भरी अँखियाँनि बिसेषी ।
भौंहनि मैं झलकै मुसुकानि सी काम कमान मनौ अवरेखी ।
देव सुभाव रखै मधु बोल सुधानिधि मैं न इती रुचि पेखी ।
कैसेहूँ क्यौंहूँ रिसात जु पै सरसात घनी अरसात न देखी ॥२०॥

अथ प्रेमवर्णन—दोहा

सुख दुखहू मै एक सी तन मन बचननि प्रीति ।
सहज नेह नित नित नयो जहाँ सु प्रेम प्रतीति ॥२१॥

प्रेम को उदाहरण—कबित्त

रीझि रीझि रहसि रहसि हँसि हँसि उठैं,
साँसै भरि आँसू भरि कहति दई दई।
चौंकि चौंकि चकि चकि औंचकि उचकि देव,
छकि छकि बकि बकि उठति वई वई।
दुहुँन के गुन रूप दोऊ बरनत फिरैं,
पल न थिरात रीति नेह की नई नई।
मोहि मोहि मोहन कौ मन भयौ राधामय,
राधामन मोहि मोहि मोहनमई भई ॥२२॥

कबित्त

औचक अगाध सिन्धु स्याही को उमगि आयौ,
तामैं तीनौं लोक बूड़ि गये एक सङ्ग मैं।
कोरे कोरे कागद लिखे ज्यौं कारे आखर ज्यौं,
न्यारे कर बांचै कौ न राचै चित भङ्ग मैं।
नैंननि मैं तिमिर अमावस की रैनि अरु,
जम्बूरस बिन्दु जमुनाजल तरङ्ग मैं।
यौंही मन मेरौ मेरे काम कौन रह्यौ माई,
स्याम रङ्ग ह्वै करि समानौ स्याम-रङ्ग मैं ॥२३॥

दोहा

सो संजोग बियोग करि द्वै विधि बरनत प्रेम।
सुखदायक सञ्जोग मैं दुख वियोग को नेम ॥२४॥

अथ वियोग प्रेम को उदाहरण—कबित्त

तेरौ कह्यो करि करि जीउ रह्यो जरि जरि,
हारी पाइँ परि परि तौ न कीनी सम्हार।
लालन बिलोकि देव पल न लगाए तब,
कल न दीनीं तैं छलन उछलनहार।

ऐसे निरमोही सौं सनेह बाँधि हौं बँधाइ,
आय विधि बूड्यो व्याध बाधासिन्धु निर्धार।
एरे मन मेरे तैं घनेरे दुख दीने अब,
एक बार दैकैं तोहि मूँदि मारौं एक बार ॥२५॥

अथ कुलाचार वर्णन—दोहा

गुरुजन-पूजन धर्मपन लीने लोक विचार।
लाज काज गौरव जहाँ सोई कुल-आचार ॥२६॥

सवैया

आपनें ऊकि रहैं अवलोकि विलोकिक एक सदा निरजोसी।
लाज के काज सुकाज करैं सुनि साधु-समाज असीस दयो सी।
कीने प्रसन्न सबै करि सेवन काहू कहूँ गुर-देव न दोसी।
दो कुल निर्मल मो कुल-कीरति गोकुल मो कुलनारि न तो सी ॥ २७ ॥

कबित्त

तेरे अनगिने गुन रतन जतन करि,
गुरुजन पावैं परि प्रेमपखियन में।
पार न लहत गहराई न गहत देव,
केवल सुधाई मधु जैसी मखियन मैं।
एरी कुलबधू मेरी राधे ठकुराइनि हौ,
पाइनि परत तेरी चेरी सखियनि मैं।
सील को सलिलनिधि विधि तू बनाई जाके,
राजति जहाज-भरी लाज अँखियन मैं ॥२८॥

अथ वैभववर्णन—दोहा

जहाँ सहज सम्पति सु पुनि प्रभुता कौ अभिमान।
थिरता गति गम्भीरता वैभव ताहि बखान ॥२९॥

कबित्त

फटिक-सिलानि सौं सुधार्‌यौ सुधा-मन्दिर,
उदधि कौ सो उफनाय उमगै अमन्द ।
बाहर तें भीतर लौं भीति न दिखाई देत,
छीर के से फैन फैलो चाँदनी फरसबन्द ।
तारा सी तरुनि तामैं देव जगमग होत,
मोतिन की जोति मिल्यौ मल्लिका कौ मकरन्द ।
आरसी से अम्बर मैं आभा सी उजारी ठाढ़ी,
प्यारी राधिका कौ प्रतिबिम्ब सौ लगत चन्द ॥३०॥

रूपे के महल धूपे अगर उदार द्वार,
झँझरी झरोखा मूँदे चारु चिक राती मैं ।
उर्द्ध अध मूल तूल-पटनि लपेटे चहूँ,
लपट सुगन्ध सेज सुखद सुहाती मैं ।
सिसिर के सीत प्रिया प्रीतम सनेह दिन,
छिन से बिहात देव राती नियराती मैं ।
केसरि कुरङ्ग-सार रङ्ग से लिपत दोऊ,
दुहू मैं दिपत औ छिपत जात छाती मैं ॥३१॥

इति वैभव सम्पूर्णम् ।

अथ भूषन वर्णन—दोहा

चमतकार रचनानिकरि बहु बिधि माड़ै गात ।
भूषन बेस बिसेष कहुँ अलङ्कार अवदात ॥३२॥

कबित्त

कञ्चन-किनारी वारी सारी तास की मैं आस,
पास तनीं मोतिन की झालरि इकहरी ।
सीसफूल बैंना बैदी बेसरि औ बीरनि मैं,
हीरनि की भीर मैं अधिक छबि छहरी ॥

चन्द से बदन भाँन भई वृषभानजाई,
यौवन-लुनाई की लुवनि कैसी लहरी।
कामघाम घी ज्यों पिघलत घनस्याममन,
क्यौं सहै समीप देव दीपति दुपहरी ॥३३॥

गोरे मुँह गोल हरैं हँसति कपोल बड़े
लोचन बिलोल लाल लौने लीनी लाज पर।
लोभा लागे लाल लखिबे कौ कविदेव छबि
गोभा से उठत रूप सोभा के समाज पर।
बादले की सारी बर दामन किनारी जगमगैं
जर-तारी झीनी झालरि के साज पर;
मोती गुहे कोरन चमंकैं चहूँ ओरन सु
तोरन तरैयनि को तानो द्विजराज पर ॥३४॥

अथ अष्टाङ्गवती नायिकावर्णन—सवैया

सुन्दर जोबन रूप अनूप महागुन ग्यान की रासि मची तूं।
सीलभरी कुल दोऊ उजागर नागरि पूरन प्रेम-पची तूं।
भाग की भौन सुहाग सौं भूषित भूमि को भूषन साँची सची तूं।
आठहूँ अङ्ग तरङ्गत रङ्ग सबै सुचि सञ्चि विरञ्चि रची तूं॥३५॥

थोरीये बैस बिसाल लसैं कच टेढ़ी चितौनि में सूधी चलै पथ।
कौंवरे अङ्ग करेरे कुचा-यृत लाज-लची गुन ऊँचे मनोरथ।
लङ्क लग्यो उमग्यो उर देव सु बोलैं हरैं गरुई सी गिरा लथ।
नैंन बड़े बड़े नैसक अञ्जन मोती बड़े बड़े नैसक सी नथ॥३६॥

दोहा

एहि बिधि आठौ अङ्ग करि पूरन नारि जु होइ।
तिहिं बरनौं हौं नायिका जिहिँ बरनौं कविलोइ॥३७॥

केसब आदिक महाकवि बरनी सो बहु ग्रन्थ।
हौं हूँ बरनत ताहिं अब सरस अपूरब पन्थ॥३८॥

एक बार जद्यपि कही मतिप्राचीन प्रकास ।
भाव सहित सिङ्गाररस रचिकै भावबिलास ॥३९॥

रसबिलास रचि ग्रन्थ सौ कहत दूसरी बार ।
वही नायिका भेद सब सुनहु नवीन प्रकार ॥४०॥

इति श्रीरसविलासे कविदेवदत्तकृते अष्टाङ्गनायिकावर्णनम् नाम चतुर्थो विलासः ॥४॥

10—Bhikhari Das.

"Bhikhari Das, the Kayastha of Arwal, in Bundelkhand, is counted as one of the masters of vernacular composition. Amongst his works may be mentioned (1) a treatise on prosody entitled *Chhandārnab*, (2) *Ras-sārānsa*, (3) *Kābya-nirnaya*, (4) *Sringārnirnaya*, (5) *Bāg Bāhār*, (6) *Prem-ratnākar*."*

Shiva Singh believes Arwar to be a place in Bundelkhand, and it is on his authority that Sir George Grierson also calls him a native of Bundelkhand. Arwar, however, is old name of the country round Partabgarh in Oudh. It has now been ascertained that Bhikhari Das was a native of Teunga, a village about a mile from Fort Partabgarh. He was a Srivastava Kayastha and his father's name was Kirpaldas.

In addition to the five works noticed above a few more have been brought to light namely the *Vishnupurān* and the *Nāma Prakāsh*, the latter being a Hindi translation of the famous *Amarkosh*.

His patron was Hindupati Singh, a brother of Somwansi Raja Prithivi Singha. Prithivi Singha ascended the *gaddi* in 1791 V. E. and was treacherously killed by Safdarjang in 1807 V. E. His work the *Rasasārānsa* dealing with *rasas* was compiled in 1791 V. E. as appears from the following :—

सत्रह सै इक्यानवे नभ सुदि छठि बुधवार ।
अरवरदेश प्रतापगढ़ भयो ग्रन्थ अवतार ॥

It is essentially work a on *Nāyikā bhed*. His other work, the *Sringārnirnaya* was completed on Baisakh Sudi 13, 1807 V. E. and treats of the various divisions and sub-divisions of *Sringār*. This is believed to be his best work.

He was the first critic in Hindi. He wrote in Brijbhasha and his language is sweet and melodious.

Modern Vernacular Literature of Hindustan

The accompanying extracts are taken from an edition of the poet's works printed under the patronage of my esteemed friend, the late Raja Pratap Bahadur Singh C. S. I. of Partabgarh. The edition is exceedingly corrupt and I doubt much if in some places the words as read by me represent the original.

रस सारांश

सामान्य शृङ्गार में हाव लक्षण।

दोहा

सम संयोग शृँगार हू तियकौतुक है हाव।
जाते लखियं प्रीति को बिबिध भाँति अनुभाव॥
क्रिया बचन और चेसटै जहँ बरनत कवि कोइ।
ताहू को हावै कहैं अनुभव होइ न होइ॥

हावन के लक्षण

छप्पै

चितवनि हँसनि विलास[1] ललित शोभा प्रकास करि।
विभ्रम,[2] संभ्रम,[3] काज बिहित[4] आड़ै लज्जा उर।
किलकिंचित[5] बहु, भाव हिये अंगनि मोट्टाइत[6]।
केलि कलह कुट्टमित[7] कपट नादर विव्वोक[8] चित।
विच्छित्ति बिना कै थोरही भूषन पट शोभा बढ़ति।
पियस्वाँग करै तिय प्रेमबस कहियत लीलाहाव[10] गति॥

विलास हाव

दोहा

भृकुटि अधर को फेरिवो वंक विलोकनि हासु।
मनमोहन को मन हर्‌यो तिय को सकल विलासु॥

विलास हाव को उदाहरण

कबित्त

पै बिनु पनिच बिनु करकी कसीस* बिनु,
चलत इसारं यह जिनको प्रमान है।
आँखिन अड़त आइ उर में गड़त धाइ,
परत न देखे पीर करत अमान है।

---

pulling -- کشش

बंक अवलोकन के बान औरई बिधान,
कज्जलकलित जामै जहर समान है।
तासों बरबस बेध मेरे चित चंचल को,
भामिनी यै भौंह कैसी कहरु* कमान है॥

दोहा

छ्वैगो अंगहि अंग कछु कहा करैगी ग्वारि।
यहि बिधि नन्दकुमार पर न दरि अधर सुकुमारि॥
फिरि फिरि चितचावन ललन फिरि फिरि देत हँसाइ।
सुधा सुमनबरषा निरखि हरष हिये सरसाइ॥

२ ललित हाव

दोहा

पट भूषन सुकुमारता थल जल बाग बिहार।
लाल मनोहर बाल को सकल ललित ब्यौहार॥
बालभाल परभा लसै बर चंदन को बिन्दु।
इंद्रबधूहि गह्यो मनो गोद मोद जुत इंदु॥
मूँदे दृग सरसाइ दुति दुरयो दंत दरसाइ।
बलि तुम सँग दृगमिहचनी खेलै कौनि उपाइ॥
जाति नवेलीबृन्दमै नारि नवेली जाइ।
सोनजुही ते बरन तन कलरव बचन सुभाइ॥
चली छूबि कर अलिन के लली दुरावत अंग।
तऊ देह दीपति लिये जाति गुंजरति संग॥

३ विभ्रमहाव।

दोहा

अदल बदल भूषन प्रिया याते परत लखाइ।
नूपुर कटि ढोलो भयो सकसि किंकिनी पाइ॥

४ विहित हाव

दोहा

मों बसि होइ तौ बसि रहै मोहन मूरति मैन ।
उर ते उत्कंठा बढ़ै कढ़ै न मुख ते बैन ॥
अँचवन दियौ न आजु अलि हरि छबि अमी अघाइ ।
रोक्यौ प्यासे दृगनि को लाज निगोड़ी आइ ॥

५ किलकिंचित हाव

बाँह गही हटकी सकी थकी छकी सी ईठि ।
चकी जकी पिय की थकी तकी झुकी सी डीठि ॥

६ मोट्टायित हाव

करनि करनकुंडी करति पगु अंगुठा भुव लेखि ।
तिय अँगिराति जम्हाति छकि मनमोहन छबि देखि ॥
काली नथि ल्यायो समुझि वा दिनवाली बात ।
आली बनमाली लखे थरथरात मो गात ॥

७ कुट्टमित हाव

नहीं नहीं सुनि नहिं रह्यौ नेहँ नहनि में नाह ।
त्यौं त्यौं भारतिमोद सो ज्यौं ज्यौं झारति बाँह ॥

८ विब्वोक हाव

लगि लगि बिहरि न साँवरो बिमल हमारो गात ।
तुव तन की झांई परे लगि कलंक सो जात ॥
गुंज गरे गाथे धरे माँथे मोरपखान ।
एतने ही ठिकुठान पर एतो बड़ो गुमान ॥
ज्यौं ज्यौं बिनवै पगु परै वृथा मनावहि पीय ।
त्यौं त्यौं रुख रूखी करै लगी तमासे तीय ॥

९ बिच्छित्ति हाव

दोहा

देह दुरावत बाल निज करै आभरन जाल ।
दै सौतिन दृगमद हरनि मृगमद बेंदी भाल ॥

१० लीला हाव

दोहा

सजि सिंगार सब रावरे सिर धरि मोरपखान ।
आजु लेत मनमोहनी घरही में दधिदान ॥
उत हेरे हेरत किते ओढ़े सुबरनकाँति ।
पीत पिछौरी रावरी वही जरकसी भांति ॥

अपरं च हाव भेद

छप्पै

मूरख, ना कछु मुग्ध क्रियाचातुर्य्य सुबोधक ।
तपन दुःखमय बचन चकित ह्वै जात कछुक जक ।
हँसित हँसी आइबो, कुतूहल कौतुक पैबो ।
बचन हाव उद्दीप्त केलि करि हास खिझैबो ।
बावरी प्रेम बिच्छेप कहि रूप गर्ब लखि मद कहेउ ।
दस हाव बिदित पहिलो गुनो फेरि सुनो दस हाव येउ ॥

१ मुग्ध हाव

दोहा

पहिरत होत कपूरमनि कर के धरत प्रबाल ।
मोंहि दई मनभावते कैसी मुक्तामाल ॥

२ बोधक हाव

दोहा

लखि ललचौंहैं गहि रहे केलितरुनि ब्रजनाथ ।
दया जानि तिय जानि मनिरजनी सजनी हाथ ॥

३ तपन हाव

दोहा

लाल अधर मैं को सुधा मधुर करें बिन पान ।
कहा अधरमै लेत हौ धरमै रहत न प्रान ॥
दई निरदई यह बिरहमयी निरमयी देह ।
ये अलि ज्यों बाहेर बसे त्योंही आये गेह ॥

४ चकित हाव

दोहा

दुहु दिश आये घेरि घन गई अंध्यारी फैलि ।
झपटि सुबाल रसाल सों लपटि गई ज्यों बेलि ।

५ हसित हाव

दोहा

रुख रूखो करत न बनै विहँसे नैन निदान ।
तन पुलक्यौ फरक्यौ अधर उघरयौ मिथ्या मान ॥

६ कुतूहल हाव

दोहा

अनिमिषदृग, नषसिषवरन वरहि गँवारि निहारि ।
मुरि मुसुकानी नववधू मुख पर अंचल डारि ॥

७ उद्दीप्ति हाव

दोहा

अनषभरी धुनि अलिन की बचन अलीक अमान ।
कान्ह निहोरे रावरे सब सुनिये दै कान ॥
पाप करो बेनी तजो धरमै करिये आजु ।
भोर होत मनभावतो भलो भूलि शुभकाजु ॥

८ केलि हाव

दोहा

भरि पिचकी पियपाग मै बोरयो रंग गुलाल ।
जनु अपने अनुराग की दई बानगी बाल ॥
जबते धर्‌यौ दुराइ लै प्यारे को परिधान ।
माँगति मै बिहँसति नटति करति आन की आन ॥

९ विक्षेप हाव

दोहा

सुद्धि बुद्धि को भूलिबो इत उत वृथा चितौनि ।
अधर भृकुटि को फेरिबो बिच्छेपहि की ठौनि ॥
निरखि भई मोहनमई सुधि बुधि गई हिराइ ।
संगति छुटी अलीन की चली श्याम सँग जाइ ॥
आवति निकट निहारिकै मान सिखावनिहारि ।
हो रिसाय तुम कीजियहु बहु मनुहारि मुरारि ॥

१० मद हाव

दोहा

सारसनैनी रसभरी लखति आरसी ओर ।
छकी छाँह छबि छाँहही छकयो नंदकिशोर ॥

अथ हेला हाव लक्षण

दोहा

प्रीति भाव प्रौढ़ो तबै जहँ छूटी सब लाज ।
सम संयोग शृंगारहू उपजै हेला हाव[1] ॥

सोरठा

सखि सिखवै कुलकानि, पीठि दिये हाहा करै ।
उत अनिमिष अँखियान मोहनरूप सुधा भरै ॥

1 This is as printed in the book before me

अपरं च दोहा

उद्दारिज माधुर्ज पुनि प्रगल्भता धीरत्व ।
ये भूषन तरुनीन कें अनुभावहि में सत्व ॥

उद्दारिज (औदार्य)

महा प्रेम रस बस परै उद्दारिज कहि ताहि ।
जीवन धन कुलकानि को जहाँ नहीं परवाहि ॥
जो मोहन-मुखचन्द मो होइ मुरै मनु लीन ।
तौ वा को मुदकार मैं भार करै तन छीन ॥
तोरि जो ढीलै ललित कर मुक्तमाल रमनीय ।
दारिम के मिस हरिसुकहि रहति चुनावति तीय ॥
दूरि जात भजि भूरि सिख चूरि जाति कुलकान ।
मनमोहन सजनी जहाँ आनि परत अँखियान ॥
सोर घेरु को नहिँ बनै निरखत नंदकिशोर ।
लखति चारु मुख ओर कछु करत बिचारु न और ॥

माधुर्ज (माधुर्य)

दोहा

शोभा सहज सुभाय को नवता शील सनेह ।
ये तिय के माधुर्ज हैं जानत त्यौरन तेहि ॥
सब बनितन भूषन सजे अपने अपने चाड़ ।
मन मोहति प्यारी दिये वा दिनवाली आड ॥
मनमोहन आगे कहा मानु बनैगो ऐन ।
मोहूँ सो रूखी परे रूखे होत न नैन ॥

प्रगल्भता धीरत्व-लक्षण

कछु सुभाव प्रौढानि को प्रगल्भता जिय जानि ।
कै पतिव्रत को प्रेमदृढ सो धीरत्व बखानि ॥

प्रगल्भता

दोहा

जिय की जरनि बुझाइ कै पाय समय भिद भीर ।
पुलकित तन बलबीर पर डारे जात अबीर ॥
फिरि फिरि भरि भरि भुज गहति चहति सहित अनुराग ।
मधुर मदन छबि हरति छबि बरनि बरनि छबि भाग ॥

धीरत्व

दोहा

सूरौ तजै न सूरता दीबौ तजै न दानि ।
कुलटा तजै न कुलअटनि कुलजा तजै न कानि ॥
केलिरमनि सो मैं रँग्यो हिये श्यामरँग माहिँ ।
दियौ लाख अरकै सुखै सखी छूटिबे नाहिँ ॥

श‍ृङ्गार-निर्णय

अथ नायिका-लक्षण

दोहा

पहिले आतमधर्म ते त्रिविधि नायिका जानि।
साधारन बनिता अपर स्वकिया परकीयानि ॥

साधारण नायिका-लक्षण

दोहा

जा में स्वकिया परकिया रीति न जानी जाय।
सो साधारन नायिका बरनत सब कविराय ॥
युवा सुन्दरी गुनभरी तीनि नायिका लेखि।
शोभा कान्ति सुदीप्तियुत नखसिख प्रभा विसेखि ॥

शोभा

कवित्त

दास आसपास आली ढारती चँवर भावै
लोभी ह्वै भँवर अरबिंद से बदन मैं।
केती सहवासिनि सुआसिनि खवासिनि हूँ
नैन जोहैं बैठी बड़ी आपने हदन मैं।
शची सुन्दरी है रति रंभा औ घृताची पै न
ऐसी रुचि राची कहूँ काहू के कदन मैं।
पूरे चितचायनि गोबिंदसुखदायिनि श्री
राधा ठकुराइन बिराजति सदन मैं ॥

कान्ति

कवित्त

हिरत रावरं धरत यह लाल सारी
जोति जरतारी हूं से अधिक सुहाई है।
नाक मोती निंदत पदुमरागरंग नीको,
खुलत ललित मिलि अधरललाई है।

औरे दास भूषन सजत निज शोभा हित,
भामिनी तूं भूषननि शोभा सरसाई है ।
लागत विमल गात रूपन के आभरन,
बढ़ि जात रूप जातरूप से सवाई है ।।

दीप्ति वर्णन—कवित्त

आरसी को आँगन सुहायौ छबि छायौ,
नहरनि मैं भरायौ जल उज्जल सुमनमाल ।
चाँदनी बिचित्र लखि चाँदनी बिछौना पर,
दूरि कै चंदोवनि को बिलसै अकेली बाल ।
दास आस पास बहु भाँतिन बिराजै धरे
पन्ना पोखराज मोती मानिक पदिक लाल ।
चंद्रप्रतिबिंब ते न न्यारो होत मुख औा न,
तारे प्रति बिंबिते न न्यारो होत नगजाल ।

पग-वर्णन

पाँखुरी पदुम कैसी अँगुरी ललित तैसी,
किरनै पदुमरागनिन्दक नखन मैं ।
तरुआ मनोहर सुएँडी मृदु कौहर सी,
सोहर ललाई की न ह्वै है लालगन मैं ।
आनन ते आकरषि आनत बरषि देत,
भानु कैसो भाव देख्यौ तेरे चरन मैं ।
आँक राखि लीन्हों है सोहाग सब सौतिन को,
दीन्हों है बरषि अनुराग पिय मन मैं ।।

जानु-वर्णन

कवित्त

करभ बतावै ते करभ ही के शोभाहित,
गजसूँड गावै तो गजन की बड़ाई को ।
एरी प्रानप्यारी तेरी जानु कै सु जानु बिधि,
ओप दीन्हीं आपनो तमाम सुघराई को ।

दास कहै रंभा सुरनायकमदनवारी,
नेकहू न तुली एकौ अंग की निकाई को ।
रंभा बागकोने की जु वाके ढिंग सोने की है,
सीस भरि आवै तौ न पावे समताई को ॥

नितंब-वर्णन

कबित्त

तो तन मनोजही की फौज है सरोजमुखी,
हाय भाय साइ कै रहे हैं सरमाइ कै ।
तापर सलोनी तेरे बस हैं गोबिंद प्यारे,
मैनहु के बस भये तेरे ढिंग जाइ कै ।
तिनहूँ गोबिंद लै सुदर्शन चकर एकै,
कीन्ह्यौ बस भुवन चतुर्दश बनाइ कै ।
काहै न जगत जीतबे को मन राखै मन,
दुर्लभ दरश है नितंबचक्र पाइ कै ॥

कटि-वर्णन

कबित्त

सिंहिनी औ मृगिनी की ता ढिग जिकिरि कहा,
बारहू मुरारहू तै खीनी चित धरि तूं ।
दूरिही ते नेसुक नजर-भार पावत ही,
लचकि लचकि जात जी मैं ज्ञान करि तूं ।
तेरो परमान परिमान के प्रमान है पै,
दास कहै गरुआई आपनी सँभरि तूं ।
तूं तो मनु हैरे वह निपट ही तनु हैरे,
लंक पर दौरत कलंक सो तौ डरि तूं ॥

उदर-वर्णन

कबित्त

कैसी करियें अति अदभुत निकाई भरी,
छामोदरी पातरी उदर तेरो पान सो ।

सकल सुदेश अंग बिहरि थकित ह्वै कै,
कीबे को मिलान मेरे मन के मकान सो ।
उरज सुमेर आगे त्रिबली बिमल सीढ़ी,
शोभासर नाभि शुभ तीरथ समान सो ।
हारन की भाँति आवागमन ँधी है पाँति,
मुकुत सुमन वृन्द करत नहान सो ॥

रोमावली वर्णन--सवैया

बैठी मलीन अली-अवली, कि सरोज कलीन सों ह्वै बिफली है ।
शम्भुगली बिछुरेही चली, किधौं नागलली अनुराग-रली है ।
तेरी अली यह रोमावली, कि शृँगारलता फल बेलि फली है ।
नाभिथली ते जुरे फल लैकि, भली रसराजनली उछली है ॥

भुज वर्णन--सवैया

भाई सोहाई खराद चढ़ाई सी, भावती तेरी भुजा छबि जाल हैं ।
शोभा सरोवरि तूहै सही. तहँ दास कहै ए सकंज मृनाल हैं ।
कंचन की लतिका तू बनी दुहुँ छायं विचित्र सपल्लव डाल हैं ।
अंग मैं तेरे अनंग बसै ठग, ताहि के पास की फाँसी बिशाल हैं ।

कर वर्णन--सवैया

पत्र महारुन एक मिलाइ गुलाब कली तरुनी रंग दीने ।
पाँखुरी पंच की कंज की भानु में बान मनोज के श्रोणित भीने ।
पंच दशानि को दीपक सो कर कामिनी को लखि दास प्रवीने ।
लाल की बेंदुली लालरि की लरियाजुत आइ निछावरि कीने ॥

पीठि वर्णन--सवैया

मंगल मूरति कंचन-पत्र कै मैन रच्यैा मन आवत नीठि है ।
काढ़ि किधौं कदली दल गोफ को, दीन्ह्यो जमाइ निहारि अपीठि है ।
दास प्रदीपशिखा उलटी कि पतंग भई अवलोकत डीठि है ।
कंध ते चाकरी पातरी लंक सों शोभित कैधों सलोनी कि पीठि है ।

कंठ वर्णन—सवैया

कंबु कपोतनि की सरि भाषत, दास तिन्हें यह रीति न पाई।
या उपमा को यही है, यही है, यही है बिरंचि त्रिरेख खचाई।
कंचन पंचलरा गजमोती-हरा मनि लाल की माल सोहाई।
कै तिय तेरे गरे में परी तिहुँ लोक की आनि कै सुन्दरताई॥

ढोड़ी वर्णन—सवैया

छाक्यो महा मकरंद मलिंद खर्यौ किधौं मंजुल कंज किनारे।
चंद मों राहु को दंत लग्यौ कि गिरी मसि भाग सोहाग लिखारे।
दास रसीलो की ढोड़ी छबीली की लीली की बिंदु पै जाइयें बारे।
मित्र की डीठि गड़ी किधौं चित्त को चोर गिर्‌यौ छबिताल गडारे॥

अधर वर्णन

कबित्त

एरी पिकबैनी दास पटतर हेरै जब,
जब तेरे सुन्दर अधर मधुगारे को।
दाख दुरि जाइ मिसिरीयो मुरि जाइ कैसे,
कंद फरि जाइ सुधा सरक्यौ मवारे को॥
ललित ललाई के समान अनुमाने रंग,
बिंबाफल बंधुजीव बिद्रुम बिचारे को।
तातें इन नामनि को पहिलोई बरन करैं,
मूंदि मूंदि जात मुख बर्ननवारे को॥

दशन वर्णन—कबित्त

बिधु सोनि कासिनी की विधि सोतरासि कला,
सैकरि सँवार्‌यो विधि बत्तिस बनाइ हैं।
हांसही मैं दास उजाराई को प्रकाश होत,
अधर ललाई धरे रहत सवाइ हैं॥
हीरा की हिरानी उड़गन की उड़ानी अठ,
मुक्तनहूँ की छबि दीन्हों मुकताइ हैं।

प्यारी तेरे दंतन अनारदाना कहि कहि,
दाना है के कवि क्यौं अनारी कहवाइ हैं ।।

हास वर्णन—कबित्त

दास मुखचन्द की सी चन्द्रिका बिमल चारु,
चन्द्रमा की चंदिका लगत जा मैं मैली सी ।
बानि की कपूर धूरि ओढ़नी सी भहराती,
बात बास आवत कपूरधूरि फैली सी ।
बिज्जु सी चमकि महताब सी दमकि उठै,
उमगति हिये के हरष की उजेली सी ।
हासी हेमबरनी की फांसी सी लगत ही मैं,
रावरे हगन आगे फूलत चमेली सी ।।

बानीवर्णन—सवैया

देव मुनीन को चित्त रमावन पावन देवधुनी–जल जानो ।
दास सुने जेहि ऊष मयूष पियूष की भूष भगी पहिचानो ।
कोकिल कोकिला कीर कपोतनि की कल बोल की खंडनी मानो ।
बाल प्रबीनी की बानी को बानक बानी दियो तजि बीन को बानो ।।

कपोल वर्णन

कबित्त

जहाँ यह श्यामता को अंक है मयंक मैं,
तहांई स्वच्छ छबिही सुछानि बिधि लीन्हों हैं ।
तामें मुख जोग सबिशेष बिलगाई अब,
शेष सो विशेष सरबाँग रचि दीन्हों है ।।
आनन की चारुता मै चारुहूँ ते चारु चुनि,
ऊपर ही राख्यो बिधि चातुरी सो चीन्ह्यो है ।
तासो यह अमल अमोल शुभ गोल डोल,
लोलनैनी कोमल कपोल तेरो कीन्हों है ।।

श्रवण वर्णन—सवैया

दास मनोहर आनन बाल को दीपति जाकी दिपै सब दीपै।
श्रौन सुहाय बिराजि रहे, मुकताहल-संयुत ताहि समीपै।
सारी महीन सो लीन विलोकि बिचारत है कवि के श्रवनी पै।
सोदर जानि ससीहि मिलो सुत संग लिये मनौ सिंधु मैं सीपै॥

नाक वर्णन

कबित्त

चारु मुखचंद को चढ़ायौ बिधि किंसुक कै,
सुकन यौ बिंबाफल लालच उमंग है।
नेह उपजावन अतूल तिलफूल कैधौं,
पानिपसरोवर की उरमि उतंग है।
दास मनमथ साहि कंचन सुराही मुख,
बाँशयुत पालकी कि पाल शुभ रंग है।
एकही मै तीन्यौं पुर ईश कोहै अंश कैधो,
नाक नबला की सुरधाम सुरसंग है॥

नयन वर्णन—सवैया

कंज सकोच गड़े रहैं कीच मैं मीनन बोर दियो दह नीरनि।
दास कहै मृगहूँ को उदास कै, बास दियो है अरण्य गभीरनि।
आपुस मै उपमा उपमेय हैं नैन ये निंदत हैं कबि धीरनि।
खंजनहू को उड़ाय दियो हलुके कर दीन्हें अनंग के तीरनि॥

भृकुटी वर्णन—सवैया

भावतीभौंह के भेदनि दास भले यह भारती मा सों गई कहि।
कीन्ह्यौं चह्यो निकलंक मयंक जबै करतार बिचार हियं गहि।
मेंटत मेंटत ह्वै धनुषाकृति मंचकताई की रेख गई रहि।
फेरि न मेटि सक्यौ सविता कर राखि लियो अतिही फबिता लहि॥

भ्रूभाव चितवनि—वर्णन

कबित्त

पै बिनु पनिच बिनु कर की कसीस बिनु,
चलत इसारे यह जिनको प्रमान है।
आँखिन अड़त आइ उरमे गड़त धाइ,
परत न देखि, पीर करत अमान है।
बंक अवलोकनि को बान औरई बिधान,
कज्जल-कलित जामै ज़हर समान है।
ताते बरबस बेधै मेरे चित्त चंचल को,
भामिनी ये भौंह कैसी कहरु कमान है॥

भाल वर्णन—सवैया

बैठक है मन-भूप को न्यारो कि प्यारो अखारो मनोज बली को।
शोभन की रंगभूमि सुभाव बनाउ बन्यौ कि सोहागथली को।
दास विशेषकै तंत्रको पत्र कि जाते भयौ बस भाइ हली को।
भाग लसै हिमभानु को चारु लिलार किधौं बृषभानुलली को॥

केश-वर्णन

कबित्त

घनश्याम मन भाये, मोर के पखा सोहाये,
रस बरसाये घनशोभा उमहत है।
मन अरुझाये मखतूल तार जानियत,
मोह उपजाये अहिछौने से कहत है।
दास याते केश के सरिस है मलिंदबिंद,
मुखअरबिंद पर मंडई रहत है।
याही याही विधि उपमान ये भये हैं जब,
और कहा श्यामता है समता लहत है॥

वेनी-वर्णन

कबित्त

वह मोच्छदेनी पातकिन को खिनक बीच,
साधुमन बाँधै यह कौन धौं बड़ाई है।
मरे मरे लोगनि को अमर करै वह,
जीवत को मारै यह गुन को कसाई है॥
सिर ते चरन लौं मैं नीके कै निहारयो दास,
वेनी कै त्रिधारा यामैं एक ना लखाई है।
बिष की सवारी भयकारी कारी साँपिनि सी,
ऐरी पिकबैनी यह वेनी क्यों कहाई है॥

सर्वाङ्ग-वर्णन

कबित्त

अलक पै अलिवृंद, भाल पै अरधचंद,
भौं पै धनु नैनन पै वारों कंजदल मैं।
नासा कीर मुकुर कपोल बिंब अधरनि,
दारयौं बारों दशननि ठोढ़ी अंबफल मैं।
कंबु कंठ भुजनि मृनाल दास कुच कोक,
त्रिबलीतरंग वारों भौंर नाभिथल मैं,
अचल नितंबनि पै जंघनि कदलिखम्भ,
बाल पगतल बारों लाल मखमल मैं॥

सम्पूर्ण मूर्त्ति-वर्णन—सवैया

दास लला नवला-छवि देखि कै, मो मति है उपमान तलासी।
चंपक-माल सी हेमलता सी कि होई जवाहिर की लवला सी।
दीपसिखा सी मसालप्रभा सी, कहौ चपला सी कि चंदकला सी।
जोति सों चित्र की पूतरी काढ़ि कि ठाढ़ो मनोजही की अबला सी॥

इति साधारण नायिका।

अथ स्वकीया लक्षण

दोहा

कुलजाता कुलभामिनी स्वकिया लक्षण चार ।
पातिव्रत औदार्य पुनि माधुर्य्यालंकार ॥
श्रीभामिनि के भवन जो भोग भामिनी और ।
तिनहू को स्वकियान मैं गनै सुकवि सिरमौर ॥

पतिव्रता—सवैया

पान औ खान ते पी को लखै सुखी, आपु तबै कछु पीवति खाति है ।
दास जू केलिथली हि में ठाढ़ी बिलोकति बोलति औ मुसुकाति है ।
सूने न खोलति बेनी सुनैनी व्रती ह्वै बितावति बासर राति है ।
आलियौ जानैं न ये बतियाँ यौं तिया पियप्रेम निबाहति जाति है ॥

औदार्य—सवैया

हेम को कंकन हीरा को हार छोड़ावती दै दै सोहाग-असीसनि ।
दास लला की निछावरी बोलि जु, माँगै सो पाइ रहै बिसबीसनि ।
द्वार में प्रीतम जौलौं रहै, सनमानत देसन के अवनीसनि ।
भीतर ऐबो सुनाइ जनी तब लों लहि जाती घनी बकसीसनि ॥

माधुर्य यथा—सवैया

प्रीतम प्रीतिमयी उनमानै परोसिनि जानै सुनी तेहि सो ठई ।
लाजसनी है बड़ी नमनी, वर नारिन मै सिरताज गनी गई ।
राधिका को ब्रज की जुवती, कहैं याहि सोहागसमूह दई दई ।
सौतिहलाहल सौति कहै, औ सखी कहै सुन्दरि शील-सुधामई ॥

ज्येष्ठा कनिष्ठा-भेद

दोहा

इक अनकूलहि दच्छ सठ धृष्ट तियन अनुगाम ।
प्यारी जेष्ठा, प्यारबिन कहै कनिष्ठा बाम ॥

साधारण ज्येष्ठा—सवैया

प्रफुल्लित निर्मल दीपतिवंत, तु आनन श्रौस निरयो इक टेक ।
प्रभारद दांत हैं सारदकंज, कहा कहिये तहाँ दास विवेक ।
चितै तिय तौ कुचकुंभ के बीच नखच्छत चंदकला सुभ एक ।
भये इत सौतिन के मुख सारदी रैन के पूरण चंद अनेक ॥

शठ नायक की ज्येष्ठा वर्णन

कबित्त

हौं हु हुती संग संग अंग अंग रंग रंग,
भूषण बसन आजु गोपिन सँवारी री ।
महलसराइ में निहारत सबन तन,
ऊपर अँटारी गये लाल गिरधारी री ।
दास तेहि औसर पठाइ कै सहेली को,
अकेलि पै बोलाइ वृषभान की कुमारी री ।
लाल मन बूडिबे को देवसरि-सोती भई,
सौतिन चुनौटी भई वाकी स्वेत सारी री ॥

शठ नायक की कनिष्ठा—सवैया

नैननि को तरसैये कहाँ लौं, कहाँ लौं हियो बिरहागि मैं तैयं ।
एक घरी न कहूँ कल पैयं कहाँ लगि प्राननि को कलपैये ।
आवै इहै अब दास बिचार सखी, चलि सौतिहु के गृह जैयं ।
मान घटे ते कहा घटि है जु पै प्रानपियारं को देखन पैये ॥

धृष्ट नायक की ज्येष्ठा—सवैया

छोड़ि सबै अभिलाष भरोसो वै, कैसो करै किन साँझ सवेरं ।
पाइ सोहागिनि को तनु छाड़िकै, भूलि कै मेरं सु आई है नेरं ।
दीन्है दई के लहै सुखजोग न, दाम प्रयोग किये बहुतेरे ।
कोटि करै नहिं पाइबे को अब तौ सखि लाल गरं पर्यो मेरे ॥

धृष्ट नायक की कनिष्ठा—सवैया

ऊधा जु मानै तिहारी कही हम, सीखैं सोई जोई श्याम सिखावैं।
जाते उन्हैं सुधि जोगही आई, दयाकै यहै हमहूँ को पठावैं।
कूबरी कांध जु दाबे फिरै, हमहूँ तिन्ह की समता कहूँ पावैं।
पाठ करैं सब योगही को जुपै, काठहू की कुबरी कहूँ पावै॥

ऊढ़ा अनूढ़ा लक्षण

दोहा

उढ़ अनूढ़ा नारि द्वै ऊढ़ा ब्याही जानि।
बिन ब्याहही सुधर्मरत ताहि अनूढ़ा मानि॥

अनूढ़ा लक्षण यथा—सवैया

श्रीनिमि के कुल दासिहूँ की न निमेष कुपंथनि है समुहाती।
ता पर मो मति मेरो सुभाव, बिचार यहै निशचै ठहराती।
दासजू भावी स्वयंवर मेरे को बीस बिसै इनके रँग राती।
ना तरु साँवरो मूरति राम की मों अँखियान में क्यों गड़ि जाती॥

अथ परकीया—लक्षण

दोहा

दुरे दुरे परपुरुष ते प्रेम करै परकीय।
प्रगल्भता पुनि धीरता भूषण हैं रमनीय॥

परकीया को उदाहरण—सवैया

आलिन आगे न बात कढ़ै, न बढ़ै उठि ओठनि ने मुसुकानि है।
रोष सुभाये कटाक्ष के घायन पाय को आहट जातन जानि है।
दास न कोऊ कहूँ कबहूँ कहै कान्ह ते याते कछू पहिचानि है।
देखि परै दुनियाई में दूजी न तो सी तिया चतुराई की खानि है॥

अथ प्रगल्भता-लक्षण

निधरक प्रेम प्रगल्भता जौ लौं जानि न जाय।
जानि गये धीरत्व है बोलै लाज बिहाय॥

प्रगल्भता को उदाहरण—सवैया

लखि पौरि में दास जू प्यारो खरो तिय रोम पसीनन न्है चलती ।
मिसिकै गृहलोगन सो सुघरी सु घरी ही घरी ढिग ह्वै चलती ।
जुग नैन बचाइ मिलाइ के नैननि, नेह के बीजन ब्वै चलती ।
अपनी तनु छाहँ सो तुंगतनी तनु छैल छबीले को छ्वै चलती ॥

धीरत्व लक्षण—सवैया

वा अधराअनुरागि हियें जिय पागी वहै मुसुकानि सुचाली ।
नैननि सूझि परै वहै सूरति बैननि बूझि परै वहै आली ।
लोक कलंक लगाइ ही बीत्यो लुगाइ कियो करैं कोटि कुचाली ।
क्यों अपवाद वृथा ही सहै री गहै न भुजा भरि क्यों बनमाली ॥

ऊढ़ा-अनूढ़ा-लक्षण

अनूढ़ा-लक्षण

होति अनूढ़ा परकिया बिन ब्याहे पर लीन ।

ऊढ़ा

प्रेम अनत ब्याही अनत ऊढ़ा तरुनि प्रवीन ॥

अनूढ़ा को उदाहरण—सवैया

जानत हों बिधिमीच लिखी हरि वाकी तिहारे बिछोह के बानन ।
जौ मिलि देहु दिलासो मिलाप को, तौ कछु वाके परै कल प्रानन ।
दास जू जाही घरी सों सुनी निज ब्याह उछाह की चाह को कानन ।
वाही घरी ते न धीर धरै रहै पीरो ह्वै आयो पियारी को आनन ॥

ऊढ़ा—सवैया

यहि आनन-चंद-मयूखन सों अँखियान की भूख बुझैबो करै ।
तन श्यामसरोरुह दास सदा सुखदानि भुजानि भरैबो करै ।
उरु दास न सासु जेठानिन के किन गाँव चबाई चवैबो करै ।
मनमोहन जो तुम एक घरी इन भाँतिन सो मिलि जैबो करै ॥

उद्बुद्धा—लक्षण

उद्बुद्धा उद्बोधिता द्वै परकीय विशेषि ।
नित रीझै सुपुरुष निरखि उद्बुद्धा सो लेखि ॥
अनूढ़ानि के चित्त जो निवसै निश्चल प्रीति ।
तो स्वकियन की गति लहै शकुंतला की रीति ॥
प्रथम होइ अनुरागिनी, प्रेमअसक्ता फेरि ।
उद्बुद्धा तेहि कहत है परम प्रेमरस घेरि ॥

अनुरागिनी—सवैया

पायँ परों, जगरानी भवानी तिहारी सुन्यों महिमा बहुतेरी ।
कीजै प्रसाद परै जेहि कैसे हूँ नंदकुमार ते भाँवरि मेरी ।
है यह दास बड़ो अभिलाष पुरै न सकौ तो कहौं यक बेरी ।
चेरी करो तो करो न करो मोहि नंदकुमार की चेरी की चेरी ॥

धीरत्व का उदाहरण—सवैया

होय उज्यारो गँवारो न होइ जु प्यारो लगै तुम ताहि निहारो ।
दीन्हें न नैन तिहारे से मेरे हूँ कीजै कहा करता सो न चारो ।
आइ कही तुम कान में बातन कौनहु काम को कान्हर कारो ।
मोहि तो वा मुख देखे बिना रविहू को प्रकास लगै अँधियारो ॥

प्रेमआसक्ता का उदाहरण—सवैया

दास जू लोचन पोच हमारे न सोच सँकोच बिधानन चाहैं ।
कूर कहै, कुलटा कहै कोउ, न केहू कहूं कुलसान न चाहैं ॥
ताते सनेह में बूड़ि रही इतने ही में जानो जो जानन चाहैं ।
आनन दै कहैं आड़ गुपाल को आनन चाहिबो आन न चाहैं ॥

उद्बुद्धा का उदाहरण

कवित्त

मेरी तू बड़ारिन बड़ी यै हितकारिन हो
कैसे कहौं मेरे कहे मोहन पै जावे तूँ

नैन की लगनि दिन रैनि की दगनि यह
प्रेम की पगनि चित्तलगनि सुनावै तूँ ॥
यहऊ ढिठाई जो कहौं कि मोहि लै चलुरी
कान्ह हू को दास मेरे भौन लगि ल्यावै तू।
यथोचित देखि चित देखि इत देखि चित
देहि तित आली जित मेरो हित पावै तू ॥

उद्बोधिता-लक्षण

दोहा

जा छबि लखि नायक कोऊ लावै दूती घात।
उद्बोधिता सो परकिया असाधिआ कहि जात ॥
प्रथम असाध्या सी रहै दुखसाध्या पुनि सोइ।
साध्य भये पर आपुही उद्बोधिता सु होइ ॥

असाध्या अनूढ़ा

कबित्त

भौन ते कढ़त भाभी भोंड़ी भोंडी बातें कहै,
लौंड़ो हू कँनौड़ो छेड़ ड्योढ़ीही के जात लौं।
चौकी बँधी भीतर लुगाइन की जाम जाम,
बाहिर अथाई ना उठत अध-राति लौं।
दास घरुबसी घरुहाइन को डरु हियो,
चल दल पात लौं है तो सों बतरात लौं।
मिलन उपायन को ढूँढ़िबो कहा है आली,
हौं तो तजि दीन्हों हरिदरसनघात लौं ॥

असाध्या ऊढ़ा-लक्षण

कबित्त

देवर की त्रासन कलेवर कँपतु है, न,
सासु-डर आसि न उसास लै सकति हौं।

बाहेर के घर के परोस नरनारिन के,
नैननि में काँटे सी सदा ही कसकति हौं ।
दास नहिं जानो हौं बिगारो कहा सबही को,
याही पीर बीर नित पेटनि पकति हौं ।
मोहि मनमोहन मिलाय यदि देती तुम,
मैं तो वाही ओर अवलोकति जकति हौं ॥

दुःखसाध्यालक्षण

दोहा

साध्य करै पियदूतिका विविधि भाँति समुझाय ।
दुखसाध्या ताको कहै परकीयन ते पाय ॥

दुःखसाध्या का उदाहरण

कवित्त

भूख प्यास भागी बिदा माँगी लोकत्रास मुख,
तेरी जक लागी अंग सीरे कछुए जरै ।
दास जेहि लागि कोउ एतौ तलफत वा,
कसाइनि सौ कैसे दई धीरज धरे परै ।
जीत्यौ जौ चाहै तौ बेगि रीतो घटौ लै चलु,
नाहीं तौ सही तो सिर अजस बैपरे मरै ।
तू तौ घरबसी घर आई घटौ भरि हरि,
घाट ही मैं तेरे नैन घायन घरी भरै ।

उद्बोधिता साध्या—सवैया

नायक हौ सब लायक हौ, जो करौ सो सबै तुमको पचि जाहीं ।
दास हौं मैं तौ उसास लिये, उपहाँस करै सब या ब्रज माहीं ।
आइ परैगी कहूँ ते कोऊ तिय गैल में छैल गहौ जनि बाहीं ।
द्वै ही दिना की तिहारी है चाह गई करि जाहु निबाहोगे नाहीं ॥

परकीया भेद लक्षण

दोहा

परकीया के भेद पुनि चारि बिचारे जाहिँ ।
होत बिदग्धा लक्षिता मुदिता अनुशयनाहिं ॥

विदग्धालक्षण

दोहा

दुबिध विदग्धा कहत हैं कीन्हें कबिन विवेक ।
वचनविदग्धा एक हैं क्रियाविदग्धा एक ॥

वचनविदग्धा—सवैया

नीर के कारन आई अकेली पै भीर परै सँग कौन को लीजै ।
ह्याँऊ न कोऊ गयौ दिवसोऊ अकेले उठाये घटो पट भीजै ।
दास इतै लेरुआन को ल्याई भले जल छाँह को प्याइयें पीजै ।
ऐतो निहोरो हमारो हरी घट ऊपर नेकु घटो धरि दीजै ॥

क्रियाविदग्धा यथा—सवैया

कसिबे मिस नीबिन के छिन तौ अँग अंगनि दास देखाइ रही ।
अपने ही भुजानि उरोजनि को गहि जानु सो जानु मिलाइ रही ।
ललचोहैं हँसौहैं लजौहैं चितै हित सों चितचाय बढ़ाइ रही ।
कनखा करिकै पगु सो परि कै पुनि सूने निकेत मैं जाइ रही ॥

मुदितालक्षण

वहै बात बनि आवई जो चित चाहत होय ।
ताते आनन्दित महा मुदिता कहिये सोय ॥

यथा सवैया

भोरही आई जनी सी निहोरिकै राधे कह्यो मोहिं माधौ मिलावै ।
ता हित कारने भौन गई वह आप कछू करिबे को उपावै ।
दास तहीं चलि माधौ गये दुख राधे बियोग की वाहि सुनावै ।
पाइ कै सूनो निलै मिलै दूनो बढ़्यो सुख दूनो दुहू उर लावै ॥

अनुशयाना लक्षण

केलिस्थान बिनासिता भावस्थान अभाव ।
अरु संकेतनिप्राप्यता अनुशयना त्रैभाव ॥

केलिस्थानविनाशिता यथा—सवैया

दास जू उवा की तौ द्वार की सूनी कुटी जरै याते परै दुख थोरै ।
भारी दुखारी अटारी चढ़ी यहै रोवै हनै छतियाँ सिर फोरै ।
हाय भरै कहै लोगनि देखि अरे निरदै कोऊ पानि लै दौरै ।
आगि लगी लखि मालिनी के लगी आगि है ग्वालिनी के उर औरै ।

भाविस्थान अभाव—सवैया

आजु लौं तौ उत दूसरे प्रानी के नाते हुत्यौ वह वावरो बौनौ ।
आवती जाती अवार सवार बिहार समै न हुत्यौ डर कौनौ ।
दास बनै अब क्यों पियभेट सहेट के योग न दूसरो भौनैा ।
बैठी बिचारै यौं बाल मनै मन बावन को सुनि आवन गौनो ॥

संकेत निःप्राप्ता—सवैया

समीप निकुंज मैं कुंज-बिहारी गये लखि साँझ पगे रसरंग ।
इतै बहु द्यौस में आइ कै धाइ नबेली को बैठ लगाइ उछंग ।
उड़ी तहँ दास बसी चिरिया उड़िगो तिय को चित वाही के संग ।
बिछोह सो बुंद गिरे अँसुवा के सु वाके गने गये प्रेमउमंग ॥

विभेद लक्षण

दोहा

मुदिता अनुशयनाहि मैं बिदग्धा हु मिलि जाइ ।
सबल भाव यहि भाँति बहु बरनत है कबिराइ ॥

मुदित विदग्धा यथा—सवैया

आवती सोमवती सब संगही गंग नहान कियो चहती हैं ।
गेह को भार जसोमतिवारे को आजुही सौंपि दियैा चहती हैं ।
मोंहि अकेली इहाँ तजि दासजु जोवनलाहु लियो चहतैा हैं ।
आली कहा कहैा या घर की सिगरी मोहिं खाय जियो चहती हैं ॥

अनुशयना विदग्धा—सवैया

चारि चुरैल बसैं यहि भौन कियौ तिन्ह चेरो सु चौधरी दानी ।
केते बिदेशी बसाइ बसाइ तिन्है सनमानत से छल धानी ।
दास दयाल जौ होतो कोऊ तौ भगावती याही सिखाइ सयानी ।
हाइ फँस्यौ केहि हेतु कहाँ ते धौं आइ बस्यौ वह बावरो बानी ॥

दूजी अनुशयानाविदग्धा

कबित्त

न्यारे के सदन ते उड़ाइ गुड़ी प्रानप्यारे
संज्ञा जानि प्यारी मन उठी अकुलाइ कै ।
पावति न घात जात देख्यौ सुख ज्यौत बोल्यौ
रीतौ कियो घड़ो तब नीर ढरकाइ कै ।
घर की रिसानी कहा कीन्ही तू अयानी तब,
तासों कै सयानी या कहत अनखाइ कै ।
काहे के कुबातनि सुनावति हो मेरी बीर
ढरिगो तौ हौं हीं भरि ल्यावती हौं जाइ कै ॥

मुग्धादिभेद

दोहा

त्रिविध जु बरनी नायका तेऊ त्रिविध विशेषि ।
मुग्धा मध्या कहत पुनि प्रौढ़ा ग्रंथनि देखि ॥
जोबन के अज्ञात तौ पूरणता लौ मित्त ।
पंच भेद ह्वै जात हैं त्रै मुग्धादिक चित्त ॥

मुग्धादिलक्षण

शैशव-जोबन-संधि जिहि सो मुग्धा अवदात ।
बिनु जाने अज्ञात है जाने नातो ज्ञात ॥

साधारण मुग्धा—सवैया

बालकता मैं जुवा झलकी दल ओझल ज्यौं जुगुनू के उँजेरे ।
लंक लचौहैं नितंब उँचोहैं नचोहै से लोचन दास निबेरे ।

जानिबे योग सुजानन के उरजात थली उरजातन घेरे ।
श्यामता बीच दै अंग के रंग अनंग सुढार प्रकार सो फेरे ॥

स्वकीया मुग्धा—यथा कवित्त

घटती इकंक होन लगी लंक बाहर की,
केश सम बेश को मनोरथ फलीन भो ।
बढ़ि चले कानन लौं नीके नैनखंजन औा,
बैठि रहिबे को जनु सैसव अलीन भो ॥
साँझ तरुनापन विकास निरखत दास,
आनंद ललकि नैन कैरवकलीन भो ।
दुलही-बदनइंदु उलही अनूप दुति,
सौतिमुख अरबिंद अतिही मलीन भो ॥

परकीया मुग्धा—सवैया

उकसौं है भये उर मध्य छटोहैं सी चंचलता अँखियान लगी,
अखियाँ बढ़ि कान लगीं अरु कानन कान्ह किहानी सोहान लगी ।
बिनु काजहु काजहु दास लखी यशुदागृह आवन जान लगी ।
ललिताहू सो नेकु बतानि लगी रस बात सुने मुसुकान लगी ॥

अज्ञातयौबना स्वकीया—सवैया

सखी तैंहू हुती निशि देखत ही जिनपै वै भई हौं निछावरियाँ ।
तिन पानि गहे हुते मेरे तबै सब गाय उठीं बृज डावरियाँ ।
अँसुवाँ भरि आवत मेरे अजौं सुमिरे उनकी पगु पाँवरियाँ ।
कहि को वै हमारे वै कौन लगैं जिनके सँग खेलिही भाँवरियाँ ॥

ज्ञातयौबना

आनन मैं मुसुकानि सुहावनी बंकुरता अंखियान छई है ।
बैन खुले मुकुले उरजात जकी विधि की गति ठौन ठई है ।
दास प्रभा उछलै सब अंग सुरंग सुबासता फैलि गई है ।
चन्दमुखीतन पाइ नवीनो भई तरुनाई अनंदमई है ॥

ज्ञातयौवना परकीया—कवित्त

मंद मंद गौने से गयंदगति खोने लगी,
बोने लगी बिष सों अलक अहिछोने सी ।
लंक नवला की कुच भारी मैं दुनौने लगी,
होने लगी तन की चटक चारु सोने सी ।
तिरछे चितौने सो बिनोदनि बितौने लगी,
लगी मृदु बातनि सुधारस निचौने सी ।
मौने मौने सुन्दर सलोने पद दास लोने,
मुख की बनक है लगन लगो टौने सी ॥

मध्यालक्षण

नवयौवन पूरनवती लाज मनोज समान ।
तासों मध्या नायिका बरनत सुकबि सुजान ॥

साधारण मध्या—सवैया

है कुचभारनि मंदगती करै माते गयंदनि को मद भूरो ।
आननओप अनूप लखे मिटि जात मयंकगुमान समूरो ।
दास भरी नख ते सिख लाज पै काम को साज बिलोकिये पूरो ।
काम के ंग मनो रंग अंग दई दयो लाज को रागन रूरो ॥

स्वकीया मध्या

नाह के नेह रँगे दुलही दृग नेहरगेह सकोचनि साने ।
दासजू भीतर ही रहै लाल तऊ लखिबो को रहैं ललचाने ।
त्यौमुख सामुहे राखिबे को सखियाँ अँखियान को ब्यौंत बिताने,
चंद निहार नहीं बिकसै अरबिंद है ये यह बात न माने ॥

परकीया मध्या

कबित्त

पीन भये उरज निपट कटि खीन भई,
लीन है सिँगार सब सीखी सखियान मैं ।
दास तनदीपति प्रदीप के उजास कीन्हे,
बैरिनि की नजरि प्रकास पखियान मैं

काम की कलोलन की चरचा सुनति फिरै,
चन्द्रावलि ललिता को लीन्हे कखियान मैं ।
एक ब्रजराज को बदन-द्विजराज,
देखिबे को इन लाज लाजभरी अँखियान मैं ॥

प्रौढ़ा लक्षण

जोबनप्रभा प्रवीनता प्रेम सपूरन होइ ।
तासो प्रौढ़ा नायिका कहैं सुमति सब कोइ ॥

प्रौढ़ा साधारण

सारी जरकसीवारी घाँघरो घनेरो बेस,
छहरै छबीली केश छोर लैां छवान के ।
पृथुल नितंब लंक नाम अवलंब लोट,
गेँदुरी पै कुच द्वै कलस कल सान के ।
दास सुखकंद चंदवदनी कमलनैनी,
गति पै गयन्द होनवारे कुरबान के ।
पी की प्रेममूरति कै, मयंक की सी सूरति,
सुबास हाँस पूरति अवास वनितान के ॥

प्रौढ़ा स्वकीया—सवैया

केसरिया निज सारी रँगे लखि केसरि खैारि गोपाल के गातनि ।
दास चितै चित कुंजबिहारी बिछावही सेज नये तरुपातनि ।
आवत जानि के आपने भैान मिलै पहिले लै बिरी अवदातन ।
बीते विचारतं भावति को दिन भावते की मनभावती बातनि ॥

प्रौढ़ा परकीया—सवैया

झूलनि लागी लता मृदु भाइन फूलन लागी गुलाब कली अब ।
दास सुबास झकोरन झोरत भैार की बाइ बहाइ चली अब ।
जागि कै लोग विलोकि हैं टोकि है रोकि है राह सद्वार लगी अब ।
ऐसे में सूने सखी के निलै चलि सोओ सभाग न बाग भली अब ॥

———

11—Padmakar.

Padmakar has already been noticed in Book I. His most famous work, however, is the *Jagad-vinod*, a book on *Sahitya Shastra*, compiled at the request of his last patron, Maharaja Jagat Singh of Jaipur. It is tolerably a complete book on the subject.

अथ संचारी भाव

दोहा

थायी भावन को जिते अभिमुख रहै मिलाव।
जे नवरस में संचरैं ते संचारी—भाव॥
थायी भावन में रहत या विधि प्रगट बिलात।
ज्यों तरंग दरियाव में उठि उठि तितहि समात॥
थिर है थायीभाव तब भिरि पूरन रस होत।
थिर न रहत रसरूप लों संचारिन को गोत॥
थायी संचारीन को है इतनोई भेद।
संचारिन के कहत हैं तेंतिस नामनि वेद॥

कबित्त

कहि निरवेद, ग्लानि, शंका त्यों असूया, श्रम,
मद, धृति, आलस, विषाद, मति मानिये।
चिन्ता, मोह, सुपन, विबोध, स्मृति, आमरख,
गर्व, उतसुकता, सु अवहित्थ ठानिये।
दीनता, हरष, व्रीड़ा, उग्रता, सुनिद्रा, व्याधि,
मरण, अपसमार, आवेगहु आनिये।
त्रास, उनमाद, पुनि जड़ता, चपलताई,
तेंतिसौ वितर्क नाम याही विधि जानिये॥

दोहा

या विधि संचारी सबै, बरणत हैं कवि लोग।
जे जेहि रस में संचरै, ते तहँ कहिबे योग॥

अथ निर्वेद

उर उपजै कछु खेद लहि विपति ईर्षा ज्ञान।
ताही ते निज निदरिबो सो निरवेद बखान॥
अति उसास अरु दीनता, विवरण अश्रुनिपात।
निरवेदहु ते होत हैं, वे सुभाव निज गात॥

अथ निर्वेद को उदाहरण—सवैया

यों मन लालची लालच में लगि लोभ तरंगन में अवगाह्यो।
त्यों पदमाकर देह के गेह के नेह के काजन काहि सराह्यो।
पाप किये पै न पातकीपावन जानि कै राम को प्रेम निवाह्यो।
चाह्यो भयो न कछू कबहूँ जमराजहुँ सों वृथा बैर बिसाह्यो॥

दोहा

भयो न कोऊ होइगो, मो समान मतिमन्द।
तजे न अब लों विषयविष, भजे न दशरथनन्द॥

अथ ग्लानि

भूखहि ते कि पियास ते कै रतिश्रम ते अंग।
विह्वल होत ग्लानि सो कम्पादिक स्वरभंग॥

अथ ग्लानि को उदाहरण—सवैया

आजु लखी मृगनैनी मनोहर वेणी छुटी छहरै छबि छाई।
टूटे हरा हियरा पै परे पदमाकर लीक सी लंक लुनाई।
कै रतिकेलि सकेलि सुखै बलि केलि के भौन ते बाहिर आई।
राजि रही रति आँखिन में मन में धौं कहा तन में शिथिलाई॥

दोहा

शिथिल गात काँपत हियो बोलत बनत न बैन।
करी खरी विपरीत कहुँ कहत रँगीले नैन॥

अथ शंका

कै अपनी दुरनीति कै दुवनक्रूरता मानि।
आवै उर में शोच अति सो शंका पहिचानि॥

अथ शंका को उदाहरण—कवित्त

मोहिँ लखि सोवत विथोरि गो सु बेनी बनी
तोरिगो हिये को हरा छोरिगो सुगैया को।
कहै पदमाकर त्यों घोरिगो घनेरो दुख
वोरिगो बिसासी, आज लाजही की नैया को।
अहित अनैसो ऐसो कौन उपहास यातेँ
सोचत खरी मैं परी जोवति जुन्हैया को।
बूझैंगे चवैया तब कैहौं कहा दैया इत
पारिगो को मैया मेरी सेज पै कन्हैया को॥

दोहा

लगै न कहुँ ब्रजगलिन में आवत जात कलंक।
निरखि चौथ को चाँद यह शोचति सुमुखि सशंक॥

अथ असूया

सहि न सकै सुख और को, यहै असूया जान।
क्रोध गर्व दुख दुष्टता ये स्वभाव अनुमान॥

अथ असूया को उदाहरण—कवित्त

आवत उसासी दुख लगै और हाँसी सुनि
दासी उर लाय कहो को नहिं दहा कियो।
कहै पदमाकर हमारे जान ऊधो उन
तात को न मात को न भ्रात को कहा कियो
कंकालिनि कूबरी कलंकिनि कुरूप तैसी
चेटकनि चेरी ताके चित्त को चहा कियो।
राधिका की कही कहि दीजो तुम मोहन सों
रसिकशिरोमणि कहाय धौं कहा कियो॥

दोहा

जैसो को तैसो मिलै, तबही जुरत सनेह।
ज्यों त्रिभंग तन श्याम को, कुटिल कूबरी देह॥

अथ मद

धन यौवन रूपादि तें, कै मदादि के पान ।
प्रगट होत मदभाव तहँ, औरे गति बतरान ॥

अथ मद को उदाहरण—सवैया

पूस निशा में सुवारुणी लै बनि बैठे दुहूँ मद के मतवाले ।
त्यों पदमाकर भूमैं भुकैं घन घूमि रचे रसरंग रसाले ।
शीत को जीति अभीत भये सु गनै न सखी कछू शाल दुशाले ।
छाक छका छबिही को पिये मद नैनन के किये प्रेम के प्याले ॥

दोहा

धनमद, यौवनमद, महा, प्रभुता को मद पाय ।
तापर मद को मद जिन्हें, को तेहि सकै सिखाय ॥

अथ श्रम

अति रत अति गति ते जहाँ, सुश्रनिखेद सरसाय ।
सो श्रम तहाँ सुभाव ये, स्वेद उसास मनाय ॥

अथ श्रम को उदाहरण—सवैया

कै रति रंग थकी थिर ह्वै परियंक में प्यारी परी सुख बायकै ।
त्यों पदमाकर स्वेद के बुन्द रहे मुक्ताहल से तन छायकै ।
बिन्दु रचे मेहँदी के लसे कर तापर यों रह्यो आनन आयकै ।
इन्दु मनों अरविन्द पै राजत इन्द्रबधून के वृन्द बिछायके ॥

अथ धृति

साहस ज्ञान सु संग तैं, धरै धीरता चित्त ।
ताही सो धृति कहत हैं, सुकवि सबै नितनित्त ॥

अथ धृति को उदाहरण—सवैया

रे मन साहसी साहस राख सु साहस सों सब जेर फिरैंगे ।
त्यों पदमाकर या सुख में दुख त्यों दुख में सुख सेर फिरैंगे ।
वैसेहि वेणु बजावत श्याम सुनाम हमारोहू टेर फिरैंगे ।
एक दिना नहिँ एक दिना कबहूँ फिर वे दिन फेरि फिरैंगे ॥

पुनर्यथा सवैया

या जग जीवन को है यहै फल जो छल छाँड़ि भजै रघुराई ।
सोधि कै संत महंतनहूँ पदमाकर बात यहै ठहराई ।
ह्वै रहै होनी प्रयास बिना अनहोनी न ह्वै सकै कोटि उपाई ।
जो विधि भाल में लीक लिखी सो बढ़ाई बढ़ै न, घटै न घटाई ॥

दोहा

बनचर बनचर गगनचर, अजगर नगरनिकाय ।
पदमाकर तिन सबन की, खबर लेत रघुराय ॥

अथ आलस

जागरणादिक ते जहाँ, जो उपजत अलसानि ।
ताही सों आलस कहत कवि कोविद जे आनि ॥

अथ आलस को उदाहरण—कबित्त

गोकुल में गोपिन गोविन्द संग खेली फाग,
राति भरी आलस में ऐसी छवि छलकैं ।
देहभरी आलस कपोल रस रोरीभरे,
नींद भरे नयन कछूक झपैं झलकैं ।
लाली भरे अधर बहाली भरे मुखवर,
कवि पदमाकर विलोकै कौन सलकैं ।
भागभरे लाल और सुहाग भरे सब अंग,
पीकभरी पलक अबीर भरी अलकैं ॥

दोहा

निशि जागी लागी हिये, प्रीति उमंगत प्रात ।
उठि न सकत आलसबलित, सहज सलोने गात ॥

अथ विषद

फुरै न कछु उद्योग जहँ, उपजै अतिही शोच ।
ताहि विषाद बखानहीं, जे कवि सदा अपोच ॥

अथ विषाद वर्णन—कवित्त

शोच न हमारे कछू त्याग मनमोहन के,
बन, को न शोच जोपै योंही जरे जाइहैं ।
कहै पद्माकर न शोच अब एहूँ यह,
आइ है तौ आनि है न आइहै न आइहैं ।
योग को न शोच और भोग को न शोच कछू,
यही बड़ो शोच सो तो सबनि सुहाइहैं ।
कूबरी के कूबर में बेध्यो है त्रिभंगता,
त्रिभंग को त्रिभंगी लागे कैसे सुरझाइहैं ॥

पुनर्यथा कवित्त

एकै संग हाल नन्दलाल औ गुलाल दोऊ,
दृगनि गये जु भरि आनँद मढ़ै नहीं ।
धाय धाय हारी पद्माकर तिहारी सौंह,
अब तो उपाय एकौ चित्त में चढ़ै नहीं ।
कैसी करों कहाँ जाउँ कासों कहौं कौन सुनै,
कोऊ तो निकासो जासे दरद बढ़ै नहीं ।
एरी मेरी बीर, जैसे तैसे इन आँखिन तें,
कढिगो अबीर पै अहीर को कढ़ै नहीं ॥

दोहा

अब न धीर धारत बनत सुरति बिसारी कन्त ।
पिक पापी पीकन लगे, बगरयो बाग बसन्त ॥

अथ मति

नीति निगम आगमन ते, उपजै भलो विचार ।
ताही सो मति कहत हैं, सब ग्रन्थन को सार ॥

अथ मति को उदाहरण—सवैया

बाद ही बाय बदी के बकै मति बोरदे बंज विषय विषही को ।
मानि लै या पद्माकर की कही जो हित चाहत आपने जी को ।
शम्भु के जीव को जीवनमूरि सदा सुखदायक है सबही को ।
रामहि राम कहै रसना कस ना तु भजे रसनाम सही को ॥

दोहा

पाछे पर न कुसंग के पदमाकर कर यहि डीठ।
परधन खात कुपेट ज्यों पिटत बिचारी पीठ॥

अथ चिन्ता

जहाँ कौनहूँ बात की, चित में चिन्ता होय।
चिन्ता तासों कहत है कवि कोविद सब कोय॥

अथ चिन्ता को उदाहरण—कबित्त

झिलत झकोर रहै यौवन को जोर रहै,
समद मरोर रहै शोर रहै तब सों।
कहै पदमाकर तकैयन के मेह रहै,
नेह रहै नैननि न मेह रहै दब सों।
बाजत सुबैन रहै उनमद मैन रहै,
चित में न चैन रहै चातकी के रव सों।
गेह में न नाथ रहै द्वारे बृजनाथ रहै,
कबलों मन हाथ रहै साथ रहै सब सों॥

दोहा

कोमल कंज मृणाल पै, किये कलानिधि बास।
कब को ध्यान रह्यो जो धरि, मित्र मिलन की आस॥

अथ मोह

आपुहि अपनी देह को, ज्ञान जबै नहिं होय।
विरह-दु:ख-चिन्ताजनित, मोह कहावत सोय॥

अथ मोह को उदाहरण—सवैया

दोउन को सुधि है न कछू बुधि वाही बलाइ में बूड़ि बही है।
त्यों पदमाकर दीजै मिलाय त्यों चंग चवायन को उमही है।
आजुहि की वा दिखादिखी में दशा दोउन की नहिं जात कही है।
मोहन मोहि रह्यो कबको कबकी वह मोहनी मोहि रही है॥

दोहा

सटपटाति तसवी हँसी, दोह दृगन में मेह ।
सुव्रजबाल मोही परत, निर्मोही को नेह ॥

अथ स्वप्न, विबोध स्मृति

सुपन स्वप्न को देखिवो, जगिबो वहै विबोध ।
सुमिरन बीती बात को, सुमृतिभाव सब शोध ॥

अथ स्वप्न को उदाहरण—सवैया

काँपि रहै छिन सोवत हूँ कछु भाषिबो मो अनुसारि रही है ।
त्यों पदमाकर रंच रुमंचनि स्वेद के बुंदनि धारि रही है ।
वेष दिखादिखी के सुख में तन की तनकौ न सम्हार रही है ।
जानति हौं सखि सापने में नँदलाल को नारि निहारि रही है ॥

दोहा

क्यों करि झूठी मानिये, सखि सपने की बात ।
जु हरि हरयो सोवत हियो, सो न पाइयत प्रात ॥

अथ बिबोध को उदाहरण—कबित्त

अधखुली कंचुकी उरोज अधआधे खुले
अधखुले वेष नखरेखन के झलकैं ।
कहैं पदमाकर नवीन अधनीवी खुली,
अधखुले छहरी छराकै छोर छलकैं ।
भोर जगि प्यारी अध ऊरध इतै की ओर
भाखी झिखि झिरकि उचारी अध पलकैं ।
आँखैं अधखुली अधखुलो खिरकी हैं खुली,
अधखुले आनन पै अधखुली अलकैं ।

दोहा

अनुरागी लागी हिये, जागी बड़े प्रभात ।
ललित नैन बेनी छुटी, छाती पर छहरात ॥

अथ स्मृति को उदाहरण—सवैया

कंचन आभा कदम्ब तरे करि कोऊ गई तिय तीज तियारी ।
हौं हूँ गई पदमाकर त्यों चलि औचक आईगो कुंजबिहारी ।
हेरि हिंडोरे चढ़ाय लियो कियो कौतुक सो न कह्यो परे भारी ।
फूलनवारी पियारी निकुंज की झूलत है नव झूलनवारी ॥

दोहा

करी जु ही तुम वा दिना, वा के सँग बतरान ।
कहै सुमिरि फिरि फिरि तिया, राखति अपने प्रान ॥

अथ अमर्ष

जहाँ जु अमरष होत लखि, दूजे को अभिमान ।
अमरष तासों कहत हैं, जे कवि सदा सुजान ॥

अथ अमर्षवर्णन—कवित्त

जैसो तैं न मोसों कहूँ नेकऊ डरात हुतो
ऐसो अब हौं हूँ तोहूँ नेकहूँ न डरिहौं ॥
कहै पदमाकर प्रचंड जो परैगो तो,
उमंड करि तोसों भुजदंड ठोंकि लरिहौं ।
चलो चलु चलो चलु बिचलन बीच ही तैं
कीच बीच नीच तो कुटुंब को कचरि हौं ।
एरे दगादार मेरे पातक अपार तोहि
गंगा के कछारि में पछारि छार करिहौं ॥

दोहा

गरब सु अंजनहीं बिना, कंजन को हरि लेत ।
खंजन मदभंजन अरथ, अंजन आँखिन देत ॥

अथ गरब

बल विद्या रूपादि को कीजे जहाँ गुमान ।
गरब कहत सब ताहि सों, जे कवि सुमति सुजान ॥

अथ गर्व को उदाहरण—कबित्त

बानी के गुमान कल कोकिलकहानी कहा,
बानी की सुबानी जाहि आवत भनै नहीं ॥
कहै पदमाकर गोराई के गुमान कुच—
कुंभनपै केसरि की कंचुकी ठनै नहीं ।
रूप के गुमान तिलउत्तमा न आनै उर,
आनन निकाई पाई चन्द्र किरनै नहीं ।
मृदुता गुमान मषतूलहू न मान कछु,
गुन के गुमान गुन गौरी को गनै नहीं ॥

दोहा

गुल पर गालिब कमल है, कमलन पै सुगुलाब ।
गालिब गहब गुलाब पै, मोतन सुरभि सुभाव ॥

अथ उत्सुकता

जहाँ हितू के मिलन हित, चाह रहति हिय माहिँ ।
उतसुकता तासों कहत, सब ग्रन्थन में चाहि ॥

अथ उतसुकता को उदाहरण—कबित्त

ताकिये तितै तितै कुसुम्भ सीँ चुवोई परै,
प्यारी परवीन पाउँ धरति जितै जितै ॥
कहै पदमाकर सुपौन ते उताली बन—
माली पै चली यों बाल बासर बितै बितै ।
भार ही के डरन उतारि देत आभरन,
हीरन के हार देति हीलन हितै हितै ॥
चाँदनी के चौसर चहूँघा चौक चाँदनी में
चाँदनी सी आई चंद चाँदनी चितै चितै ॥

दोहा

सजे विभूषण बसन सब, सुप्रियमिलन की हौस ।
सक्यो परति नहिं कैसे हू, रह्यो अधघरी घौस ॥

अथ अवहित्थ

जो जहँ करि कछु चातुरी, दशा दुरावै आय ।
ताही सों अवहित्थु यह, भाव कहत कविराय ॥

अथ अवहित्थ उदाहरण—सवैया

जोर जगी यमुनाजलधार में धाय धसी जलकेलि की मातो ।
त्यों पदमाकर पैग चलै उछलै जब तुंगतरंग बिधाती ।
टूटे हरा छरा छूटे सबै सरबोर भई अँगिया रँगराती ।
को कहतो यह मेरी दशा गहतो न गोबिंद तो मैं बहि जाती ॥

दोहा

निरखत ही हरि हरषके, रहे सु आँसू छाय ।
बूझत, अलि, केवल, कह्यो, गयो धूमही धाय ॥

अथ दीनता

अति दुख तें बिरहादि तें, परति जबहिँ जो दीन ।
ताहि दीनता कहत हैं जे कवित्त—रसलीन ॥

अथ दीनता को उदाहरण—सवैया

कै गिनती सी इसी बिनती दिन तीनक लौं बहु बार सुनाई ।
त्यों पदमाकर मोह मया करि ताहिं दया न दुखीन की आई ।
मेरो हरा हरहार भयो अब ताहि उतारि उन्हैं न दिखाई ।
ल्याई न तू कबहूँ बनमाल गोपाल की वा पहिरी पहिराई ॥

दोहा

मुख मलीन तन छीन छबि, परी सेज पर दीन ।
लेत क्यों न सुधि, साँवरे नेहो निपट नवीन ॥

अथ हर्ष

जहाँ कौन हूँ बात तें, उर उपजत आनन्द ।
प्रगटै पुलक प्रस्वेद तें, कहत हरष कविवृन्द ॥

अथ हर्ष को उदाहरण—सवैया

जगजीवन को पल जानि परयो धनि नैननि को ठहरैयतु है ।
पदमाकर यो हुलसै पुलकै तनु सिंधु सुधा के अन्हैयतु है ।
मन पैरत सो रस के नद में अति आनँद में मिलि जैयतु है ।
अब ऊँचे उरोज लखे तिय के सुरराज के राज सों पैयतु है ॥

दोहा

तुमहिं बिलोकि बिलोकिये, हुलसि रह्यो यों गात ।
आँगी में न समात उर, उर मे मुद न समात ॥

अथ व्रीडा

जहाँ कौन हूँ हेत तें उर उपजत अति लाज ।
व्रीड़ा तासों कहत है, सुकविन के सिरताज ॥

अथ व्रीडा को उदाहरण—सवैया

कालिह परी फिर साजबो स्यान सु आजु तौ नैन सों नैन मिला लै ।
त्यों पदमाकर प्रीति प्रतीति में नीति की रीति महा उर शालै ।
ए दिन यौवन जातो इतै तन लाज इती तु करैगी कहा लै ।
नेक तौ देखन दे मुखचंद सो चन्द्रमुखी मति घूँघुट घालै ॥

दोहा

प्रथम समागम की कथा, बूझो सखिन जु आय ।
मुख नवाय सकुचाय तिय, रही सु घूँघुट नाय ॥

अथ उग्रता, निद्रा

निरदैपन सों उग्रता, कहत सुमति सब कोय ।
शयन कहावत सोइबो वहैसु निद्रा होय ॥

अथ उग्रता को उदाहरण—कबित्त

सिंधु के सपूत सुत, सिंधुतनया के बंधु,
मंदिर अमंद शुभ बुन्दर सुधाई के।
कहै पदमाकर गिरीश के बसे हौ शीश,
तारन के ईश, कुलकारन कन्हाई के।
हालही के विरह बिचारी ब्रजबाल ही पै,
ज्वाल से जगावत गुआल सी लुन्हाई के।
एरे मतिमंद चंद आवत न तोहि लाज
ह्वै कै द्विजराज काज करत कसाई के॥

दोहा

कहा कहौं सखि काहि को, हिय निरदयपन आज।
तन जारत पारत बिपति, अपति उजारत लाज॥

अथ निद्रा के उदाहरण—

दोहा

नंदनँदन नवनागरी, लखि सोवत निरमूल।
उर उघरे उरजन निरखि, रह्यो सुआनन फूल॥

अथ व्याधि

विरह विवश कामादि ते तन संतापित होय।
ताही सों सब कवि कहत, व्याधि कहावति सोय॥

अथ व्याधि को उदाहरण—कबित्त

दूरही ते देखत बिथा मैं वा वियोगिनि की
आई भले भाजि आँसु लाज मढ़ि आवैगी।
कहै पदमाकर सुनो हो घनश्याम जाहि
चेतत कहूँ जो एक आहि कढ़ि आवैगी।
सर सरितान को न सूखत लगैगी देर
एती कछू जुलमिन ज्वाला बढ़ि आवैगी।
ताके तनताप की कहौं मैं कहा बात,
मेरे गातहि छुवो तौ तुम्हैं ताप चढ़ि आवैगी॥

दोहा

रूप की अजब अजार मैं, परी बाम तन-छाम ।
नित कोऊ मत लीजियो, चन्द्रोदय को नाम ॥

अथ मरण

प्राणत्याग कहिये मरन, सो न वरनिबे योग ।
वर्णत शूर सतीन को, सुयशहेत कविलोग ॥

अथ मरण को उदाहरण—सवैया

जानकी को सुनि आरतनाद सुजानि दशानन की छलहाँई ।
त्यों पदमाकर नीच निशाचर आइ अकाश में आड़यो तहाँई ।
रावण ऐसे महारिपु सों अति युद्ध कियो अपने बलताई ।
सो हित श्रीरघुराज के काज पै जीव तजै तौ जटायु की नाई ॥

अन्यच्च—कवित्त

पाली पैज पन की प्रवेश करि पावक सों
पौन से सिताब सहगौन की गती भई ।
कहै पदमाकर पताका प्रेमपूरण की
प्रकट पतिव्रत की सौगुनी रती भई ।
भूमिहू अकाशहू पतालहू सराहै सब
जाको यश गावत पवित्र भी मती भई ।
सुनत पयान श्रीप्रताप को पुरंदर पै
धन्य पटरानी जोधपुर में सती भई ॥

दोहा

हने राम दशशीश के, दशौ शीश भुज बीस ।
लै जटायु की नजर जनु, उड़े गीध नव तीस ॥

अथ अपस्मार

दुसह दुखादिक ते जहाँ, होत कंप भूपात ।
अपस्मार सो फेनमुख स्वासादिक सरसात ॥

अथ अपस्मार को उदाहरण—सवैया

जा दिन ते छिन साँवरे रावरे लागे कटाक्ष कछू अनियारे।
त्यों पदमाकर ता छिन ते तिय सों अँग अंग न जात सम्हारे।
है हिय हायल घायल सी घनघूमि गिरी परै प्रेम तिहारे।
नैन गये फिरि फेन बहै मुख चैन रह्यो नहि मैन के मारे॥

दोहा

लखि बिहाल एकै कहत, भई कहूँ भयभीत।
एक कहत मिरगी लगी लगी न जानत प्रीत॥

अथ आवेग

अति डर तें अति नेह ते, जु उठि चालियतु बेग।
ताही सों सब कहत हैं, संचारी आवेग॥

अथ आवेग को उदाहरण—कवित्त

आई संग अलिन के ननद पठाई नीठ,
सोहत सोहाई सो सईडरी सुपटकी।
कहै पदमाकर गँभीर यमुना के तीर
लागो घट भरन नवेली नेह अटकी।
ताही समय मोहन सुबाँसुरी बजाई, ता मे
मधुर मलार गाई श्रोर बंसीबट की।
तान लगे लटकी रही न सुधि घूँघुट की
घट की न औघट की बाट की न घट की॥

दोहा

सुनि आहट पियपगनि को, रभरि भजी यों नारि।
कहुँ केकब कहुँ किंकिनी कहूँ सु नूपुर डारि॥

अथ त्रास

जहाँ कौनहूँ अहित ते, उपजत कछु भय आय।
ताही को नित त्रास कहि वर्णत हैं कविराय॥

अथ त्रास को उदाहरण—सवैया

ए ब्रजचन्द गोविन्द गोपाल सुन्या न क्यों केते कलाम किये मैं ।
त्यों पद्माकर आनँद के नँद हौ नँदनन्दन जानि लिये मैं ।
माखन चोरी कै खोरि न ह्वै चले भाजि कछू भय मानि जिये मै ।
दूरि हूँ दौरि दुर्‌यो जो चहौ तौ दुरौ कि न मेरे अँधेरे हिये मैं ॥

दोहा

शिशिरशीत भयभीत कछु, सु परि प्रीत कै पाय ।
आपहि ते तजि मान तिय, मिली प्रीतमैं जाय ॥

अथ उन्माद

अविचारित आचरन जो, सो उन्माद बखान ।
व्यर्थ वचन रोदन हँसी, ए स्वभाव तहँ जान ॥

अथ उन्माद को उदाहरण—सवैया

आपहि आप पै रूषि रही कब हूँ पुनि आपहि आप मनावै ।
त्यों पद्माकर ताके तमालनि भेटिबे को कबहूं उठि धावै ।
जो हरि रावरौ चित्र लिखै तौ कहूं कबहूँ हँसि हेरि बुलावै ।
व्याकुल बाल सुआलिन सों कह्यो चाहे कछू तो कछू कहि आवै ॥

दोहा

छिन रोवति छिन हँसि उठति, छिन बोलति, छिन मौन ।
छिन छिन पर छीनी परति, भई दशा धौं कौन ॥

अथ जड़ता

गमन ज्ञान आचरण की रहै न जहँ सामर्थ ।
हित अनहित देखै सुनै जड़ता कहत समर्थ ॥

अथ जड़ता को उदाहरण—कवित्त

आज बरसाने की नवेली अलबेली बधू
मोहन विलोकिबे को लाज काज लै रही ।

छज्जा छज्जा झाँकती झरोखनि झरोखनि ह्वै
चित्रसारी चित्रसारी चन्द्र सम ह्वै रही ।
कहै पद्माकर त्यों निकस्यो गोबिन्द ताहि
जहाँ तहाँ इकटक ताकि घरी ह्वै रही ।
छज्जावारी छकी सी उझकी सी झरोखावारी
चित्र कैसी लिखी चित्रसारीवारी ह्वै रही ॥

दोहा

हलैं दुहूँ न चलैं दुहूँ, दुहुँन बिसरिगे गेह ।
इक टक दुहुँनि दुहूँ लखैं, अटकि अटपटे नेह ॥

अथ चपलता

जहँ अति अनुरागादि ते, थिरता कछू रहै न ।
तित चित चाहै आचरण, वहै चपलता ऐन ॥

अथ चपलता को उदाहरण—सवैया

कौतुक एक लख्यो हरि ह्याँ पदमाकर यों तुम्हैं जाहिर की मैं ।
कोऊ बड़े घर की ठकुराइनि ठाढ़ी न घात रहै छिन की मैं ।
झाँकति है कबहूँ झँझरीन झरोखनि त्यों सिरकी सिरकी मैं ।
झाँकति ही खिरकी में फिरैं थिरकी थिरकी खिरकी खिरकी मैं ॥

दोहा

चकरी लौ सँकरी गलिन, छिन आवत छिन जात ।
परी प्रेम के फन्द में, बधू बितावत रात ॥

अथ वितर्क

उर उपजत सन्देह जहँ, कीजै कछू विचार ।
ताहि वितर्क बिचारहीं, जे कवि सुमति उदार ॥

अथ वितर्क को उदाहरण—कबित्त

थोस गनगौरि के सु गिरिजा गोसाँइन को,
आवत यहाँ ही अति आनँद इतै रहैं ।
कहै पद्माकर प्रतापसिंह महाराज
देखो देखिवे को दिव्यदेवता तितै रहैं ।
शैल तजि बैल तजि फैल तजि गैलन में
हेरत उमा को यों उमापति हितै रहैं ।
गौरिन में कौन धों हमारी गणगौरि यहै,
शम्भु घरी चारक लौं चकित चितै रहैं ॥

अन्यच्च—कबित्त

वे ऊ आये द्वारे ही हूँ हुती अगवारे और
द्वारे अगवारे कोउ तौ न तिहि काल में ।
कहै पद्माकर वे हरषि निरखि रहैं,
त्योंही रही हरषि निरखि नँदलाल में ।
मोहि तो न जान्यों गयो मेरी आली मेरो मन
मोहन के जाइ धौं परयो है कौन ख्याल में ।
भूल्यो भौंह भाल में चुभ्यो कै टेढ़ी चाल में,
छक्यो कै छबि जाल में कै बोध्यो बनमाल में ॥

दोहा

किधौ सुअधपक आम में, मानहुँ मिलो मलिन्द ।
किधौं तनक है तम रह्यो, कै ठोढ़ी को बिन्द ॥

॥ इति ॥

ALANKARAS (FIGURES OF SPEECH)

AND

PINGAL (PROSODY)

1.—Jaswant Sinha.

Maharaja Jaswant Singh of Mārwār, born 1682 V. E., ascended the *gaddi* in 1695 V. E. He was a great patron of learning and numerous books were compiled under his auspices. He distinguished himself in the Imperial campaign in the Central Provinces and was appointed Governor of Mārwār. He played an important part in the history of the reign of Aurangzeb but the historians ignore the fact that in addition to being a great soldier he was also a great poet. His principal works are:—

(1) *Aparoksha-siddhānt*, (2) *Anubhava Prakāsh*, (3) *Ānandvilās*, (4) *Siddhāntbodh*, (5) *Siddhāntsār*, and (6) *Prabodhachandrodaya Nātak.*

भाषाभूषण

अलंकारप्रकरण

उपमा

उपमेय रु उपमान जहँ वाचक धर्म सु चारि ।
पूरन उपमा हीन तहँ लुप्तोपमा बिचारि ॥
इह बिधि सब समता मिलै उपमा सोई जानि ।
ससि सो उज्जल तिय बदन पल्लव से मृदु पानि ॥

लुप्तोपमा

बाचक धर्म अरु बर्ननिय है चौथा उपमान ।
इक बिन द्वै बिन तीनि बिनि लुप्तोपमा प्रमान ॥
बिजुरी सी पंकजमुखी कनकलता तिय लेषि ।
बनिता रसश्रृङ्गार की कारन मूरति पेषि ॥

अनन्वय

उपमेयो उपमान जब कहत अनन्वय ताहि ।
तेरे मुख के जोड़ को तेराही मुख आहि ॥

उपमानोपमेय

उपमा लागै परसपर सो उपमाउपमेय ।
खञ्जन हैं तव नैन से तव दृग खञ्जन सेय ॥

अथ पंचबिधि प्रतीप

सो प्रतीप उपमेय को कीजै जब उपमान ।
लोयन से अम्बुज बने मुख सो चन्द्र बखान ॥
उपमे को उपमान तें आदर जबै न होय ।
गरब करति मुख को कहा चन्दहि नीकै जोइ ॥

अनआदर उपमेय ते जब पावै उपमान ।
तीछिन नैन-कटाच्छ तैं मन्द काम के बान ।।
उपमे को उपमान जब समता लायक नाँहि ।
अति उत्तम दृग मीन से कहे कौन बिधि जाँहि ।।
व्यर्थ होइ उपमान जब वर्णनीय लखि सार ।
दृग आगे मृग कछु न ये पञ्च प्रतीप प्रकार ।।

अथ रूपक षट् विधि

रूपक है द्वै भाँति को मिलि तद्रूप अभेद ।
अधिक न्यून सम दुहुन के तीनि तीनि ये भेद ।।
मुखि ससि या ससि तैं अधिक उदित जोति दिन राति
सागर तैं उपजी न यह कमला अपर सुहाति ।।
नैन कमल ए ऐन हैं और कमल किहि काम ।
गमन करति नीकी लगति कनकलता यह बाम ।।
अति सोभित विद्रुम-अधर नहिँ समुद्र उत्पन्न ।
तुव मुख पङ्कज बिमल अति सरस सुबास प्रसन्न ।।

परिणाम

करै क्रिया उपमान ह्वै वर्णनीय परिणाम ।
लोचन-कञ्ज बिसाल तैं देखति देखो बाम ।।

द्विविधि उल्लेख

सो उल्लेख जु एक को बहु समझैं बहु रीति ।
अर्थिन सुरतरु, तिय मदन, अरिको काल प्रतीति ।।
बहुविधि बरनैं एक को बहुगुन सो उल्लेख ।
तू रण अर्जुन, तेज रवि, सुरगुरु बचन विशेष ।।

स्मरणभ्रम

सुमिरन भ्रम सन्देह ए लच्छन नाम प्रकास ।
सुधि आवति वा बदन की देखे सुधानिवास ।।

बदन सुधानिधि जानिकै तुव सँग फिरत चकोर ।
बदन किधौं यह सीतकर किधौं कमल भये भोर ॥

शुद्धापह्नुति

धर्म्म दुरैं आरोप तें शुद्ध अपह्नुति जानि ।
उर पर नाहिँ उरोज यह कनकलता-फल मान ॥

हेत्वपह्नुति

वस्तु दुरइये जुक्ति सों हेतु अपह्नुति होइ ।
तीव्र चन्द नहि रैनि रवि बड़वानलही जोइ ॥

पर्यस्तापह्नुति

पर्य्यस्त जु गुन और कै और विषे आरोप ।
होइ सुधाधर नाहि यह बदन सुधाधर ओप ॥

भ्रान्त्यापह्नुति

भ्रांति अपह्नुति बचन सों भ्रम जब पर को जाय ।
ताप कम्प है ज्वर नहीं ना सखि मदन सताय ॥

छेकापह्नुति

छेकापह्नुति उक्ति करि पर सों बात दुराइ ।
करत अधर-छत पिय नहीं सखी सीत-रितु-बाइ ॥

कैतवापह्नुति

कैतवऽपह्नुति एक को मिसु करि बरनै आन ।
तीछन तीय-कटाच्छ मिस बरषत मनमथ बान ॥

उत्प्रेक्षा त्रिबिधि

उत्प्रेच्छा सम्भावना बस्तु हेतु फल लेखि ।
नैन मनो अरबिन्द हैं सरस बिलास बिसेषि ॥
मनो चली आँगन कठिन तातैं राते पाय ।
तुव-पद-समता को कमल जल सेवत इक पाय ॥

रूपकातिशयोक्ति

अतिशयोक्ति रूपक उहै केवलही उपमान ।
कनकलता पर चन्द्रमा धरैं धनुष द्वै बान ॥

सापह्नवातिशयोक्ति

सापह्नव गुन और कै औरहि पर ठहराइ ।
सुधा भरयो यह बदन तुव चन्द कहै बौराइ ॥

भेदकातिशयोक्ति

अतिसयोक्ति भेदक वहै इहि विधि बरनत जात ।
औरै हँसिबौ देखिबौ औरहि याकी बात ॥

सम्बन्धातिशयोक्ति

सम्बन्धातिशयोक्ति सो देत अजोगहि जोग ।
या पुर के मन्दर कहैं ससि लौं ऊँचे लोग ॥

असम्बन्धातिशयोक्ति

अतिशयोक्ति दूजी उहै जोग अजोग बखानि ।
तो कर आगे कलपतरु क्यों पावै मनमान ॥

अक्रमातिशयोक्ति

अतिशयोक्ति अक्रम जबै कारज कारन संग ।
तो सर लागत साथहीं धनुषहिँ अरु अरि-अंग ॥

चपलातिशयोक्ति

चपलात्युक्ति जु हेत के होत नामहीं काज ।
कङ्कनही भई मुँदरी पीय-गमन सुनि आज ॥

अत्यन्तातिशयोक्ति

अत्यन्तातिशयोक्ति सो पूरबापर क्रम नाहिँ ।
बान न पहुँचै अंग लौं अरि पहिलै गिरि जाहिँ ॥

तुल्ययोगिता

तुल्योगिता तीनि बिधि लच्छण क्रम तें जानि ।
एक शब्द में हित अहित बहु में एकहि बानि ॥
बहु में समता गुननि करि इहि बिधि भिन्न प्रकार ।
गुननिधि नीके देख तू तिय के उर को हार ॥
नवलवधू की बदनदुति अरु सकुचत अरबिन्द ।
तुही सिरीनिधि धर्म्मनिधि तुही चन्द अरबिन्द ॥

दीपक

सो दीपक निज गुननि सों वर्न्यै इतर इक भाइ ।
गज मद सों नृप तेज सों सोभा लहत बनाइ ॥

दीपकावृत्ति

दीपकआवृति तीनि बिधि आवृति पद की होइ ।
पुनि है आवृति अर्थ की दूजै कहियै सोइ ॥
पद अरु अर्थ दुहूनि की आवृति तीजै लेखि ।
घन बरषै है री सखी निसि बरषै है देखि ॥
फूले वृच्छ कदम्ब के केतक बिकसे आइ ।
मत्त भये हैं मोर अरु चातक मत्त सराहि ॥

प्रतिवस्तूपमा

प्रतिवस्तूपम समझिये दोऊ वाक्य समान ।
सोभा सूर प्रतापवर सोभा सूरहि बान ॥

दृष्टान्त

अलङ्कार दृष्टान्त सो लच्छन नाम प्रमान ।
कान्तिमान शशिहीं बन्यो तूहीं कीरतिमान ॥

निदर्शना

कहियै त्रिबिधि निदर्शना वाक्य अर्थ सम दोइ ।
एक क्रिया पुनि और गुन और वस्तु में होइ ॥

कहियै कारज देखि कछु भलौ बुरौ फल भाव ।
दाता सोम सुअंक-बिन पूरनचन्द बनाव ॥
देखौ सहजै धरत ए खंजनलीला नैन ।
तेजस्वी सों निबल बल महादेव अरु मैन ॥

व्यतिरेक

व्यतिरेक जु उपमान ते उपमे अधिकौ देखि ।
मुख है अम्बुज सों सखी मीठी बात विशेषि ॥

सहोक्ति

सो सहोक्ति सब साथही बरनै रस सरसाइ ।
कीरति अरिकुल संगही जलनिधि पहुँची जाइ ॥

विनोक्ति

है विनोक्ति द्वै भाँति की प्रस्तुत कछु बिन छीन ।
अरु सोभा अधिकी लहै प्रस्तुत कछु इक हीन ॥
दृग खञ्जन से कंज से अंजन बिन सोभै न ।
बाला सब गुन सरस तनु रंच रुखाई है न ॥

समासोक्ति

समासोक्ति प्रस्तुत फुरैं ऽप्रस्तुत बर्नन माँझ ।
कुमुदिनिहू प्रफुलित भई देख कलानिधि साँझ ॥

परिकर

है परिकर आशय लिये जहाँ विशेषन होइ ।
शशिबदनी यह नायिका ताप हरति है जोइ ॥

परिकरांकुर

साभिप्राय विशेष्य जब परिकर-अङ्कुर नाम ।
सूधेहू पियके कहैं नेंक न मानति बाम ॥

श्लेषालंकारः

श्लेषअलंकृति अर्थ बहु एक शब्द में होत ।
होय न पूरन नेह बिन ऐसो बदन उदोत ॥

अप्रस्तुतप्रशंसालंकारो द्विविधः

अलंकार द्वै भाँति के अप्रस्तुतप्रशंस ।
इक बर्नन प्रस्तुत बिना दूजैं प्रस्तुत अंस ॥
धनि यह चरचा ज्ञान की सकल समैं सुख देत ।
विष राखत हैं कंठ शिव आप धर्यो इहि हेति ॥

प्रस्तुतांकुर

प्रस्तुतअंकुर हैं कियें प्रस्तुत में प्रस्ताय ।
कहाँ गयो अलि केवरे छाँड सुकोमल जाय ॥

पर्यायोक्त्यलंकारो द्विविधः

पर्यायोक्ति प्रकार द्वै कछु रचना सों बात ।
मिसु करि कारज साधियें जो कछु चितहिं सुहात ॥
चतुर वहै जिहिं तुव गरे बिन-गुन डारी माल ।
तुम दोऊ बैठी यहो जात अन्हावन ताल ॥

व्याजस्तुति

व्याजस्तुति निन्दा मिसें जबें बड़ाई होय ।
स्वर्ग चढ़ायें पतित लै गंग कहा कहुँ तोहि ॥

व्याजनिन्दा

व्याजनिंद निंदा मिसें निंदा औरे होय ।
सदा छीन कीनो न क्यों चंद मंद है सोय ॥

आक्षेपालंकारस्त्रिधा

तीन भांति आक्षेप है एक निषेधाभास ।
पहिलें कहियें आप कछु बहुरि फेरियें तास ॥

दुरैं निषेध जु बिधि बचन लच्छन तीनो लेखि ।
ह्वैां नहि दूती अगनि तैं तिय तन ताप विशेखि ॥
शीतकिरन दे दरश तूँ अथवा तियमुख आहि ।
तहाँ जन्म मोकों दई चले देश तुम जाहि ॥

बिरोधाभास

भासै जबै बिरोध सो यहै बिरोधाभास ।
उतरत हों उतरत नहीं मन तैं प्राननिवास ॥

विभावनालंकारः षड्विधः

होहि छ भाँति विभावना कारन बिनहीं काज ।
बिन जावक दीनैं चरन अरुन लखे हैं आज ॥
हेतु अपूरन तें जबै कारज पूरन होय ।
कुसुमबान कर गहि मदन सब जग जीत्यो जाय ॥
प्रतिबंधक के होत हू कारज पूरन मान ।
निस दिन श्रुतिसंगति तऊ नैन राग को खान ॥
जबै अकारन वस्तु तें कारज प्रकटहि होत ।
कोकिल की बानी अबै बोलत दिख्यो कपोत ॥
काहू कारन तें जबै कारज होत बिरुद्ध ।
करत मोहि संताप यह सखी, शीतकर शुद्ध ॥
पुनि कछु कारज ते जबै उपजै कारन रूप ।
नैन मीन को देखि यह सरिता बहति अनूप ॥

विशेषोक्ति

विशेषोक्ति जब हेतु सो कारज उपजै नाहिँ ।
नेह घटत नहि हिय जऊ कामदीप घट माहिँ ॥

असंभव

कहै असंभव होत जब बिन संभावन काज ।
गिरिवर धरि है गोपसुत को जानै थो आज ॥

———

2.—Bhukhan.

Bhukhan like his brothers Mati Ram and Chintamani has also written a book on *Ars Poetica*, but unlike them all his illustrations extol the bravery of his hero Shivaji. The book deals with the figures of speech only.

असंगति (प्रथम)—लक्षण

दोहा

हेतु अनतही होय जहँ, काजु अनतही होय।
ताहि असंगति कहते हैं, भूषन सुमति समोय ।।

उदाहरण—कबित्त मनहरन

महाराज शिवराज चढ़त तुरंग पर
ग्रीवा जात नै करि गनीम अतिबल की।
भूषन चलत सरजा की सैन भूमि पर
छाती दरकत है खरी अखिल खल की।
कियो दौरि घाव उमरावन अमीरन पै
गई कटि नाक सिगरेई दिलीदल की।
सूरति जराई कियो दाह पातसाह उर
स्याही जाय सब पातसाही-मुख झलकी ।।

असंगति (द्वितीय)—लक्षण

दोहा

आन ठौर करनीय सो, करै और ही ठौर।
ताहि असंगति और कवि भूषन कहत सगौर ।।

उदाहरण-मनहरन दंडक

भूपति सिवाजी तेरी धाक सों सिपाहिन के
राज पातसाहिन के मन ते अहं गली।
भौंसिला अभंग तू तौ जुरतो जहाँई जंग
तेरी एक फते होत मानो सदा संग ली।

साहि के सपूत पुहुमी के पुरहूत कवि
भूषन भनत तेरी खरगउ दंगली ।
शत्रुन की सुकुमारी थहरानी सुन्दरी औ,
शत्रु के अगारन मैं राखे जंतु जंगली ॥

असंगति (तृतीय)—लक्षण

दोहा

करन लगै औरै कछू, करै औरई काज ।
तहाँ असंगति होत है, कहि भूषन कविराज ॥

उदाहरण—मालती सवैया

साहितनै सरजा सिव के गुन नैकहु भाषि सक्यो न प्रवीनो ।
उद्यत होत कछू करिबे को करै कछु वीर महा रसभीनो ।
ह्वाँते गयो चकतै सुख देन को गोसलखाने गयो दुख दीनो ।
जाय दिली दरगाह सुसाह को भूषन बैरि बनाय ही लीनो ॥

विषम—लक्षण

दोहा

कहा बात यह कहँ वहै, यों जहँ करत बखान ।
तहाँ विषम-भूषन कहत, भूषन सुकवि सुजान ॥

उदाहरण-मालती सवैया

जावलि वार सिंगारपुरी औ जवारि को राम के नैरि को गाजी ।
भूषन भौंसिलाभूपति नै सब मारि यों दूरि किये जिमि पाजी ।
वैर कियो सिवजी सों खवासखाँ क्यों उरसैन बिजैपुर बाजी
बापुरो एदिलसाहि कहाँ कहाँ दिल्ली को दावनगीर सिवाजी ॥

सवैया

लै परनालो सिवा सरजा करनाटक लौं सब देश बिगूचे ।
वैरिन के भगे बालकवृन्द भनै कवि भूषन दूरि पहूँचे ।

नाँघत नाँघत घोर घने बन हारि परे यों कटे मनो कूँचे ।
राजकुमार कहाँ सुकुमार कहाँ विकरार पहार वे ऊँचे ।

सम-लक्षण

दोहा

जहाँ दुहूँ अनुरूप को, करिए उचित बखान ।
समभूषन तासों कहत, भूषन सकल सुजान ॥

उदाहरण—मालती सवैया

पंजहजारिन बीच खड़ा किया मैं उसका कुछ भेद न पाया ।
भूषन यों कहि औरंगजेब उजीरन सों वे हिसाब रिसाया ।
कम्मर की न कटारी दई इसलाम ने गोसलखाना बचाया ।
जोर सिवा करता अनरत्थ भली भई हत्थ हथ्यार न आया ॥

पुनः दोहा

कुछ न भयो केतो गयो, हार्‌यो सकल सिपाह ।
भली करी सिवराज सो, औरँग करै सलाह ॥

विचित्र—लक्षण

दोहा

जहाँ करत हैं जतन फल, चित्त चाहि विपरीत ।
भूषन ताहि विचित्र कहि, बरनत सुकवि विनीत ॥

उदाहरण—दोहा

तै जयसिंहहि गढ़ दियें, सिव सरजा जस हेत ।
लीन्हे कैयो बरस मैं, बार न लागी देत ॥

अन्यच्च कवित्त मनहरन

बेदर कल्यान दै परेंडा आदि कोट साहि
एदिल गँवायें है नवाय निज सीस को
भूषन भनत भागनगरी कुतुबसाई
दै करि गँवायो रामगिरि से गिरीस को ।

भौंसिला भुवाल साहितनै गढ़पाल दिन
दोऊ ना लगाए गढ़ लेत पँचतीस को ।
सरजा सिवाजी जैसाह मिरजा को लीबो
सौगुनी बड़ाई गढ़ दीन्हे हैं दिलीस को ॥

प्रहर्षण–लक्षण

दोहा

जहँ मनवाँछित अरथ ते, आपति कछु अधिकाय ।
तहाँ प्रहरषन कहत हैं, भूषन जे कविराय ॥

उदाहरण मनहरन दंडक

साहितनै सरजा की कीरति सों चारो ओर
चाँदनीवितान छितिछोर छाइयतु है ।
भूषन भनत ऐसो भूप भौंसिला है जाके
द्वार भिच्छुकन सों सदाइ भाइयतु है ।
महादानि सिवा जी खुमान या जहान पर
दान के प्रमान जाके यों गनाइयतु है ।
रजत की हौस किए हेम पाइयतु जा सों
हयन की हौस किए हाथी पाइयतु है ॥

विषादन-लक्षण

दोहा

जहँ चित चाहे काज ते, उपजत काज विरुद्ध ।
ताहि विषादन कहत है, भूषन बुद्धिविशुद्ध ॥

उदाहरण—मालती सवैया

दारहि दारि मुरादहि मारि के संगर साहसुजै बिचलायो ।
कै कर मैं सब दिल्ली की दौलत औरहु देश घने अपनायो ।
बैर कियो सरजा सिव सों यह नौरंग के न भयो मनभायो ।
फौज पठाइ हुती गढ़ लेन को गाँठिहु के गढ़ कोट गँवायो ॥

अपरं च दोहा

महाराज सिवराज तव बैरी तजि रस रुद्र ।
बचिबे को सागर तिरे, बूड़े शोकसमुद्र ॥

अधिक लक्षण

दोहा

जहाँ बड़े आधारते बरनत बढ़ि आधेय ।
ताहि अधिक भूषन कहत, जानि सुग्रन्थ प्रमेय ॥

उदाहरण दोहा

सिव सरजा तव हाथ को, नहिं बखान करि जात ।
जाको वासी सुजस सब त्रिभुवन में न समात ॥

पुनः कबित्त मनहरण

सहज सलील सील जलद से नील डील
पब्वय से पील देत नाहि अकुलात है ।
भूषन भनत महाराज सिवराज देत
कंचन को ढेरु जो सुमेरु सो लखात है ।
सरजा सवाई को सों करि कविताई तव,
हाथ की बड़ाई को बखान करि जात है ।
जाको जस टंक साता दीप नव खंड महि-
मंडल की कहा ब्रहमंड ना समात है ।

अन्योन्य लक्षण

दोहा

अन्योन्या उपकार जहँ, यह बरनन ठहराय ।
ताहि अन्योन्या कहत है अलंकार कविराय ॥

उदाहरण--मालती सवैया

तो कर सों छिति छाजत दान है दानहू सों अति तो कर छाजै ।
तैं ही गुनी की बड़ाई सजै अरु तेरी बड़ाई गुनी सब साजै ।

उदाहरण—दोहा

भूषन ताहि सों राज बिराजत राज सों तू सिवराज बिराजै।
तो बल सों गढ़ कोट गजैं अरु तू गढ़ कोटन के बल गाजै॥

विशेष-लक्षण

दोहा

बरनत हैं आधेय को, जहँ बिनही आधार।
ताहि बिसेष बखानहीं, भूषन कविसरदार॥

सिव सरजा सों जंग जुरी, चन्दावत रजवंत।
राव अमर गो अमरपुर, समर रही रजतंत॥

पुनः कबित्त मनहरण

सिवाजी खुमान सलहेरि मैं दिलीसदल,
कीन्हों कतलाम करवाल गहि कर मैं।
सुभट सराहे चन्दावत कछवाहे मुग-
लौ पठान ढाहें फरकत परे फर मैं।
भूषन भनत भौंसिला के भट उदभट,
जीति घर आए धाक फैली घर घर मैं।
मारु के करैया अरि अमरपुरै गे तऊ,
अजौं मारु मारु सोर होत है समर मैं॥

व्याघात-लक्षण

दोहा

और काज करता जहाँ, करै औरई काज।
ताहि कहत व्याघात है, भूषन कवि सिरताज॥

उदाहरण—मालती सवैया

ब्रह्म रचै, पुरुषोत्तम पोसत, शंकर सृष्टिसँहारनहारे।
तू हरि को अवतार सिवा नृप काज सँवारे सबै हरिवारे।

भूषन यों अवनी यवनी कहै कोऊ कहै सरजा सों हहारे।
तू सबको प्रतिपालनहार बिचारे भतार न मार हमारे॥

अन्यच्च कबित्त मनहरण

कसत मैं बार बार वैसोई बलन्द होत,
वैसोई सरस रूप समर भरत है।
भूषन भनत महराज सिवराज मनि,
सघन सदाई जस फूलन धरत है।
बरछी कृपान गोली तीर केते मान,
जोरावर गोला बान तिन हूँ को निदरत हैं।
तेरो करवाल भयो जगत को ढाल अब,
सोई हाल म्लेच्छन के काल को करत है॥

(कारणमाला) गुम्फ-लक्षण

दोहा।

पूरब पूरब हेतु कै, उत्तर उत्तर हेतु।
या विधि धारा बरनिए, गुम्फ कहावत नेतु॥

उदाहरण मालती सवैया

शंकर की किरपा सरजा पर जोर बढ़ी कवि भूषन गाई।
ता किरपा सों सुबुद्धि बढ़ी भुव भौंसिला साहितनै की सवाई।
राज सुबुद्धि सों दान बढ़यो अरु दान सों पुन्यसमूह सदाई।
पुन्य सों बाढ़यो सिवाजी खुमान खुमान सों बाढ़ी जहानभलाई॥

पुनः दोहा

सुजसदान अरु दान धन, धन उपजै किरवान।
सो जग मैं जाहिर करी, सरजा सिवा खुमान॥

एकावली-लक्षण

दोहा

प्रथम बरनि जहँ छोड़िए, जहाँ अरथ की पाँति।
बरनत एकावलि अहै, कवि भूषन यहि भाँति॥

उदाहरण—हरिगीतिका छन्द

तिहुँ भुवन मैं भूषन भनैं नरलोक पुन्य सुसाज मैं।
नरलोक मैं तीरथ लसै महि तीरथों की समाज मैं॥
महि मैं बड़ी महिमा भली महिमै महा रज लाज मैं।
रजलाज लाजत आजु है महराज श्री सिवराज मैं॥

मालादीपक एवं सार-लक्षण

दोहा

दीपक एकावलि मिले, मालादीपक होय।
उत्तर उत्तर उतकरष, सार कहत हैं सोय॥

मालादीपक का उदाहरण

कबित्त मनहरन

मन कवि भूषन को सिव की भगति जीत्यो,
सिव की भगति जीत्यो साधुजनसेवा ने।
साधुजन जीते या कठिन कलिकाल, कलि-
काल, जीते महावीर राज महिमेवा ने।
जगत में जीते महावीर महाराजन ते,
महाराज बावन हू पातसाहलेवाने।
पातसाह बावनो दिली के पातसाह दिल्ली-
पति पातसाहै जीत्यो हिन्दुपति सेवा ने॥

सार का उदाहरण—मालती सवैया

आदि बड़ी रचना है बिरंचि की जा मैं रह्यो रचि जीव जड़ो है।
ता रचना महँ जीव बड़ो अति काहे ते ता उर ज्ञान गड़ो है।
जीवन मै नरलोग बड़ो कवि भूषन भाषत पैज अड़ो है।
है नरलोग मैं राज बड़ो सब राजन में सिवराज बड़ो है॥

यथासंख्य-लक्षण

दोहा

क्रम सों कहि तिन के अरथ, क्रम सो बहुरि मिलाय ।
यथासंख्य ताको कहैं, भूषन जे कविराय ॥

यथासंख्य को उदाहरण—कबित्त मनहरन

जेई चहौ तेई गहौ सरजा सिवाजी देस
संके दल दुवन के जे वै बड़े उर के ।
भूषन भनत भौंसिला सों अब सनमुख
कोऊ ना लरैया है धरैया धीरधुर के ।
अफजलखान खान रुस्तमें जमान फत्ते
खान कूटे लूटे ए उजीर बीजापुर के ।
अमर सुजान मोहकम बहलोलखान
खांड़े छोड़े छांडे उमराव दिलीसुर के ॥

पर्य्याय-लक्षण

दोहा

जहाँ अनेकन में रहै, एकहि मे कि अनेक ।
ताहि कहत परयाय है, भूषन सुकवि विवेक ॥

पर्य्याय को उदाहरण—दोहा

जीत रही औरंग में, सबै छत्रपति छाँड़ि ।
तजि ताहू को अब रही, शिवसरजा कर माँड़ि ॥

पुनः कबित्त मनहरन

कोट गढ़ दै कै माल मुलुक मै बीजापुरी,
गोलकुण्डावारो पीछे ही को सरकतु है ।
भूषन भनत भौंसिला भुवाल भुजबल
रेवा ही के पार अवरंग हरकतु है ।

पेसकसैं भेजत इरान-फिरगानपति
उनहू के उर याकी धाक धरकतु है।
साहितनै सिवाजी खुमान या जहान पर
कौन पातसाह के न हिए खरकतु है॥
अगर के धूप धूम उठत जहाँई तहाँ
उठत बगूरे अब अतिही अमाप हैं।
जहाँई कलावंत अलापै मधुरस्वर
तहाँई भूत प्रेत अब करत विलाप हैं।
भूषन सिवाजी सरजाके बैर बैरिन के
डेरन मैं परे मानों काहू के सराप हैं।
बाजत हे जिन महलन में मृदंग तहाँ
गाजत मतंग सिंघ बाघ दीहदाप हैं॥

परिवृत्ति-लक्षण—दोहा

एक बात को दै जहाँ, आन बात को लेत।
ताहि कहत परिवृत्ति हैं, भूषन सुकबि सचेत॥

परिवृत्ति को उदाहरण—कबित्त मनहरन

दच्छिन धरन धीर धरन खुमान गढ़
लेत गढ़धरन सो धरमु दुवारु दै।
साहि नरनाह को सपूत महाबाहु लेत
मुलुक महान छीनि साहन को मारु दै।
संगर मैं सरजा सिवाजी अरि सैनन को
सारु हरि लेत हिन्दुवानसिर सारु दै।
भूषन भौंसिल जयजस को पहारु लेत
हरजू को हारु हरगन को अहारु दै॥

परिसंख्या-लक्षण

दोहा

अनत बरजि कछु बस्तु जहँ बरनत एकहि ठौर।
तेहि परिसंख्या कहत हैं, भूषन कवि दिलदौर॥

परिसंख्या को उदाहरण—मनहरन दंडक

अतिमतवारे जहाँ दुरदै निहारियत,
तुरगनही में चंचलाई परकीति है ।
भूषन भनत जहाँ पर लगैं बानन मैं
कोकपच्छिनहि माहिँ बिछुरन रीति है ।
गुनिगनचोर जहाँ एक चित्तही के लोक
बंधैं जहाँ एक सरजा की गुनप्रीति है ।
कम्प कदली मैं वारिबुन्द बदली मैं
सिवराजअदली के राज मैं यों राजनीति है ॥

विकल्प-लक्षण

दोहा

कै वह कै यह कीजिय जहँ कहनावति होय ।
ताहि विकल्प बखानहीं, भूषन कवि सब कोय ॥

विकल्प को उदाहरण—मालती सवैया

मोरँग जाहु कि जाहु कमाऊँ सिरीनगरै कि कवित्त बनाए ।
बाँधव जाहु कि जाहु अमेरि कि जोधपुरै कि चितौरहि धाए ।
जाहु कुतुब्ब कि एदिल पै कि दिलीसहु पै कि न जाहु बोलाए ।
भूषन गाय फिरौ महि मै बनि है चितचाह सिवाहि रिझाए ॥

पुनः मालती सवैया

देसन देसन नारि नरेसन भूषन यों सिख देहिँ दया सों ।
मंगन ह्वै करि दन्त गहो तिन, कन्त, तुम्है हैं अनन्त महासों ।
कोट गहौ कि गहौ बन ओट कि फौज की जोट सजौ प्रभु, तासों ।
और करौ किन कोटिक राह सलाह बिना बचिहौ न सिवा सों ॥

———

3.—Bhikhari Das.

Among the works of this great master of the Indian poetic art, *Chhandārnava* is the standard work on prosody.

In the accompanying extract, the poet describes the various kinds of *Sawaiyās*.

वर्णसवैया प्रकरण

दोहा

इकइस ते छब्बीस लगि वरण सवैया साजु ।
इक इक गण बाहुल्य करि बरन्यो पन्नगराजु ॥

सवैया-लक्षण

सात भ है मदिरा गुरु अन्तहु दै लघु और चकोर कहौ गुनि ।
ताहु गुरू करि मत्त गयंद लहू मदिरा सिर मानिनि यं सुनि ।
आठ करोय भुजंग रु लच्छिय सो दुमिलातहि आभर है पुनि ।
जाहि सुमोतियदाम बनावहु भागन आठ किरीट रचो चुनि ॥

मदिरा छन्द को उदाहरण

दीन अधीन ह्वै पायँ परी हों अरी उपकार को धावहि तू ।
मेरी दया लखि होहि प्रसन्न दया उर अंतर ल्यावहि तू ।
नैनन के हिय की विरहागिनि एकहि बार बुझावहि तू ।
श्रीमनमोहन रूप-सुधा-मदिरा-मद मोंहि छकावहि तू ॥

युक्त दूसरो मदिराचकोर छन्द को उदाहरण

सोहत है तुलसीबन में रमि रास मनोहर नंदकिशोर ।
चारिहु पास है गोपवधूमणि दास हियें ते हुलास न थोर ।
कब लौं ये उराजवतीन को आनन मोहननैन भ्रमै जिमि भौंर ।
मोहनआननचंद लखे बनितान के लोचन चारु चकोर ॥

मत्तगयन्द छन्द को उदाहरण

सुन्दरि शुभ्र सुवेष सुकेस सुठौनि, सुश्रौनि सुदन्त सुसैनी ।
तुंगतनी मृदु अंग कृशोदरी चन्द्रमुखी मृगशावकनैनी ।

सोने को बासरु दास मिले गुनगौरि प्रिया नवला सुखदैनी ।
पीन नितंबवती करभोरु है मत्तगयन्दगती पिकबैनी ।।

मानिनी को उदाहरण यथा

प्रफुल्लित दास बसन्त कि फौज शिलीमुख भीर दिखावति है ।
जमाति प्रभञ्जन की गहि पत्रनि मानविभंजनि धावति है ।
नये दल देखि हथ्यारन डारि भटै तियसंगति भावति है ।
चढ़ाइ के भौंह कमाननि मानिनि काहे तू बैर बढ़ावति है ।।

भुजंग छंद को उदाहरण

तुम्हैं देखिबे की महाचाह बाढ़ी मिलापै बिचारै सराहै स्मरै जू ।
रहै बैठि न्यारी घटा देखि कारी बिहारी बिहारी बिहारी ररै जू ।
भई काल बौरी सी दौरी फिरै आज बैठी दशा ईश काधौं करै जू ।
बिथा मे गसी सी भुजंगै डसी सी छरी सी भरी सी घरी सी भरै जू ।।

लक्ष्मी छन्द को उदाहरण

बादि ही आइके बीर, मो ऐन में बैन के घाव को वो करै थावरी ।
आपनी तत्व ही एक ही वा कह्यो कौन कीबो करै बात फैलावरी ।
दास हों कान्ह दासी बिना मोल की छाँड़ि दीन्ह्यो सबै बंस बंशावरी ।
ज्ञान शिक्षानि तासो जुदी रक्षिये लक्षिये जाहि प्रत्यक्ष ही बावरी ।।

दुर्मिला छन्द को उदाहरण

सखि तो पहँ याचन आई हौं मैं उपकार कै मोहि जियावहि तू ।
तोंहि तात की सौं निज भ्रात की सौं यह बात न काहू जनावहि तू ।
तुव चेरी हौं होउँगी दास सदा ठकुरायन मेरी कहावहि तू ।
करि फन्द कछू मोहि चार जनी सजनी ब्रजचन्द मिलावहि तू ।।

आभार छन्द को उदाहरण

ये गेह के लोग धौं कार्त्तिकीन्हान को ठानि हैं कल्हि एकाकिही गौन ।
सम्वाद के बादि ही बावरो होय को आज आली रहौ ठाने ही मौन ।
हौं जानती हौं न धौं सीख कौने दयो नन्द को लाल गोपाल धौं कौन ।
आभार ह्यां द्वार को ताहि को सौंपि कै मोहि औ तोहि ह्यां राखते भौन ।।

मुक्तहरा (मोतीदाम) छन्द का उदाहरण

पठावत धेनु दुहावन मोहिं न जाँउ तौ देखि करौ तुम टेहु ।
छुटाइ भज्यो बछरा यह बैरी मरू करि हौं गहि ल्याई हौं गेहु ।
गई थकि दौरत दौरत दास खरोट लगें भइ बिह्वल देहु ।
चुरी गई चूरि भरी भई धूरि पर्‌यो टुटि मुक्तहरा यह लेहु ॥

किरीट छन्द का उदाहरण

पायन पीरिये पावरियाँ कटि केसरिया दुपटा छवि छाजित ।
गुंज मिले गजमोतिय हार में रीति सितासित भाँतिहै भ्राजित ।
अंग अपार प्रभा अवलोकत होत हजार मनोभव लाजित ।
बाल यशोमतिलाल यई जिनके शिर मोर-किरीट बिराजित ॥

माधव आदि के लक्षण—दोहा

आठ सगन गुरु माधवी, सुपिय मालती चाहि ।
सत्य न यो मंजरि कहे सत्यभरो अरसाहि ॥

माधव का उदाहरण

बिन ंडित ग्रन्थ प्रकाश नहीं बिन ग्रन्थ न पावत पण्डित भा है ।
जग चन्द्र बिना न बिराजति यामिनि यामिनिहू बिन चन्द्र अभा है ।
सुसभाहि के देखते साधुता होति औ साधुही ते शुभ होति सभा है ।
छवि पावति है मधुमाधवी ते मधु को अति माधवीहू सों प्रभा है ॥

मालती का उदाहरण

महिमा गुणवन्त की दास बढ़ै बकसै जब रीझि कै दान जवाहिर ।
गुणवंतहु ते पुनि दानिहुँ को यश फैलत जात दिगंत के बाहिर ।
जिमि मालिती सों अति नेह निबाहे ते भौंर भयो रसिकाई में जाहिर ।
अरु भौंरहु को अति आदर कीन्हे सुबास में मालति यों भई माहिर ॥

मंजरी का उदाहरण

बसंत से आजु बने ब्रजराज सपल्लव लाल छरीबर हाथे ।
सु कुण्डल से मुक्ता बिच हैं मकरंद की बुंदन की छवि नाथे ।

मलिन्दबने कच घूँघरवारे प्रसून घने पहुँचीन में गाथे ।
गेर जिमि किंशुक गुंज की माल रसाल की मंजुल मंजरि माथे ॥

अरसात छन्द को उदाहरण

सात घरीहूँ नहीं बिलगात लजात औ बात गुने मुसुकात हैं ।
तेरी सौं खात हौं लोचन रात है सारसपातहू ते सरसात हैं ।
राधिका माधो उठे परभात हैं नैन अघात हैं पेखि प्रभात हैं ।
लागि गरे अँगिरात जभात भरे रस गात खरे अरसात हैं ॥

——

4.—Padmakar.

The *Padmābharana* of this poet is entirely a work on the figures of speech. It is a well-known work, and we give some extracts here. It will be noticed that in some cases Padmakar has indented on Bihari for his examples and not given illustrations of his own composition.

अथ पंचदश अलंकार प्रकरण

दोहा

एक रसवत पुनि प्रेय गिनि ऊर्ज्जस्वति ठहराउ ।
बहुरि सभा हित चारि ये अलंकार चित ल्याउ ।।
भावोदय पुनि भावसँग भाव सबलता और ।
अलङ्कार ये तीनहू बरनत कवि सिरमौर ।।
जग प्रमान जे आठ हैं तेऊ भूषन जान ।
कहि प्रतच्छ अनुमान पुनि पुनि उपमान बखान ।।
सबद रु अर्थापत्ति पुनि अनुपलब्धि चित देहु ।
पुनि ऐतिह्य रु सम्भवहु इनहू कों गनि लेहु ।।
इहि विधि पन्द्रह और ये अलङ्कार सब ठौर ।
कविन बखाने बेस हैं निज निज मति की दौर ।।
इनके लच्छन लच्छ सब जुदे जुदे समुझाइ ।
पदमाकर कवि कहत है गुरु गनेस कों ध्याइ ।।

अथ रसवत अलङ्कार

बर विभाव अनुभाव अरु सञ्चारिन सों जत्र ।
व्यञ्जत थाईभाव जो रस कहियतु है तत्र ।।
सो रस जहँ अँग और को है रसवत तिहि ठाम ।
अरि प्रचण्ड दसमुख हन्यौ रे मन सुमिर सु राम ।।

यहाँ रामविषयिनी रतिभाव को अँग रौद्ररस भयो अरु जहाँ काहू रस को अँग कौनहू रस होय तहाँई रसवत ।

यथा

जिहिँ राखी व्रजमण्डली जु गिरि सु कर पर छाइ ।
तजि गुमान ता सों भटू मिलौ हिये हरषाइ ।।

यहाँ दया वीररस शृङ्गार को अङ्ग भयो यों औरहू जानियं ।

अथ प्रेयस

भाव अंगरस भाव को जहँ तहँ प्रेयस ठान ।
कब लखिहौं इन दृगन सों वा मुख की मुसक्यान ॥

यहाँ शृङ्गाररस को चिन्ता व्यभिचारी भाव अङ्ग भयो ॥

भाव को भाव अङ्ग यथा

प्रभुपद सौंह करें कहत वाहि तुच्छ इक तीर ।
लखत इन्द्रजित कों हनहुँ तौ मैं लछमन वीर ॥

यहाँ गर्व व्यभिचारीभाव क्रोधस्थायीभाव को अङ्ग भयो ।

अथ ऊर्जस्वित

अनुचित कर्महि तें जहाँ काज सुरस को भाव ।
रसाभास सो प्रथम विय भाव सबल रस गाव ॥
रसाभास अनुचित करम करब अजोग्य बिलास ।
हास्य करब गुरु निगम को सुत पितु सों रन नास ॥

अथ भावभास

जु रिपु सराहै सु रिपु कों लज्जा गनिकनि माहिँ ।
कवि पण्डित बर्नन करत भावाभास तहाँहि ॥
ये दुहु जहँ अँग और के सु ऊर्जस्वित पहिचान ।
पदमाकर कवि कहत है या विधि सुनहु सुजान ॥

रसाभास तें ऊर्जस्वित यथा

सुनि रन महँ तुव धनुपरव गे रिपु सागर पार ।
रिपुरानी बन बन फिरति तिन सों रमत गँवार ॥

यहाँ गँवारनिष्ट शृङ्गाररसाभास दैन्य सञ्चारीभाव को अङ्ग भयो ।

भावाभास तें ऊर्जस्वित यथा

ताहि अनूप बखानहीं सकल कविन के गोत ।
मुख-सरोज जाको निरखि सौतिनयन अलि होत ॥

यहाँ सपत्नीनिष्ट भावाभास शृङ्गाररस को अङ्ग भयो ।

समाहित

होत भाव जहँ समित तहँ भाव सान्ति उर आन ।
सो अँग है जहँ और को वहै समाहित जान ॥

यथा

आयो भ्रात लिवायबे निरखि उठी हरषाय ।
सुनि धुनि चातक की तबहिँ चली भाजि अकुलाय ॥

यहाँ हर्षरूप भाव शान्तित्रासरूप भाव को अङ्ग भयो ।

भावोदय

उदित होत ही भाव के भावोदय पहिचान ।
सोई अँग जहँ और को अलङ्कार वह मान ॥

यथा

तन मृगमद की बास तें समुझ अँधेरे माँह ।
तियहि लाय लिय हिय हरषि ब्रजरसिकन के नाँह ॥

यहाँ विबोधरूप भावोदय हर्षरूप भाव को अंग भयो ।

भावसन्धि

विरुधभाव द्वै को वहस भावसन्धि उर आन ।
होत सु अँग जहँ और को अलङ्कार तहँ मान ॥

यथा

रही धीर धरि लखि पियहि रिस उर मैं न समाति ।
भरि दृग आँसुनहीं कह्यौ रमे कहाँ तुम राति ॥

यहाँ परस्पर विरोधी धृति अरु अमर्षरूपभाव सन्धि विषादरूपसञ्चारीभाव को अङ्ग भयो अथवा शृङ्गाररस को अङ्ग भयो ।

अथ भावसाबल्य

पूरब पूरब के परहि होत जहाँ बहु भाव ।
भाव सबलता सों जु अँग पर को भूषन गाव ॥
धिक मुहि जु न पिय सों मिली वह बिहार की चोप ।
हाइ कहाऽब करौं सखी गयो न उर तें कोप ॥

यहाँ निर्वेदस्मृतिविषादचिन्तारूपभाव सबलता अमर्षरूप-सञ्चारीभाव को अङ्ग भयो अथवा अमर्षसहित भावसबलता विप्रलम्भ शृङ्गाररस को अङ्ग भयो ।

अथ अष्टप्रमाणालङ्कारेषु प्रत्यक्षअलङ्कारलक्षण

दोहा

पञ्च ज्ञानइन्द्रियन तें जहाँ वस्तु को ज्ञान ।
तहँ प्रत्यक्ष प्रमान सो अलङ्कार उर आन ॥

यथा

कर सरसिज अधरा मधुर मृदु बच सुखद सुबास ।
कुच कठोर जाके सु यह मिली तिया तजि त्रास ॥

नेत्रन सों यथा

हौं देखहुँ देखत सबै इकटक दृगनि सदाहिँ ।
साँचहु सुन्दर साँवरो लखै जोग व्रज माहिँ ॥

त्वचा सों यथा

तुव तन की सुकुमारता परसि नन्द को लाल ।
है कठोर सब सों कहत जु ही जुही की माल ॥

घ्रान सों यथा

सहज स्वास परिमल लह्यो जबही तें जु गुविन्द ।
राधा-मुख अरविन्द को तब ते भयहु मलिन्द ॥

श्रवन सों यथा

ए सखि सुभ-सारँग सहित मृदु मलार की तान ।
सुनि मुरली की धन्य धुनि सफल भये मो कान ॥

रसना सों यथा

तुव अधरन की मधुरई जब तें लही सुजान ।
तब तें हरि नहिँ आदरत सुभग सुधा को पान ॥

अथ अनुमानालङ्कार

सत्य हेतु के ज्ञान तें पच्छ माहिँ जिहि थान ।
अलख साध्य को ज्ञान तहँ है अनुमान प्रमान ॥

यथा

उर बिन-गुन के हार तें एहो नन्दकुमार ।
हौं जानत बीसहु बिसै तुम कहुँ कियो बिहार ॥

अथ उपमानालङ्कार

जु सादृश्य के ज्ञान तें अलग्व जु उपमित ज्ञान ।
होत जहाँ तहँ जानिये यह उपमान प्रमान ॥

यथा

इन्दीबर सों बर बरन मुख ससि की उनहार ।
धरे तड़ित सम पीतपट ऐसो नन्दकुमार ॥

अथ शब्दप्रमाणालङ्कार

जहाँ शब्द के ज्ञान तें शब्दबोध है जात ।
शब्दप्रमान सु जानिये अलङ्कार अबदात ॥

श्रुतिबच सुमृति पुरानबच आगमबच आचार ।
आतम तुष्टि बखानहीं सब्दहि में उर धार ।।

श्रुतिवाक्य सों शब्दप्रमाणालङ्कार यथा

बिन दृग देखत सबनि को सुनत सवै बिन कान ।
बिन पग सब थल सञ्चरत सु परमातमा जान ।।

स्मृतिवाक्य सों शब्दप्रमाण यथा

तारा अरु मन्दोदरिहु कुन्ती द्रुपद सुताहु ।
सु अहिल्या के सुमिरतहि पातक नसत महाहु ।।

आगम सों शब्दप्रमाण यथा

नवल बाल नँदलाल सँग निज विवाह के ताहि ।
आगम की विधि सों उमहि पूजति मन्दिर माहि ।।

आचार सों शब्दप्रमाण यथा

रीति यहै आगेहु तें चलि आई अभिराम ।
तिय कों लैन कह्यौ नहीं अपने पिय को नाम ।।

आत्मतुष्टि सों यथा

फरकि वाम दृग वाम भुज कहत यहै अलि आज ।
निरखि बसन्त विदेस तें हैं आवत व्रजराज ।।

अथ अर्थापत्ति—चौपाई

जिहि बिन जहँ कछु सिद्धि न होई ।
ताकी सिधि हित कलप न कोई ।।
करहि सु अरथापत्ति उचारो ।
अलङ्कार निज उर महँ धारो ।।

यथा

देवदत्त यह बहुत मुटानो ।
खात न दिन महँ एकहु दानो ।।

मोटो रहत है यहै प्रसिद्ध होइ कै राति भोजन करत है यह अरथ को ठहरायो राति कों न खातो होइ तौ मोटौ न होइ ।

अथ अनुपलब्धि—चौपाई

जहँ अभाव के ज्ञानहि माही ।
होत विसेष जु ज्ञान तहाँही ॥
अनुपलब्धि तहँ या विधि जानो ।
कवि बरनत यों करि अनुमानो ॥

यथा

नहि तेरे कटि सब कहत कुच थिति बिन आधार ।
इन्द्रजाल यह काम को लोक करत निरधार ॥

कटि नहीं है कटि अभाव तें देखबे मैं नाहीँ आवति है यह विशेष ज्ञान भयो ऐसे औरहू जानिये ।

अथ ऐतिह्य—चौपाई

जानै नहि यह किन की कही ।
चली आइ जे बातें सही ॥
वक्ता जबहिँ न जान्यौ जाइ ।
सो ऐतिह्य कहत कविराइ ॥

दोहा

पिय विदेश तें आइहैं जिय जिन धरै विषाद ।
नर जीवत सो सुख लहै ऐसो लोकप्रवाद ॥

जो जीयत है सो सुख पावत है या बात को प्रथम वक्ता नहीं जान्यौ जात है लोकप्रवाद कहैं लोक की कहनावत है ऐसी जगह लोकोक्ति न जानिये ।

अथ असम्भव

अधिक वस्तु मै करत जहाँई ।
थोर को ठहराव तहाँई ॥

भाषत हैं सम्भव सो ऐसे ।
कवि पण्डितन बखानी जैसे ॥

चौपाई

लखि तुव लोचन जन उर माहीं ।
कबहुँ काम सर लागत नाहीं ॥
ह्वैहै यों जड़ जीव महाही ।
याही विपुल जगत के माही ॥

जन के जे उर ते भये बहुत वस्तु तामै तुव लोचन लखे तें काम-सर को न लगिबौ भयो थोरो सो ठहरायो जगत भयो बहुत वस्तु ता में जड़ जीव भयो थोरो सोहू है यह ठहरायो ऐसे औरहू जानिये ।

अथ संसृष्टिसङ्कर—दोहा

तिल तन्दुल के न्याय सों है संसृष्टि बखान ।
नीर क्षीर के न्याय सों सङ्कर कहत सुजान ॥
जुदे जुदे जाने परैं सो तिल तन्दुल न्याय ।
जहाँ जुदे ना लखि परैं नीर क्षीर सो आय ॥

अथ शब्दालङ्कार संसृष्टि—यथा बिहारी

मार सु मार करी खरी डरी अरी अकुलाइ ।
हरि हरि यें बलि बिरह चलि मुख सुखमा दरसाइ ॥

यहाँ अनुप्रास यमक उपमा संसृष्टि

अथ शब्दार्थालङ्कार संसृष्टि भाषाभरणे यथा

विषम विषम सर विषम सर लगत लगत पल है न ।
आइ सुनाइ जिवाइये सुखद सुधा सम बैन ॥

यहाँ अनुप्रास अमक उपमा की संसृष्टि

यहाँ अनुप्रास यमक उपमा की संसृष्टि

लग्यो सुमन ह्वैहै सुफल आतप रोस निवारि ।
बारी बारी आपनी सीचि सुहृदता वारि ॥

यहाँ श्लेष कर्मकवाचक धर्म्मलुप्ता अथवा रूपक की संसृष्टि

अथ अर्थालङ्कार संसृष्टि भाषाभरणे यथा

वाके नामहि के सुने होत सौतिमुख मन्द ।
चख चकोर कीजे सखी लखि राधा-मुखचन्द ॥

यहाँ चपलातिशयोक्तिरूपक की संसृष्टि

अथ त्रिविधिसङ्कर—अँगअँगीभाव भाषाभरणे यथा

अलि ए उड़गन अगिनकन अङ्क धूमधुव धारि ।
मानहुँ आवत दहन ससि लै निज संग दवारि ॥

यहाँ रूपक उत्प्रेक्षा को अङ्ग है

यथा बिहारी

खल बढ़ई बल करि थके कटै न कुबत कुठार ।
आलबाल उर झालरी खरी प्रेम तरु डार ॥

यहाँ रूपक सो विशेषोक्ति उपजी सों कारन है काटिबे में कार्य्य न उपज्यो या तरह सों भी जानिये ।

अथ सन्देह तें सङ्कर भाषाभरणे यथा

यौं भूलत कोऊ कछू राखौ हियै सयान ।
भजौ मधुप तजि पदमिनिहिं जानि होत गत भान ॥

यहाँ प्रस्तुताङ्कुर गूढ़ोक्ति की सन्देह बिहारी तें यथा

कही हमारी चित्त धरौ तजौ लाल सब बात ।
नैनन कों सुख देत यह इन्दुबिम्ब सरसात ॥

काम को उद्दीपनकरनवारौ यहै काल है या बात कों बनाय कै एक तरह सों कहत है यातें पर्य्यायोक्ति है, इन्दुबिम्ब तें नायिका को मुख लियो यातें रूपकातिशयोक्ति है यहै सन्देह तें सङ्कर ।

अथ समप्राधान्यसङ्कर—भाषाभरणे यथा

बिमल प्रभा निज ससि तजी मनौ बारुनी पाइ ।
यह कारी निसि अङ्क मिस राखी अङ्क लगाइ ॥

यहाँ श्लेष तैं उत्थित समासोक्ति उत्प्रेक्षा की सम प्राधान्य सङ्कर है ।

पुनः बिहारी यथा

उर लीने अति चटपटी सुनि मुरली धुनि धाइ ।
हौं हुलसी निकसी सु तौ गयो हूल सी लाइ ॥

मुरली धुनि सुनिबो यह सुख को उद्यम कियो तासों भयो दुख याते विषम हुलसी जमक हुलसी सो उत्प्रेक्षा तौ यहाँ जमक उत्प्रेक्षा अनुप्रास विषमालङ्कार की प्रतीति तुरत नहीं होति है यह नीरक्षीरन्याय सों सम प्राधान्य सङ्कर ऐसे औरहु जानिये ।

———

5.—Sardar.

Sardar, though not so old as others in this collection, has a great name. He wrote commentaries on standard Hindi books, such as the *Kavipriyā* and the *Rasikapriyā*, and was also author of several poems such as, the *Hanumat Bhūshan* and others. His *Mānas-rahasya* is a book on *alankāras* and prosody illustrating them from the *Rāmāyan* of Tulsidas, and from this book we give a description of the *Arthālankāras* and some rules of versification. He was alive in 1940 V. E. (1883) and was court poet of the Maharaja of Benares.

मानसरहस्य

अथ शब्दालङ्कार

तहाँ प्रथम रीति लक्षण चमत्कारचंद्रिका से

दोहा

गौड़ी वैदर्भी कहत पुनि पंचाली जान ।
लाटी ओज प्रसाद पुनि माधुर्यहि की खान ।।

यह चारहूँ रीति में ओज प्रसाद माधुर्य ये तीनि गुन उपजत हैं जैसे भरत के मत में ध्वनिकाव्य आत्मा तैसे वामन के मत में रीत आत्मा ।

अथ गौड़ीलक्षण

यदि संजोगी वर्ण जहँ, होहिँ सुबड़ी समास ।।
छन्द बन्ध रचना करै, तहँ गौड़ी को वास ।।

याको परुषावृत्ति कहत हैं सो गौड़ी में मिलत है ।

अथ समासलक्षण

जो सो को करि लिये ते को में ओ नहि होय ।
यहै सु जाके अर्थ में लहि समास है सोय ।।

अथ समा[illegible]क्षण

जो सो को करि इत्यादि पद में शब्द समूह में नाही रहै है अर्थ कहत में जानी जाय है ।।

जो सो यथा

पीत झीन अँगुली तन सोहहि ।
पीत जो झँगुली सो तन में सोहै ।।

को यथा

राम गये बन प्रान न जाहीं
इहाँ राम बन को गये

करि यथा

"लोग प्रेमबस ।" इहाँ प्रेमकर बस जानी

के यथा

"रामहेतु ।" इहाँ राम के हेतु

ते यथा

"रामसुमुख निकसे वचन"
इहाँ राम मुख ते निकसे बचन जानिये इत्यादि

अथ गौडी ओजगुन यथा

कटकटाइ कोटिन भट गर्जहिं

वैदर्भीलक्षण

दोहा

कम समास कि समास नहि अच्छर सानुस्वार ।
नहि टवर्ग माधुर्ज गुन वैदर्भी उच्चार ॥

यथा

कङ्कन किङ्किनि नूपुर बाजहिं

अथ पञ्चालीलक्षण

गौड़ी वैदर्भी मिले, पंचाली है रीति ।
उपजत तहाँ प्रसाद गुन, सुकवि लखैं करि प्रीति ॥

यथा

सतानन्दपद बन्दि प्रभु हर्षे आसिष पाय ।
चलहु तात मुनि कहा तब, पठवा जनक बुलाय ॥
इहाँ नन्द बन्दि वैदर्भी अरु हर्षे पठवा गौड़ी या ते पञ्चाली

अथ लाटी

कोमल पद जहँ रहत है उपजत गुन परसाद ।

यथा

खञ्जन मंजुल तिरछे नयना ।
निज पति कह्यो तिनहि सिय सयना ॥

लाटी में कोमलावृत्ति अन्तर्भूत है । कोई रीति को शब्दालङ्कार अन्तर्भूत मानत हैं रीति को वृत्ति कहत हैं ।

अथ अनुप्रास-लक्षण

स्वरबिनु समता वर्नकी अनुप्रास है सोय ।

स्वर की समता होय वा न होय यह आग्रह नहीं वरनन की समता चाही ।

अथ छेकानुप्रासलक्षण

जहाँ सवर्न अनेक की इकबेर समता होय ताको छेका कहत हैं ।

यथा

अम्भोज-अम्बक अम्बु उमग सु अङ्ग पुलकावलि छई

इहाँ एक वर्न अकार बकार की एक बार समता है

अथ वृत्ति-अनुप्रासलक्षण

वृत्ति एक बहु बरन की, बहुबिर समता मान ।

यथा

चहत पुरानन में जिसो आनन देखो रूप ।
कही सुजानन जगत में, एक ईश्वरीभूप ॥

इहाँ एक नकार बहुबार आयो

अथ लाटालक्षण

अर्थसहित जहँ पद फिरै भावभेद तहँ होय ।
सो लाटानुप्रास है भाषत कवि सब कोय ।।

यथा

सानप्रसिद्ध कृपानप्रसिद्ध सुआनप्रसिद्ध प्रसिद्ध परायन ।
मानप्रसिद्ध जु दानप्रसिद्ध प्रसिद्ध सदा सरदार उपायन ।
शीलप्रसिद्ध सुडीलप्रसिद्ध सुसत्यप्रसिद्ध प्रसिद्ध सुभायन ।
ज्ञानप्रसिद्ध प्रवानप्रसिद्ध जु धामप्रसिद्ध प्रसिद्धनरायन ।।

अथ जमकलक्षण

जमक शब्द ओही रहै अर्थ जुदो है जाय ।

यथा

सुजस सरस द्विजराज ते कियो पाल द्विजराज ।
भूप ईश्वरीसिंह नित दाटत सिंहसमाज ।।

उदाहरन भूषननके, लिखे मिले जे आन ।
जो न मिले ते धरि दये, तुलसी भूषन जान ।।
पद पखारि जल पान करि, आप सहित परिवार ।
पितर पार करि प्रभुहि पुनि, मुदित गयो लै पार ।।
राम राम कहि राम कहि, राम राम कहि राम ।
तनु परिहरि रघुवरविरह, राउ गयउ सुरधाम ।।

अथ पिङ्गलरीति

प्रथमगन नाम

मगन नगन भनि भगन अरु, यगन सदा शुभ जान ।
जगन रगन सुनु सगन पुनि, तगन जु अशुभ बखान ।।

लक्षण

मगन तीन गुरु जानिये, नगन तीन लघु होय ।
भगन आदिगुरु, आदिलघु यगन कहैं सबकोय ॥
जगन मध्यगुरु जानिये, रगन मध्यलघु होय ।
सगन अन्तगुरु, अन्तलघु तगन कहै सब कोय ॥

अथ गनदेवता

मही देवता मगन को नाग नगन को लेखि ।
जल जा जानो यगन को, चन्द भगन को देखि ॥
सूरज जानो जगन को, रगन अगिनि महँ मानि ।
काल समुझिये सगन को, तगन अकाश बखान ॥

अथ गनफल

भूमि सुख, नाग आनन्द, मङ्गल चन्द, जलजा बुद्धिवृद्धि, सूरज सुख सोखै, अग्नि अङ्ग दाहै, काल देश उदास, अकाश सुन्न ।

अथ गनजाति

मगन नगन ये मित्र हैं, भगन यगन ये दास ।
उदासीन ज त जानिये, र स रिपु केशोदास ॥

अथ मात्राप्रस्तार

देहु प्रथम गुरु के तरे, लघु पुनि सम करि पाँति ।
उबरे गुरु लघु दीजिये, सब लघु लों या भाँति ॥

मात्रा नष्ट

पूरब क्रमते अङ्क दै, लिखि सब कला बनाय ।
शेष अङ्क में प्रगट पुनि, पूछो अङ्क मिटाय ॥
उबरे अङ्क जु पुनि वहाँ ता नीचे की मत्त ।
पर मत्ता लै होय गुरु, नष्ट कहै अनुरत्त ॥

नष्टउद्दिष्ट

अन्त अङ्क में गुरु शिर के अङ्क घटाइये जैसे एक इसमें तीन + आठ = ग्यारह गये दश रहे यह दशवां भेद ।

अथ मात्रामेरु-लक्षण

द्वै द्वै कोठा सम लिखहु, एक अङ्कता अन्त ।
आदि एक इक बीच दै, गनती करहु अनन्त ॥
शीश अङ्कता शीश के, परजुग अङ्क मिलाय ।
सूनो कोठा पूरियें, मत्त मेरु ह्वा जाय ॥

अथ मात्रापताकालक्षण

जै लकीर पताका ल्यावै ।
खण्डमेरु ताको अलगावै ॥
ताही संख्या कोठा करियें ।
नाम पताकापांती धरिय ॥

पुरु बजु अलसर अङ्क भिन्न लिखि देखियें ।
अन्त अङ्क इक अङ्क कोठ तेहि रेखिये ॥
तामे क्रमते इक इक अङ्क घटाइये ।
वा ढिग अध ते द्वितिय पँगति लिखि जाइये ॥
तृतिय पंगति में द्वै द्वै जोरि कमी करो ।
चौथि पँगति में तीन तीज चित में धरो ॥
इन भाँतिन प्रति पंगति इक बढ अङ्क जू ।
घटै पताका रूप लिखौ निरसंक जू ॥

मात्रामर्कटीलक्षण—दोहा

क्रम उदिष्ट गुन तीसरी, पादहीन भर चार ।
वह पद पञ्चम हान चौछठ ही भर निरधार ॥

अथ वर्णप्रस्तार—बरवा

गुर पहिले तर लघु धर सम करि पाँत ।
गुरते पूरन लघु लों लिखि या भाँत ॥

अथ वर्णनष्ट—दोहा

नष्ट वरन में भाग करि, सम भागनि लघु आन ।
विषम एक दै भाग करि, पुनि ता मै गुरु ठान ॥

सम बूझै तौ लघु दीजै विषम तौ गुरु इच्छा परजन्त गुरु ते पूरन कीजै

नष्टरूप अथ वर्णउद्दिष्ट—दोहा

लिखि पूछे पर अंकते, दून दून लिखि देइ ।
लघु सिर अङ्कनि जोरि के, एक मिला कहि देइ ॥

अथ वर्णमेरु—छप्पै

प्रथम जुगल पुनि तीन चार इमि कोठा कीजै ।
आादि अन्त दुहु अेार एक इक अंक धरीजै ।
शिखर अंक जुग जोरि बहुरि तर कोठा ठहिये ।
पंगति पंगति जोरि तासु ते भेद सुकहिए ।
तर अंत सकल लहु तासु उप विय एक गुर तीजे द्वि गुरु ।
जहँ अंक जैान तहँ तितिक गुर वरनसैल रचना सु कुरु ॥

रूप वर्णमेरु का पताका लक्षण

वरन पताका पहिलही, दै उदिष्ट क्रम अंक ।
पर अंकन भरिये बहुरि, लै पूरब के अंक ॥
पहिले ही जो पाइयै, तजियै ताही अंक ।
करि गिनती प्रस्तार की, जानि लेहु निरसंक ॥

अथ वर्ण मर्कटी

षट कोठा करि आदि क्रम सुगुन दूसरी पाँति ।
आदिहि सो गुन दूसरी, लिखिये चौथी पाँति ॥

चौथी की आधी पैंगति, एवइ छठइ होय ।
पचई चौथी को मिला, पांति तीसरी जोय ॥

वर्णमर्कटीरूप—अथ छन्द

श्रीछन्द आदि सब छन्द लिखे ग्रन्थ विस्तार होत अरु रामायन में प्रयोजन नाहीं । याते दोहा सोरठा चौपाई गीतिका को लच्छन लिखियतु है ।

दोहा

तेरह ते ग्यारा जहाँ, पुनि सो रीत निबाहि ।
सोई पिंगल के मते, दोहा छन्द कहाहि ।
अरु दोहा उलटे सोरठा होत है ॥

चौपाई लक्षण

सोरह मत्ता छन्द गति, रूप चौपई लेखि ।
पन्द्रह सै सत्तानवे, जानो भेद विशेषि ॥

गीतिका लक्षण

अट्ठाइस में गीतिका आदिक कह्यो फनीस ।
पाँच लाख चौदह सहस द्वैसे पर उनतीस ॥

॥ इति ॥